# 1

# अभिव्यंजनावाद का इतिहास

भाव की तीव्रता भाषा की सस्वरता मे, सघनता शक्तिमत्ता मे और विशदता प्राञ्जलता मे स्फुट होती हैं। यह सत्य भाव और भाषा के अभेद की ही प्रतिष्ठा करता है। सामान्य व्यक्ति के लिए जो मनोवेग-मात्र हैं, जिन्हे कि वह वाणी मे मुखर करने मे असफल है, वही कवि के सुरीले भाव हैं। एक अंग्रेज विद्वान का कथन बिल्कुल ठीक है कि कवि भावाभिव्यञ्जना के लिए शब्द ढूंढने नही जाता, वरन् उसके भाव उन शब्दों में ही रहते हैं, जो कविता बनकर फूट निकलते हैं। ऐसा क्यो होता है ? इसके उत्तर मे कवि की प्रतिभा और उसकी साधना या अभ्यास का ही नाम लेते हैं।

भाषा और भाव मे, कलापक्ष और भावपक्ष मे अभेद होने पर भी आलोचक उनका अलग-अलग विवेचन करते हैं। यह केवल सुविधा की बात है। वैसे तो साहित्य एक अखड सृष्टि है और उसे शीर्षक और उपशीर्षको के कटहरों मे बाँधकर सजाना अवैज्ञानिक है, किन्तु साहित्य मे सरल अध्ययन के लिए इसके अतिरिक्त और उपाय भी क्या हैं ? कौन यह मानने को प्रस्तुत न होगा कि साहित्य के चारो तत्त्वो— भाव, कल्पना, शैली और विचार—की सीमाएं भौगोलिक सीमाओ सी निर्दिष्ट नही है।

## 'पल्लव' की भूमिका

'पल्लव' की भूमिका मे कवि ने स्वय ही काव्य के बहिरग पर अपने विचार अत्यन्त काव्यात्मक शैली मे प्रकट किए हैं। पन्त की अभिव्यञ्जना-पद्धति की सम्यक् आलोचना करने के लिए उनका सामान्य ज्ञान अनिवार्य है। नीचे उन्हे सक्षेप में प्रस्तुत किया जाता है—

(क) भाषा का सामान्य विवेचन—भाषा के सामान्य विवेचन मे कवि ने

शब्द और अर्थ के अभेद की ओर तथा युग की चाल के अनुसार भाषा की प्रगति की ओर सकेत किया है। इसमे से पहली बात ऊपर पल्लवित की जा चुकी है। रही दूसरी बात, सो भाषा एक सामाजिक सस्था है। समाज के सास्कृतिक और राजनैतिक परिवर्तन के साथ-साथ भाषा की शक्ति, वाक्य विन्यास, शब्दकोष आदि मे परिवर्तन हुआ ही करता है। इसका विस्तृत विवेचन भाषा-विज्ञान की पुस्तको मे मिलेगा।

इसके पश्चात् कवि ने ब्रजभाषा और खडी बोली के विरोध एव खडी-बोली की आपेक्षिक श्रेष्ठता का प्रतिपादन किया है। पन्त के अनुसार ब्रजभाषा मे कविता करने मे दो दोष हैं। प्रथम यह कि ब्रजभाषा मे खडी बोली जैसी शक्ति नही है। वह निष्प्राण है और इसी कारण उसमे विभिन्न विषयों का कलात्मक स्फुरण असम्भव है। द्वितीय, यह एक बडी विडम्बना होगी यदि हम सोचें और बोलें एक भाषा मे तथा लिखें दूसरी भाषा मे।

(ख) **कविता की भाषा की योग्यता**—इसके अतिरिक्त कवि ने कविता की भाषा के काव्य गुणो के विषय मे भी अपना मत प्रकट किया है।

कविता की भाषा का प्राण राग है। राग का अर्थ है शब्दो का पारस्परिक आकर्षण या सामरस्य। कविता का प्रत्येक शब्द अपने साथी के लिए अजनबी न हो, वह अपनी सत्ता सबसे अलग न दिखाता हो, वह अन्य शब्दो के स्वर और सामर्थ्य मे घुल-मिल कर एक प्राण हो जाए। एक ही अर्थ को प्रकट करने वाले अनेक शब्द होते हैं। किन्तु प्रस्तुत के वर्णन मे उनमे से किसका चयन करना होगा, यह अन्य शब्दो से उसके सामरस्य और भाव से उसके स्वरैक्य पर अवलम्बित होगा। कवि ने ऐसे अनेक उदाहरण दिए हैं, जिनमे पर्यायवाची शब्दो से भी वह भिन्न-भिन्न गुणो से युक्त अर्थ का बोध करता है। 'अनिल' मे उसे कोमल शीतलता का अनुभव होता है, और 'वायु' में निर्मलता और लचीलेपन का, 'प्रभञ्जन' शब्द करता हुआ, वालू-पत्रो को उडाता ले चलता है, 'श्वसन' मे सनसनाहट है, 'पवन' मे कवि को ऐसे लगता है जैसे हवा रुक गई हो, 'समीर' लहराता हुआ बहता है।

कविता के लिए चित्र भाषा और चित्र राग की अपेक्षा होती है। चित्र-भाषा से कवि का अभिप्राय उस भाषा से है जिसका प्रत्येक शब्द सस्वर हो।

उसका अर्थ उसमे से वैसे ही फूट पडता हो, जैसे सेव की लालिमा बाहर छिटक पडती है। किन्तु शब्द की अर्थोद्‌बोधन की इस शक्ति को परख के लिए कवि का हृदय चाहिए। सामान्य पाठक इसे न देख पाएगा। किन्तु यह शक्ति पाठक को प्रभाव की सघनता मे लय कर देगी। पाठक के लिए इसकी यही उपयोगिता है।

भाव और भाषा के सामजस्य को ही कवि चित्र-राग कहता है। वस्तुत. चित्र-भाषा और चित्र-राग मे कोई भेद नही। विवेचन मे भेद इसलिये पड जाता है कि चित्र-भाषा में कवि प्रत्येक शब्द और उसकी निजी शक्ति के सामरस्य की बात कहता है और चित्र-राग मे भाषा और भाव के समय स्वरैक्य की ओर दृष्टिपात करता है।

भाषा का ऐसा ही विवेचन सस्कृत के प्राचीन आचार्यो द्वारा प्रतिपादित गुण (माधुर्य्य, ओज और प्रसाद) तथा रीति (वैदर्भी, गौणी, पाचाली) के सामजस्य मे मिलता है।

कविता के लिये अलङ्कार वहा तक आवश्यक है जहाँ तक वह विषय को उदात्त रूप मे प्रकाशित करने के लिये सहायक हो। कविता-कामिना के लिये अलङ्कार भार-स्वरूप नही, हार-स्वरूप हो।

खडी-बोली की कविता के लिये कवि के अनुसार मात्रिक छन्द ही अधिक उपयुक्त हैं। काव्य-सगीत के माधुर्य को सजाने के लिये उक्त छन्द एक प्रधान साधन हैं। इसके अतिरिक्त स्वर ही काव्य-सगीत के 'मूल तन्तु' हैं। व्यजनो का सगीत मे कोई विशेष महत्त्व नही है। तुकान्त कविता का सगीत विशेष मोहक होता है। अनुकान्त कविता मे माधुर्य की मोहिनी नही, 'कर्म का वेग' मिलता है। मुक्त छन्द वही सफल है जो लय मे नियन्त्रित हो।

## छायावाद

कवि की कलापक्ष सम्बन्धी मान्यताओ को सक्षेप मे स्पष्ट करने के पश्चात् कवि के छायावादी रूप पर विचार करेंगे।

छायावाद की परिभाषा और स्वरूप के विषय में बडा भारी मतभेद है। किन्तु उन सब मतो का साङ्गोपाङ्ग ब्योरा देना इस पुस्तक की सीमा से बाहर

नयन करते नीरव भाषण" (स्नेह)

(व्याख्या के लिये देखिये टीका)

(५) मानवीकरण ("चांदनी कविता)

(६) अन्योक्ति ("पतझर" कविता)

× × ×

## अलङ्कार

पन्त की कविताओ मे अनेक अलङ्कारो का अत्यन्त काव्योचित प्रयोग हुआ है। सबका गिनाना यहाँ लक्ष्य नही है। केवल सागरूपक अलङ्कार के प्रयोग के विषय मे कुछ कहना है।

प्राय सभी आधुनिक कवियों में यह देखा जाता है कि अलङ्कारों के प्रयोग में भी वह शास्त्रीय-नियमो का उल्लघन करते हैं। दूर तक चलने वाले अलङ्कारो में सागरूपक मुख्य है। किन्तु इसका आद्योपान्त सफल निर्वाह आधुनिक युग के कवियो में वहुत कम मिलता है। कभी उपमा से आरम्भ करके वीच में रूपक का रूप खडा कर देते हैं, और कभी आरम्भिक सागरूपक को अन्त में उपमा या उत्प्रेक्षा में विगाड डालते हैं।

उदाहरण के लिए—

'रगीले-गीले फूलो—मे
अधखिले भावो से प्रमुदित
बाल्य-सरिता के कूलो मे
खेलती थी तरङ्ग-सी नित।"

पहली दो पक्तियो मे उपमा है, 'बाल्य-सरिता' में 'रूपक' और 'फूलों' में रूपकातिशयोक्ति।

इसी प्रकार—

"खेच ऐचीला भ्रू-सुरचाप—
शैल की सुधि यो बारम्बार—
हिला हरियाली का सुदुकूल,
झुला झरनो का झलमल हार

प्रथम पक्ति का रूपक बाद म 'का' जोड देने मे खण्डित हो जाता है। यह तथ्य कवियो की स्वच्छन्दता की प्रवृत्ति का द्योतक है।

अब साम्य मूलक अलकारो पर थोडा सा विचार करेंगे। साम्य तीन प्रकार का हो सकता है। रूप या आकार का साम्य सादृश्य कहलाता है। गुणो का साम्य साधर्म्य कहलाता है और तीसरा है शब्द-साम्य जैसा कि श्लेष मे मिलता है। साधर्म्य के आधार पर खडे किए गए अलकारो मे अनुभूति की तीव्रता मिलती है। किन्तु विशुद्ध सादृश्य को लेकर चलने वाले अलङ्कारो मे प्राय अनुभूति का अभाव रहता है। पन्त ने जहाँ साधर्म्य को आधार बनाया है, वहाँ कल्पना बहुत रसीली हो गई है। जहाँ कवि की दृष्टि अनुभूति की ओर नही रही और वह आकार साम्य पर चलने वाली कल्पना में उलझ गया है, वहाँ प्रभाव भी क्षीण हुआ है और दुरूहता भी आ गई है। उदाहरण के लिए चाँदनी को 'शब्द मुक्त शुचि आशय' या "एक अनन्त प्रतीक्षा" आदि कहना। यहाँ कवि केवल चाँदनी की नीरवता का वर्णन करने के लिये ये अप्रस्तुत लाता है जिनमे मूकता है। कि तु प्रस्तुत-अप्रस्तुत मे प्रभाव-साम्य नही है। फलस्वरूप ये कल्पनाए नीरस और दुरूह हो गई है।

## विकास

समय परिवर्तन के साथ-साथ चेतना की साधना के अनुरूप ही मनुष्य के दृष्टिकोण मे अन्तर होता जाता है। पन्त अपने युग की सभी विचार-धाराओ से प्रभावित हुए हैं। इस प्रभाव का विस्तृत विवेचन आगे किया जायगा। यहाँ केवल यह देखना है कि विचार-जगत के विकास के साथ-साथ कवि के कलापक्ष मे क्या अन्तर आया है

"वं णा" मे छायावादी शैली के कुछ नैसर्गिक प्रयोग पाए जाते है किन्तु वे बहुत कम है—'चपला-चुम्बित अभिवादन' आदि। उनका चरम विकास 'पल्लव' मे पाया जाता है। 'ग्रन्थि' मे एक कथा-धारा चलती है। अत उसमे कई छन्द ऐसे हैं जो अपने अन्वित रूप में अलकृत गद्य के नमूने बन जाएँगे।

उदाहरण के लिए निम्न पक्तियाँ देखिए—

इन्दु पर, उस इन्दु मुख पर, साथ ही
ये पडे मेरे नयन, जो उदय से,

लाज से रक्तिम हुए थे—पूर्व को
पूर्व था, पर वह द्वितीय अपूर्व था।'

यदि "थे पडे मेरे नयन" का 'मेरे नयन पडे थे' करके अन्वय कर दिया जाए तो यह चारों पंक्तियाँ काव्यात्मक गद्य का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन जाएँगी। इसका पहला प्रधान कारण तो यही है कि 'ग्रन्थि' में एक कथा चलती है और दूसरी यह कि अभी कवि की साधना विकासगामी है।

विशेष रूप से 'पल्लव' की कविताओ मे (आँसू, उच्छवास, पर्वतप्रदेश मे पावस आदि मे) एक ही कविता में कवि ने विभिन्न मात्रा वाली पंक्तियाँ रखी हैं। यथा—

नवोढा बाल—लहर
अचानक उपकूलो के
प्रसूनो के ढिग रुक कर
सरकती है सत्वर।

मात्राओ के घटाने-बढाने का मुख्य प्रयोजन है वर्ण्य-वस्तु का चित्र उद्भासित करना। ऊपर के छन्द मे प्रथम तीन पंक्तियो को पढते समय जिह्वा को ठहराना पडता है—मानो लहर ठहरी हुई हो। अन्तिम पंक्ति उसी शीघ्रता से पढी जाती है जिस शीघ्रता से लहर सरकती है। इसमे सन्देह नही है कि ऐसे प्रयोग अत्यन्त कलात्मक हैं और पंत को इनमे विशेष सिद्धि प्राप्त है।

"पल्लव" तक कवि का विषय रहा प्रेम। उसका ध्यान अन्य विषयो पर बहुत कम गया। 'गुञ्जन' मे भी प्रधान विषय तो प्रेम ही रहा किन्तु "तप रे मधुर-मधुर मन" "प्रार्थना" आदि कविताओ मे कवि की दृष्टि जीवन की ओर गई तथा 'एक तारा' एवं 'नौका विहार' मे दर्शन की भी छाया है। विषय परिवर्तन के साथ-साथ शैली में परिवर्तन होना स्वाभाविक था। भाषा में क्षिप्रता और माधुर्य के साथ-साथ शक्ति, गम्भीरता और संयम भरने की भी आवश्यकता हुई। छायावाद का गहरा रंग हल्का हो गया। 'युगान्त' मे और अधिक हल्का हुआ। 'युगवाणी' और "ग्राम्या" तक आते-आते प्राय समाप्त हो गया।

पन्त के काव्य-विकास मे छायावाद के ह्रास का कारण था कवि का

मानव-क्षेत्र में प्रवेश। "आधुनिक कवि" की भूमिका मे कवि ने स्वय स्वीकार किया है कि छायावादी काव्य की शैली मे जीवन की विविधता को मुखर करने की शक्ति नही थी। छायावादी शैली से हो नही कवि अलकारो से भी पराङ्मुख होने लगा। "नवदृष्टि' (युगवाणी) मे वह कहता है—

"खुल गए छन्द के बन्ध, प्राम के रजत पाश,
अब गीत, मुक्त, औ' युगवाणी बहती अयाम।

और वाणी (ग्राम्या) मे—

तुम वहन कर सको जन मन मे मेरे विचार।
वाणी मेरी चाहिए तुम्हें क्या अलकार॥"

कवि की व्यक्तिगत प्रेम की पीर छूट गई, छायावादी कोमल शैली छूट गई इतना ही नही भाव और अलकार भी छूट गए। कवि विचारशील वन गया, कविता मे विचारो को बाँधने की उत्सुकता हुई। अलकार के भार को हटाने की इच्छा हुई।

कवि अपनी वाणी को न तो पूर्णरूप मे विचारो मे भर सका और न ही पूर्णरूप से अलकारो मे खाली कर सका। 'ग्राम चित्र' आदि कविताओ में भाव भी मिलते हैं। और तो क्या 'वाणी' की पांचवी और छठी पक्तियों मे ही अलङ्कार का बहुत सुन्दर प्रयोग हुआ है—' शब्द के पख मार कर सको सुदूर नमो नभ मे जन के विहार।'

इतनी ही नही ग्राम्य मे ही 'ग्राम चित्र' के आरम्भ मे प्रकृति का मानवीकरण मिलता है। याद और गगा' मे छायावादी शैली के प्रयोग मिलते हैं। किन्तु यह सत्य है कि अधिकाश रचनाएँ जन-भाषा और जन-कल्पना के पास ही पास हैं।

ग्राम्या के पश्चात् कवि का जीवन सम्बन्धी दृष्टिकोण फिर बदलता है और शैली मे भी परिवर्तन होता है। ऐश्वर्यशाली प्रतीक योजना खडी की जाती है। मानव के हृदय जगत का सूक्ष्म चित्रण किया जाता है। 'उत्तरा' तक आते आते शैली बिल्कुल बदल गई है। यह निस्सकोच कहा जा सकता है कि 'उत्तरा' की शैली 'पल्लव' की शैली की अपेक्षा अधिक सशक्त, सूक्ष्म और साकेतिक है। ऐसा विषयानुरूप ही है।

# 2

# प्रकृति की काव्य रचनाएं

प्रकृति एक विशद चिरतन काव्य है। पत के लिए इस प्रकृति-काव्य का रूप भी सौन्दर्य है और प्राण भी। प्रकृति का स्थूल सौन्दर्य कवि हृदय की सुषमा मे मिल एक प्राण हो जाता है। और तब यह जानना कठिन हो जाता है कि हृदय ने प्रकृति से क्या लिया और क्या दिया।

प्रकृति के साथ पन्त का घनिष्ठ सम्बन्ध बचपन मे ही रहा। उसके सौन्दर्य ने सरल बालक—बाद के कवि—को मुग्ध किया, उसकी विशदता ने उसके हृदय पर गहरी छवि अङ्कित कर दी, उसके व्यापारो ने कवि को अपने में लीन करने के लिए उकसाया। पन्त की चेतना घन्टो तक प्रकृति की सुषमा-जाली मे उलझी रहती थी। उसके रूप ने चेतना पर एक अमिट प्रभाव छोडा जो कवि की रचनाओं में सौन्दर्य की रजत-राशि के रूप में बिखर गया।

प्रकृति के रूपो से भी अधिक कवि प्रभावित हुआ उसके व्यापारो से, जिन्होने उनके हृदय को प्रकृति की सजीवता का मूक सन्देश दिया। कवि प्रकृति को अपने से अलग विशिष्ट सत्ता मे साकार एक नारी के रूप मे देखने लगा। प्रकृति मे तादात्म्यानुभूति की सरल कामना भी कई पक्तियों में प्रतिबिम्बित हुई। वहाँ कवि अपने को भी नारी के रूप मे देखता है। 'वीणा' मे यह प्रकृति बहुत स्पष्ट है जहां सर्वत्र कवि ने अपने को एक अबोध बालिका के रूप मे चित्रित किया है। कवि को यह मानने में कोई सकोच नही कि प्रकृति-प्रेम ने जहां कवि के हृदय मे सहृदयता की ज्योति बिखेरी, वहाँ उसे जन जीवन से पराङ्मुख भी कर दिया।

प्रकृति का चित्रण तीन रूपो मे किया जाता है—आलम्बन रूप में, उद्दीपन रूप मे और अलकार रूप में।

( १ ) **आलम्बन रूप**—इधर कुछ विद्वानों ने इस मत का प्रतिपादन

किया है कि प्रकृति का चित्रण आलम्बन रूप से किया ही नही जा सकता। क्या यह सच है ? इसका उत्तर प्राप्त करने के लिए हमे काव्य-क्षेत्र के दूसरे पहलू जीवन-क्षेत्र के अनुभव को परखना होगा। जीवन और काव्य एक चेतना के दो पहलू हैं। दोनो मे ही चेतना का उतार-चढाव प्रकाशित होता है। जीवन के नित्य अनुभव में हम किसी हँसते हुए फूल को देखकर लहलहा उठते हैं, झाड-झखाडों को देखकर बुद्धि मे भी अस्पष्ट उलझनें पड जाती हैं, मेघ-गर्जन मे भय या उत्साह का उद्रेक होता है। यहाँ क्या प्रकृति के विविध रूप ही हमारे भावो को जगाने वाले कारण नही हैं, यदि हैं तो काव्य क्षेत्र मे भी प्रकृति का आलम्बन रूप मे ग्रहण योग्य है, योग्य ही नही स्पृहणीय भी है। जो तथ्य जीवन मे सत्य है, वह कल्पना मे भी सत्य है।

अब दूसरा प्रश्न यह उठता है कि क्या पन्त ने प्रकृति का आलम्बन रूप मे चित्रण किया है ? प्रस्तुत सग्रह का प्रथम कविता 'मोह' मे कवि स्पष्टत प्रकृति-प्रेम को नारी के मोह मे श्रेष्ठ बतलाता है और उसी मे लीन होने की कामना करता है। किन्तु अन्य रचनाओ में ऐसा नही है। "पवत प्रदेश मे पावस" मे पावस ऋतु का वर्णन आलम्बन स्वरूप कहा जा सकता है। "आँसू से भो" "द्विरद दन्तों से उठ ऊपर"—आदि छन्द भी प्रकृति के आलम्बनत्व को स्वीकार करते दिखाई देते हैं। किन्तु हम इन वर्णनो को शुद्ध आलम्बन स्वरूप चित्रण नही मान सकते। "पर्वत प्रदेश मे पावस" का अन्तिम छन्द और "आँसू" के कई छन्द प्रकृति की गौणता का स्पष्ट प्रतिपादन करते हैं। इन दोनो कविताओ मे प्रकृति प्रेम मे वियोगी का प्रेम उसी प्रकार घुला-मिला हुआ है जिस प्रकार कण्ठ स्वरो में वीणा की मधुर झकार। इस प्रकार दोनो एक दूसरे के पूरक भी हैं। किन्तु साथ-ही-साथ कवि की मनोवृत्ति का भी पूर्ण परिचय देते हैं। कवि को प्रकृति से अगाध प्रेम है, किन्तु वह अपने वियोगी हृदय को कहाँ छिपा दे ? वह भी बीच-बीच में कूक उठता है। अत यह सिद्ध है कि कवि को प्रकृति से अनन्य प्रेम है, उसने उसकी विशदता का सूक्ष्म पर्यावलोचन किया है, किन्तु वह उसके मृदुल ऐश्वर्य मे हृदय के वियोग को पूर्णत भुला नही पाया।

"झझा मे नीम", "चाँदनी" आदि रचनाओं का विवेचन आगे किया जायेगा।

यथा—'मेरा पावस ऋतु सा जीवन' आदि ( "आँसू"—से ) यह मानव हृदय और प्रकृति-व्यापार का साधर्म्य हुआ।

(३) अलकार रूप—प्रस्तुत की विशद एव गम्भीर अभिव्यक्ति के लिए कवि अप्रस्तुत विधान करते आये हैं। "मेरा पावस ऋतु सा जीवन" वाला चित्र प्रकृति का अलकार रूप मे सुन्दर प्रयोग है। किन्तु प्रकृति से अप्रस्तुत-चयन केवल प्रेम विषयक कविताओ मे ही नही अन्य विषय वाली कविताओ मे भी किया जाता है। प्रसाद का "मधुमय वसन्त यौवन वन के" वाला विशद-सूक्ष्म चित्र एक ऐसा ही चित्र है।

(४) पृष्ठभूमि के रूप मे—पृष्ठभूमि के रूप में प्रकृति चित्रण 'एक तारा', 'नौका विहार' आदि कविताओ के पूर्व मिलता है। इस प्रकार का सजीव वर्णन कविता की शक्ति को ऊजस्वित करने मे सुतरा सहायक होता हैं। 'एक तारा' का आरम्भिक प्रकृति-चित्रण, कविता के प्रतिपाद्य-विषय की गभीरता को कला के आवरण मे प्रस्तुत करके, पाठक के हृदय को एक सहज गति दे देता है, जो दार्शनिक तथ्यो को आत्मसात कर लेती है।

'ग्राम चित्र' नामक एक ही कविता मे हमे दो प्रकार का प्रकृति-चित्रण मिलता है। यहाँ 'डोलती वायु म्लान' आदि द्वारा कवि गाँव की करुण दशा के चित्रण को अधिक सशक्त कर देता है। और बाद मे 'यह रवि राशि का लोक, जहाँ हँसते समूह में उडगण' आदि पक्तियों में विषय-चित्र प्रस्तुत कर पाठक को मर्माहत कर देता है।

(५) रहस्य सकेत—शुक्ल जी के अनुसार चिन्तन के क्षेत्र मे जो अद्वैत-वाद है, भावना के क्षेत्र में वही रहस्यवाद है। किन्तु एक बात ध्यान में रखनी आवश्यक है—अद्वैतवाद का एक ही रूप हो सकता है, उसके लक्ष्य-मुक्ति में क्रम नही है। किन्तु रहस्यवाद के अनेक स्वरूप हो सकते हैं। व्यक्त अखण्ड सत्ता का धूमिल आभास भी रहस्यवाद हैं, और आत्मा-परमात्मा का मिलन परिरभण भी रहस्यवाद। पन्त में हमें प्रथम स्वरूप दृष्टिगोचर होता है। ( देखिए मौना-निमन्त्रण )। प्रकृति के विभिन्न दृश्यो से कवि को एक अव्यक्त सकेत मिलता है। किन्तु वह उसे समझ नही पाता। शुक्ल जी की परिभाषा मे दार्शनिक दृष्टि से एक दोष भी है। अद्वैत भाव का विषय नही हो सकता।

छायावाद-रहस्यवाद के विरुद्ध कुछ आलोचको ने एकागी नारा उठाया। उनके अनुसार ऐसा काव्य पलायन-प्रवृत्ति का प्रकाशन है, कायरता और भीरुता का परिचायक। इस समस्या को सुलझाने के लिए हमें एक बार फिर जीवन-क्षेत्र मे उतरना पड़ेगा। क्या प्रकृति के अनन्त सौन्दर्य को देख हमे उसमे किसी अव्यक्त सत्ता का हास-उल्लास दिखाई नही देता ? क्या हम उसी से सन्तुष्ट रहते हैं जो हमारी इन्द्रियो की पकड मे आता है ? यदि हम ईमानदारी से सोचें तो हमे एक नही अनेक ऐसे क्षण मिलेंगे जिनमे हमारा मन दृश्य से उचाट हो जाता है। और इस अनासक्ति का कारण होता है दृश्य से असन्तोष। हम केवल रोटी-कपडा ही नहीं चाहते। इसमे अधिक भी कुछ चाहते है। यह 'अधिक कुछ' ही ऊर्ध्वतल की सीमा है जिसका अन्तिम छोर भाव या बुद्धि की चरम साधना से एकरस है।

(६) **दार्शनिक सत्यो की उद्भावना**—जब मानव मन इस स्थूल दृश्य जगत से असन्तुष्ट होता है, जब वह अपने अन्तरग की ओर झाँकता है, तो उसे एक नई अनुभूति का आभास होता है, जो स्थूल नही सूक्ष्म है, जो जड़ नही आत्मिक है।

अपने देश मे अनेकानेक दार्शनिक मत रहे जो चिंतको की आत्मिक अनुभूति पर आश्रित हैं। कवियो ने किसी न किसी दार्शनिक मत को काव्य मे ग्रहण कर स्वीकृति दी है। दर्शन और काव्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है। काव्य जीवन की भावात्मक व्याख्या है। दर्शन जीवन की विचारात्मक व्याख्या है। काव्य और दर्शन को परस्पर बाँधने वाला जीवन ही है। पन्त मे जो दर्शन मिलता है उसका उद्देश्य समाज-जीवन का उत्कर्ष है।

विविध दार्शनिक ग्रन्थो मे भी उपनिषद् का सूक्ष्म-गहन चिंतन अधिकाश मनीषियो को आकर्षित करता रहा है। कवि पन्त भी उपनिषदो से प्रभावित रहा है। "एक तारा" और "नौका विहार" मे इसका स्पष्ट सकेत है। "एक तारा" की अन्तिम दो पक्तियाँ हैं—

"जगमग-जगमग नभ का आँगन लद गया कुन्द कलियो से घन,
वह आत्म और यह जग-दर्शन।"

इनमे "एकोऽहं बहुस्याम" का स्पष्ट प्रभाव है। यह पंक्तियाँ सम्पूर्ण कवि को एक अन्योक्ति का रूप दे देती हैं।

इसी प्रकार 'नौका विहार' के अन्त मे, यह ससार क्रम भी नौका-विहार सदृश वर्णित है।

प्रकृति के दृश्यो से सनातन सत्य को इस प्रकार सकेतित करना कल्पना की व्युत्पन्नता एव चिन्तन की विशदता का परिचायक है। पाठक उन्हे पढकर चमत्कृत हो उठता है। यह एक अत्यन्त परिष्कृत एव भावात्मक पद्धति है।

(७) **मानवीकरण**—यह ऊपर कहा जा चुका है कि कवि ने प्रकृति को अपने से अलग सजीव सत्ता वाली एक नारी के रूप मे देखा है। इस दृष्टिकोण का कारण है प्रकृति के व्यापारो का मानवीय क्रिया-कलापो से साम्य। मानवीय रूपो और व्यापारो की पृष्ठभूमि पर प्रकृति के रूपो और व्यापारो का साक्षात्कार करना-कराना ही प्रकृति का मानवीकरण कहलाता है। उदाहरण के लिये 'चाँदनी' या 'लहरो का गीत' आदि कविताएँ दी जा सकती हैं। कवि चाँदनी को 'नभ के शतदल' पर बैठी हुई नायिका के रूप मे देखता है।

यह सत्य है कि आधुनिक काव्य मे मानवीकरण की यह प्रवृत्ति प्रधानत पश्चिम के प्रभाव से आई है किन्तु हमारे साहित्य-शास्त्रियो ने मानवीकरण से मिलते-जुलते एक अलकार का उल्लेख किया है जिसका नाम है समासोक्ति। अब हमे देखना यह है कि समासोक्ति और मानवीकरण मे क्या भेद है और क्या समानता है। साहित्यदर्पणकार ने समासोक्ति का यह परिभाषा दी है—

समासोक्ति समैर्यत्र कार्यलिङ्गविशेषणैः।
व्यवहारसमारोप प्रस्तुतेऽन्यस्य वस्तुन ॥

(जहाँ प्रस्तुत मे समान व्यापार और लिग वाले विशेषणो द्वारा अप्रस्तुत वस्तु का आरोप किया जाता है, वहाँ समासोक्ति अलङ्कार होता है।) चाँदनी कविता मे भी हमे प्रस्तुत चाँदनी मे अप्रस्तुत नायिका का आरोप दिखाई देता है। इस दृष्टि से देखने पर समासोक्ति और मानवीकरण मे कोई भेद नही दिखाई देता।

पन्त मे ही नही अन्य आधुनिक कवियो मे भी ऐसे वर्णन मिलते हैं जहाँ मानवीकृत प्रकृति-वर्णन मे प्रस्तुत की अपेक्षा अप्रस्तुत—मानवीय रूप एव व्यापार ही अधिक मुखर हो उठे हैं। प्रस्तुत उनमे दब जाता है। ऐसे स्थलो मे समासोक्ति का उपर्युक्त लक्षण पूर्णत घटित नही होता। किन्तु यह आधुनिक कवियो की स्वच्छन्द प्रवृत्त का ही परिणाम है जिसक. ओर पीछे (सागरूपक के विवेचन मे भी) सकेत किया गया है।

उदाहरण के लिए 'चाँदनी' कविता के प्रथम दो छन्द लोजिए।

नीले नभ के शतदल पर,
वह वैठी शारद-हासिनि,
मृदु करतल पर शशि-मुख धर
नीरव, अनिमिष एकाकिनि।
वह स्वप्न-जडित नत चितवन
छू लेती अग-जग का मन,
श्यामल, कोमल चल चितवन
जो लहराती जग-जीवन।"

इस वर्णन मे प्रस्तुत पक्ष—चाँदनी का वर्णन—गौण पड गया है और अप्रस्तुत पक्ष—नायिका के स्वरूप ने—उसे दवा लिया है। प्रथम छन्द के पढते समय पाठक के नेत्रो के सामने चांदनी का चित्र नही, नायिका का ही चित्र आता है। उस चित्र की कल्पना किए विना वह चांदनी तक पहुँच ही नही सकता। और दूसरे छन्द मे तो प्रस्तुत और भी अधिक धूमिल हो गया है। 'चितवन' का कोई स्वरूप हमे चाँदनी मे नहीं मिलता। केवल उसके प्रसार भार को ही चितवन मान लेना पडता है। स्पष्टत. यहाँ कवि की कल्पना नायिका मे उलझी हुई है। ऐसे स्थलो पर चित्र की धूमिलता के साथ-साथ प्रभाव-हीनता एव दुरूहता आ जाती है। "लहरो के गीत" का पाठक पहली वार तो भौचक्का रह जाता है क्योंकि वहाँ कवि लहरो का नही मुग्धा नायिका के रूप-व्यापार पाठक के सामने रख रहा है। यदि कवि को मानवीय व्यापार का वर्णन करना ही अभीष्ट है तो उसे इस प्रकार प्रकृति की खोल मे न रखना ही उचित है।

यह तो हुई मानवीकरण की बात । इसके अतिरिक्त प्रकृति को रूप मे वर्णन करने के लिए उपमा, उत्प्रेक्षा और रूपक का भी सहा जाता है । 'बादल' कविता मे 'फिर परियो के बच्चो से हम' मे उप 'दुहरा विद्युद्दाम चढाकर मे मागरूपक द्वारा बादलो को 'वासव दिखलाया है ।

प्रकृति के मानवीकरण से एक महत्वपूर्ण तथ्य का प्रकाशन होता है मानव-सौन्दर्य और प्रकृति के सौन्दय के घनिष्ठ सम्बन्ध का रहस्य । ठी आलम्बन भिन्न-भिन्न हैं किन्तु दोना ही—प्रकृति और नर-नारी—एक हीं सौन्दर्य आदि को जगाते हैं । जिस प्रकार एक मानव मानव के समस्त आलम्बन हो सकता है उसी प्रकार प्रकृति भी । यदि यह बात असत्य हो प्रकृति और मानवीय प्रकृति मे भेद या विरोध होता तो दोनो का सश्लिष्ट कभी भी एक रस-प्रभाव उत्पन्न नही कर सकता है । यह निर्विवाद मानव प्रकृति के बिना अधूरा है, और प्रकृति मानव के बिना अधूरी सत्य है कि दोनो ही एक दूसरे से विच्छिन्न रूप मे भी मानव भावो के आ हो सकते हैं और होते भी है, किन्तु दोनो की उचित सम्बद्धता मे तीव्र स्वादकता है ।

एक बात और । प्रकृति का मानवीकरण साहित्य क्षेत्र की ही विशेष जीवन में हम कभी भी प्रकृति को इस रूप मे नही देखते और यदि देखते तो बहुत कम । साहित्य प्रकृति को मानव के समतुल्य प्रतिष्ठापित कर हृदय को व्यापकता एव दिव्यता प्रदान करता है ।

इसके अतिरिक्त प्रकृति-चित्रण सम्बन्धी कुछ अन्य भी बातें है उल्लेख नीचे किया गया है ।

प्रकृति की चित्रपटी मे ही दर्शन के गूढ रहस्यो को झलकाने की बात कही जा चुकी है । इसके अतिरिक्त जीवन के अन्य सिद्धान्तो के प्रतिपादन कवि प्रकृति से सहायता लेता है । 'सुख-दु.ख' कविता मे कवि बादल औ के खेल का वर्णन करता है । 'अनित्य जग' में कवि ससार की अनित्यता के लिए ही कहता है—

"आज तो सौरभ का मधुमास,
शिशिर मे भरता सूनी सांस।"

इस दृश्य से कवि द्वारा प्रदर्शित ससार की परिवर्तनशीलता की करुण अनुभूति हृदय मे गम्भीर रूप ग्रहण कर उदित होती है। इसी प्रकार "नित्य जग" मे भी "अतल से एक अकूल उमग" वाले छन्द मे प्रकृति का दर्शन से मधुर मिश्रण किया है। "एक ही तो असीम उल्लास" मे कवि वेदान्त के प्रतिविम्ववाद का काव्यात्मक रूप मे प्रतिपादन करता है।

(८) प्रस्तुत-अप्रस्तुत—पन्त मे कई स्थानो पर हमे प्रस्तुत-अप्रस्तुत का सामजस्य भी मानव भावना का व्यापक प्रभाव भी, जिसे जायसी की एक प्रधान विशेषता माना जाता है, मिलता है। प्रस्तुत-अप्रस्तुत के सामजस्य के स्थल हैं ' ग्रन्थि से—" की 'इन्दु पर, इस इन्दुमुख पर—' वाली पक्तियाँ। उधर चन्द्रमा उदित है, उधर कवि के सामने वाला का मधुर मुख। उधर बाल रात्रि (सन्ध्या) है, इधर अलक। "एक तारा" मे 'गगा के चल-जल मे'' 'किस मग !' तक भी प्रस्तुत-अप्रस्तुत का मधुर सामजस्य दिखाई पडता है।

(९) व्यापक प्रभाव—मानव भाव का प्रकृति मे व्यापक प्रसार इन स्थलो मे देखा जा सकता है।

"इन्दु की छवि मे, तिमिर के गर्भ मे ' '' ' " ( ग्रथि ) कवि के हृदय की जिज्ञासा सारी प्रकृति मे विद्यमान है।

देखिए ससार की अनित्यता के कारण सारा विश्व किस प्रकार आतङ्कित है—

"अचिरता देख जगत की आप
शून्य भरता समीर नि श्वास
डालता पातो पर चुपचाप
ओस के आंसू नीलाकाश
सिसक उठता समुद्र का मन,
सिहर उठते उडगन।"

इसी प्रकार "एक तारा" मे 'आकाक्षा के उच्छ्वसित वेग' से सागर, रवि, शशि, उडगन सभी व्याकुल और स्पन्दित हैं।

"आँसू की बालिका" मे एक बहुत ही सुन्दर छन्द है जिसमे निराश व्यक्ति को प्रकृति से सहानुभूति और करुणा का आश्वासन मिलता है—

तेरे उज्ज्वल आँसू सुमनो में सदा
वास करेंगे, भग्न हृदय ! उसकी व्यथा
अनिल पोंछेगी, करुण उनकी कथा
मधुप बालिकाएँ गाएँगी सर्वदा।

प्रकृति और मानव के तादात्म्य के ऐसे करुण मर्मस्पर्शी चित्र कम ही मिलेंगे।

(१०) **मानवीकरण**—"गगा" कविता मे हमे प्रकृति का एक और ही ढग का चमत्कारपूर्ण प्रयोग दिखाई देता है। इसमे कवि भौगोलिक परिचित गगा से भिन्न एक लोक चेतना की गगा की मजुल कल्पना करता है। यह गगा का प्रतीक प्रयोग भी नही समासोक्ति या अन्योक्ति भी नही है। इसे ही मैं प्रकृति का मानवीकरण कहता हूँ। यह अन्य सभी पद्धतियो से अधिक परिमार्जित एव प्रभावपूर्ण है। एक परिचित मूर्त्त दृश्य के समानान्तर एक सूक्ष्म एव जटिल दृश्य को इस कुशलता से रखना उद्बुद्ध प्रतिभा का ही काम है। गगा के प्रति जो सात्विक, मधुर भावनाएँ हृदय मे विद्यमान हैं, "वह जन-मन से नि सृत गगा" को देखकर और भी दिव्य एव सशक्त रूप धारण कर लेती हैं।

## प्रकृति के प्रति बदलता हुआ दृष्टिकोण

चेतना से बढ़कर सजग एव व्यग्र कोई अन्य पदार्थ नही है। वह प्रतिक्षण प्रभावित होती रहती है, नए भाव-रूपों को जन्म देती रहती है। यह परिवर्तन होता अवश्य है। यह बात दूसरी है कि वह विकास का पथ पकडे, या अवनति के गर्त मे फिसल पडे।

प्रकृति का मूर्त्त रूप सुषमा से भरा-पूरा है। वह चेतना को प्रभावित करता है। मानव-समाज भी मानव के अन्तर्जगत पर स्पष्ट प्रभाव अङ्कित कर

देता है। यह प्रभाव प्रकृति के मूर्त रूप को विविध भावनाओ मे रग डालता है। जैसे-जैसे यह प्रभाव बदलता जाएगा, प्रकृति का रग भी परिवर्तित होता जाएगा।

वीणा मे गीतो के विषय तीन है—कवि की मा का पूज्य स्मृति, प्रकृति का रम्य प्रागण, और विराट शक्ति के प्रति विनीत निवेदन। किन्तु मूलत इन तीनो मे बहुत साम्य है। प्रकृति को कवि माँ की कृति बताता है—

> यह चित्र माँ! जो तूने है
> चित्रित किया नयन सम्मुख" "।"

माँ के प्रति उसकी भावना भक्ति से रगी है। ईश्वर सम्बन्धी प्रार्थनाओ मे और माँ के प्रति प्रस्फुटित उदगारो में कही-कही कोई भेद प्रतीत नही होता।

आरम्भ मे ही कवि ने कुछ आदर्श बना लिए थे। तभी तो वह प्रकृति से शिक्षा प्राप्त करना चाहता है। प्रकृति के प्रति उसके मन में कोमल जिज्ञासा का भाव भी है।

'ग्रन्थि' मे कवि के प्रणय की असफलता सिसकती दिखाई देती है। कवि के सूक्ष्म-विस्तृत प्रकृति-निरीक्षण का उपयोग इस कृति मे प्रचुर-अमद अप्रस्तुत विधान मे ही लक्षित होता है। 'ग्रन्थि' की साद्र करुण धारा, सस्कृत-बहुला पदावली, उपमाओ और उत्प्रेक्षाओ आदि की लम्बी लड़ियाँ सहसा प्रिय-प्रवास को याद दिला देती हैं।

'पल्लव' की प्रकृति का शैलीगत प्रयोग बहुत ही विशद एवं प्राजल बन पडा है। इसमें लाक्षणिक मूर्त्त विधानो का प्रचुरता है। जहाँ एक ओर कवि बालजाल को ठुकराकर प्रकृति प्रेम मे बंधे रहने की भावना प्रकट करता है, वहाँ उसे अपनी प्रिया 'एक कलिका में ही सपूर्ण वसन्त' सी दिखाई देती है। प्रकृति-प्रेम और वियोग वेदना की मिश्रित लहरियो के सुन्दर हार 'आँसू', 'उच्छ्वास' आदि मे मिलते हैं। अभी तक कवि की दृष्टि प्रकृति के कोमल और रम्य रूप की ओर गई थी। सहसा उसके जीवन मे कोई भयकर आघात होता है। बौद्धिक-सघर्ष चरम-सीमा को प्राप्त कर 'परिवर्तन' मे बरस पडता है।

# 3

# काव्य- रस की महत्वता एवं सिद्धांत

कवि पन्त के विषय में यह कहा जाता है कि उसने अपने 'गु जन' के वाद के काव्य मे रस-सिद्धान्त की उपेक्षा की है। किन्तु केवल इतना कह देना पर्याप्त नही है और इसीलिए यह कथन असङ्गत सिद्ध हो जाता है। कवि पन्त पर ही यह आक्षेप क्यो ? आधुनिक सम्पूर्ण काव्य का परीक्षण करने पर क्या हम इस निष्कर्ष पर नही पहुँचते ? पन्त के काव्य में रसानुभूति खोजने से पहले हमें रस सिद्धान्त की सामान्य बातो को समझ लेना होगा।

यह सभी जानते हैं कि भरत मुनि ने अपने नाट्य शास्त्र मे रस का विवेचन कर उसकी प्रतिष्ठा की। यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है। नाटक मे कथा-वस्तु का एक विशिष्ट सगठन होता है। रस की दृष्टि से देखते हुए उस सगठन विशेष की अपेक्षा कथावस्तु का स्थान अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि साहित्य की जिन शैलियो मे घटनाएँ और व्यापार सम्बद्ध होकर कथा वस्तु के रूप मे रहते हैं, उनमे रसानुभूति का प्रसार आवश्यक हो जाता है। उपन्यास, कहानी आदि आधुनिक युग की उपज है। उनमे कथावस्तु रहती है। इसलिए उनमे प्रसगानुकूल मधुर या कठोर भावो की अनुभूति पाठक को होती ही है। प्रबंध प्राचीन काल मे रचे ही जाते थे, उनमे भी रस की एक अविच्छिन्न धारा प्रवाहित रहती है जो कथा के नीरस मरु-अशो को भी स्निग्ध करती हुई चलती है। निबन्ध, गीतिकाव्य, रिपोर्ताज आदि साहित्य-शैलियो का उपर्युक्त साहित्य-रूपो से एक महत्वपूर्ण भेद यह है कि इनमे सम्बद्ध कथा का अभाव है। इसलिये इनमे रस की छानबीन करते समय हमें इन्हे एक भिन्न दृष्टिकोण से देखना होगा।

### क्या गीत रसोद्रेक करने मे समर्थ हैं ?

अब हमारे सामने यह प्रश्न आता है कि क्या गीत रसोद्रेक करने मे समर्थ

हैं ? इस प्रश्न को सुलझाते समय हमे यह वात सदैव ध्यान मे रखनो पडेगी कि गीतो मे कथा का अभाव रहता है ।

यह सत्य है कि पन्त के सभी गीतो मे हमे रस छलकता दिखाई नही देता । प्राचीन काल मे भी गीतो की रचना की जाती थी । उदाहरण के लिए हम विद्यापति, सूर और तुलसी को ले सकते हैं । उनके गीतो को पढ़ते समय हमारा हृदय रस से सिक्त हो उठता है । फिर भी हमें कुछ ऐसे पद अवश्य मिलते है जिनमे रसानुभूति का अभाव मिलता है । उदाहरण के लिए हम तुलसी का प्रसिद्ध पद 'केशव कहि न जाय का कहिए' ले सकते हैं । इसमे रस प्रवाह नही है । फिर भी यह तुलसी के सर्वश्रेष्ठ पदो मे मे माना जाता हैं । कारण इसमें कला की कुशलता के साथ-साथ विचारो की सघनता भी है । मार्मिक अभिव्यक्ति ने दार्शनिक विचारो को भी साहित्य का माधुर्य प्रदान कर दिया हैं । अत. यह सिद्ध है कि गीतों की श्रेष्ठता का आधार केवल उनकी रसोद्रेक विषयक शक्ति ही-नहो है । विचारो की और अभिव्यक्ति की मौलिकता एव उत्कृष्टता भी गीत को श्रेष्ठ वना सकती है ।

आधुनिक युग के साहित्य और प्राचीन युग के साहित्य की प्रवृत्तियो मे उतना ही अन्तर है जितना इन दोनो युगो की प्रवृत्तियो मे है । युग का विकास होता है, मानव चेतना का उन्नयन होता है, नवीन मूल्यो और मानों का आविर्भाव होता है और प्राचीन मूल्यो और मानो का नाश या परिवर्तन होता है । कल के साहित्यकार की दृष्टि भाव को ओर अधिक रहती थी, आज का कलाकार वौद्धिक चेतना के प्रति भी सजग है । इसका यह अर्थ नहीं कि प्राचीन साहित्यकारो मे वौद्धिक जागरण का अभाव था । यह वात नही है । किन्तु उनका वौद्धिक चिंतन गीतो में अभिव्यक्त न होकर महाकाव्य के रूप मे जनता के सामने आता था । तुलसी का लोकनायकत्व का आधार उनकी विनयपत्रिका आदि नहीं वरन् उनका रामचरितमानस है । सूर लोकनायक क्यो न हो सके ? क्या उनमें अनुभूति की वह तीव्रता नही थी जो तुलसी में है ? अधिकाश विद्वान मानते हैं कि सूर की अनुभूति तुलसी से अधिक गम्भीर और गहरी थी । किन्तु सूरदास ने समाज को ओर से अपनी आँखें वन्द कर लीं । वह केवल कवि थे । तुलसी कवि होने के साथ-साथ समाज के सुधारक भी थे । उनका साहित्यिक

महत्व भी है और सामाजिक भी। सामाजिक का पूर्ण अभाव किसी भी कवि मे नही होता। सूरदास ने निर्गुण हठयोग का खण्डन कर अपनी सामाजिक-सजगता का परिचय दिया है। किन्तु यह गौण है। तुलसी मे यह प्रधान हो गई है। एक बात और भी समझ लेनी चाहिए। सामाजिक सजगता का अभाव किसी कवि का मूल्य कम नही कर देता। क्योकि यह कलाकार की असमर्थता का नही रुचि की विशेषता का परिचायक है। रामचरितमानस मे अनेक स्थल ऐसे हैं जहाँ रस का वेग क्षीण है। वहाँ तुलसी की सामाजिक या दार्शनिक धर्म-परायणता वेग से मुखरित हो उठी है। किन्तु उन स्थानो का भी अपना महत्व है।

जिस प्रकार तुलसी मे हमे कवित्व और सामाजिकता का सामंजस्य मिलता है, उसी प्रकार पन्त मे भी। सामंजस्य के रूप का विवेचन आगे के अध्याय मे किया जायगा। यहाँ केवल इतना जान लेना है कि कवि मे जहाँ रस-धारा क्षीण हुई है, वहाँ उसकी सामाजिकता प्रबल हो उठी है। किन्तु पन्त ने अपने युग-चिन्तन की अभिव्यक्ति भी गीतो मे ही की। उन्होने तुलसी सा मानस नही लिखना चाहा।

पन्त ने इस प्रकार एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य किया। छायावादी शैली और व्यक्तिवादी भावो को जकडे हुए गीतों को चिंतन के अनन्त क्षेत्र में घूमने की स्वच्छन्दता दी और आधुनिक युग का प्रायः समस्त चिन्तन धाराओ को अपने मे बांध लिया। गीता मे प्रतिपाद्य विषय को ऐसी विभिन्नता कम मिलेगी।

## गीत और निबन्ध

जहाँ तक वर्ण्य-विषय की बहुरगता का प्रश्न है, पन्त के गीतो की तुलना आधुनिक साहित्य मे प्रचलित निबन्धो से की जा सकती है। ऊपर इस बात की ओर सकेत किया जा चुका है कि निबन्ध मे भी रस का अभाव रहता है। यहाँ भावात्मक निबन्ध अपवाद स्वरूप हैं। निबन्ध में छोटे से छोटे से लेकर बडे से बडे विषय का प्रतिपादन किया जाता है। पन्त के गीतो मे भी ऐसा ही मिलना है। पन्त के अतिरिक्त अन्य आधुनिक कवियो ने भी विविध-विषयो को गीतो मे ही बांधा है। प्रश्न हो सकता है विचारात्मक विषय को गीतो मे

प्रस्फुटित करने की अपेक्षा यदि कवि उन्हे निबन्धो में खोलते तो अच्छा होता। यह ठीक है। कारण निबन्ध मे विचारो को पल्लवित करने के लिए अवकाश रहता है, गीत में नही। किन्तु गीत की शैली वर्ण्यवस्तु के महत्व को बढा भी सकती है। और फिर विषय की स्पष्ट अभिव्यक्ति का कारण प्रतिभा है न कि शैली। इन सब बातो को देखने के लिए पन्त की 'महात्मा जी के प्रति' कविता ली जा सकती है। यह विचारात्मक कविता है। किन्तु क्या निबन्ध में यह विचार इसमे अधिक स्पष्टता के साथ व्यक्त किए जा सकते है ? मुझे इसमें सन्देह है। हाँ, बाल-बुद्धि के लिए अपेक्षित सरलता कविता में नही है, और यह तो शायद निबन्ध में भी नही होती।

अब प्रश्न हो सकता है, निबन्ध और इन कविताओ में क्या भेद है ? स्पष्ट है कि यह भेद विषय पर आधारित नहीं है वरन् शैली पर आधारित होता है। निबन्धकार और कवि की शब्द-साधना में भेद होता है।

## बुद्धिगत साधारणीकरण

यहाँ एक और प्रश्न उठता है। हम ऊपर उन गीतो का उल्लेख कर चुके हैं, जिनमें रसानुभूति का नितान्त अभाव है। तो 'वाक्य रसात्मक काव्य' साहित्य का प्रसिद्ध एव मान्य परिभाषा—अव्याप्ति दोष से ग्रस्त हो गई और रस सिद्धान्त का एकछत्र साम्राज्य समाप्त हो गया। किन्तु रस सिद्धान्त की मनोवैज्ञानिक एव समाजिक उपयोगिता के कारण उसका त्याग अवाञ्छनीय है। आवश्यकता इस बात की है, हम आधुनिक युग की परिस्थितियो के अनुरूप उसकी नई परिभाषा करें। रस शब्द मे नई शक्ति भर दें। यह आवश्यक भी है और स्वाभाविक भी। प्राचीन सिद्धान्तो को नवीन परिस्थितियो की आग मे जला कर उन्हें नये रूप में ढालने की आवश्यकता प्रत्येक युग के व्यक्ति को रही है।

डाक्टर रागेय राघव ने ऐतिहासिक विवेचन के आधार पर इस मत की स्थापना की है कि प्राचीन काल में मानव-मानव की समता का जो नाद उठा उनकी अभिव्यक्ति बौद्धिक जगत में आत्मा की अखण्ड एकता के रूप में और भाव-जगत (साहित्य जगत) मे रस और साधारणीकरण की समता के रूप में हुई। यह तो हुई चेतन जगत की एकता की बात। आज विज्ञान के युग ने "वसुधैव कुटुम्बकम्"—मानव-मानव के एकत्व की भावना को साक्षात् प्रतिफलित कर दिया है। आज भूत जगत की एकता भी स्थापित हो गई है।

वादो की सूक्ष्मता दुरूहता को जन्म देती है। चेतना सम्बन्धी चिन्ताओ की अगोचरता कही-कही गुह्यता भी बन सकती है। इस दोष को बचाने के लिए कवि पन्त ने प्रतीको का प्रयोग किया है। 'स्वर्ण किरण' और 'स्वर्णधूलि' जैसे मूर्त्त प्रतीक ही नही बसन्त, शरद आदि चिरपरिचित प्रकृति के रूपो और परिवर्तनो को भी प्रतीकवत् ग्रहण किया गया है।

अब प्रश्न आता है आलम्बन रूप में ग्रहण किए गए इन सिद्धान्तो के साधारणीकरण का। साहित्य चिन्तन में अभी तक भागवत साधारणीकरण की ही बात की जाती है। किन्तु क्या यह आवश्यक है कि साधारणीकरण ( समत्व ) भावो का ही हो सकता है ? ( साधारणीकरण को समत्व कहने पर किसी को आपत्ति नही होनी चाहिए क्योकि ऊपर हम समत्व को साहित्य का प्राण सिद्ध कर चुके हैं। ) यह मानना अनुभूत सत्य के विपरीत होगा कि सभी विचारगत समत्व की अनुभूति जोवन में करते हैं। इसी समत्व के आधार पर ही तो बडे-बडे राजनतिक-सामाजिक दल बनाए जाते हैं जो महान् कार्य करते हैं। बौद्धिक समन्वय सम्भव भी है और इसका अबाध महत्व भी है। साहित्य में भी इसकी उपयोगिता से इन्कार नही किया जा सकता। अत साधारणीकरण बुद्धिगत भी हो सकता है।

यहाँ यह शका उठ सकती है कि यदि साहित्य में बुद्धिगत साधारणीकरण को मान लिया गया तो राजनैतिक दलो और दार्शनिक मतवादो में भी तो यह सम्भव है। फिर साहित्य में और राजनीति या दर्शन में क्या भेद रह जाता है ?

समत्व साहित्य का प्राण है। समत्व और एकागिता में कटु विरोध है। अत साहित्य की दूसरी प्रधान विशेषता हुई उसकी उदारता। और यही विशेषता उसे दर्शन या राजनीति के दलो की विचारधाराओं से अलग करती है। सभी राजनैतिक दल या दार्शनिक सम्प्रदाय एकागी होते हैं। उनकी अपनी सभी मान्यताएँ सत्य हैं और जो इसके बाहर है वह सभी झूठ और त्याज्य। आजकल ऐसी एकागिता साहित्य में भरी जा रही है। कुछ मार्क्सवादी साहित्यकार और आलोचक एकागी हैं, उनकी कृतियो में स्वार्थ-हीनता नही है, इसीलिए वह राजनीति से अभिन्न है और कुछ ऐसे भी साहित्यकार और आलोचक हैं

जिन्होंने मार्क्सवाद के उपयोगी तत्वो को अपनाया है। पन्त ने भी ऐसा ही किया है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि बुद्धिगत साधारणीकरण को मान लेने से साहित्य के सच्चे रूप और प्राण को अधिक शक्ति और पुष्ट आधार मिलता है गम्भीर दृष्टि से आज तक के साहित्य का अवलोकन करने पर यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है। बौद्धिक साधारणीकरण को साहित्यकार स्वीकार कर चुके हैं। आलोचक को इस सिद्धान्त का प्रतिपादन कर साहित्य के एक स्थायी मानदण्ड के रूप में प्रतिष्ठित करना है। साहित्य में भाव की अपेक्षा बौद्धिकता प्रधान हो जाती है। जब साहित्य मे भाव का साम्राज्य था तब भागवत साधारणीकरण मान्य हुआ। आज भी रसीले साहित्य के लिए इस कसौटी का प्रयोग होता है। आज साहित्य में बौद्धिकता प्रधान है, तब बुद्धिगत साधारणीकरण के प्रतिपादन और स्वीकृति की आवश्यकता प्रतीत हुई। इस सत्य को न समझने वाले प्राय कहा करते हैं कि कविता का युग समाप्त हो रहा है। यह भ्रान्त धारणा है जो अधपचे चिन्तन का परिणाम है। कविता का युग नहीं समाप्त हुआ और न ही होगा। कविता नई प्राणशक्ति मे उल्लसित हो रही है। काव्य-दर्शन में परिवर्तन हो रहा है।

काव्य के अन्तरङ्ग का यह ह्रास और विकास सदैव से चला आ रहा है। हिन्दी साहित्य के इतिहास के आदिकाल में कविता का विषय वीर भावना थी। भक्तिकाल में बदलकर वह भक्ति हुई, रीतिकाल में शृंगार और आधुनिक काल मे जो कुछ भी सुन्दर और ग्राह्य था वह सभी काव्य के अन्तरङ्ग में समाता जा रहा है। यह काव्य के विकास का परिचायक है। उसकी सामर्थ्य का बढाना लोक के कल्याण के लिए ही है। कोई समय था जब केलि-क्रीडा के नग्न चित्र साहित्य में प्रस्तुत किये जाते थे। उन्हे गन्दगी कहा गया, पाप कहा गया। इधर फ्रायडवादी लेखको ने वही तमाशे आरम्भ किये। उनका कटु विरोध हुआ, और हो रहा है। युग की धारा बदलती है, जीवन के क्षेत्र के अपेक्षित प्रागण सिंचित हो काव्य-प्रागण में लहलहा उठते हैं। इस विकास क्रम को समझना चाहिए।

सूक्ष्म चिन्ताओ का आलम्बन रूप में ग्रहण करने और बुद्धिगत साधारणी-करण को मानने में एक भ्रान्ति भी बाधा बन सकती है। वह है बुद्धि को

अपेक्षा हृदय को श्रेष्ठ समझना । इस भ्रान्त धारणा के पोषक प्रसाद की कामायनी का आधार लेंगे, किन्तु उन्हें यह समझना चाहिये कि जहाँ-जहाँ भी सूक्ष्म-चेताओं ने बुद्धि को निकृष्ट बताया है, वहाँ वह बुद्धि का अर्थ वह नहीं लगाते जो उपर्युक्त धारणा के पोषक लगाएंगे । जो बुद्धि शुद्ध श्रद्धा को कुण्ठित करदे, जो तर्क प्रशस्त विश्वास को खण्डित कर दे वह अवश्य त्याज्य है । किन्तु बुद्धि और हृदय के सामरस्य की बात ऊपर भी कही गई है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं । पुरुष बुद्धि का प्रतीक है, नारी हृदय की प्रतीक है । जिस प्रकार नारी और पुरुष के मधुर-मिलन से जीवन लहलहा उठता है उसी प्रकार बुद्धि और हृदय के सामरस्य से जीवन प्रबुद्ध हो उठता है। आज के युग में इसी प्रबोधन की आवश्यकता है । और वह तभी अवतरित होगा जब बुद्धि और हृदय का संघर्ष मिट जायगा, जब दोनों का ग्रन्थि-बन्धन हो जायेगा । इसी प्रकार साहित्य-क्षेत्र में भी जब भावगत साधारणीकरण और बुद्धिगत साधारणीकरण दोनों एक दूसरे के पूरक मानों के रूप में ग्रहण कर लिए जायेंगे, तभी साहित्य के विशद, पूर्ण एवं प्रांजल स्वरूप का विकास होगा । पन्त के स्वर्ण-काव्य और उत्तरा आदि परवर्ती रचनाओं का सही मूल्यांकन तभी होगा, जब इन दोनों सिद्धान्तों पर उसे कसा जाएगा ।

## रसानुभूति और बौद्धिक सहानुभूति

अब हमें यह देखना है कि पन्त के व्यक्तित्व के विकास का कवि के राग तत्त्व पर क्या प्रभाव पड़ा है । साहित्य का प्राण जीवन है । यदि जीवन के प्रति दृष्टिकोण बदल जाए तो स्वाभाविक है कि साहित्य का स्वरूप भी बदल जाएगा ।

**"वीणा"**—वीणा में कवि का सर्वप्रथम प्रयास लक्षित होता है । उसमें न तो जीवन की विभिन्नता के दर्शन की आशा की जा सकती है और न ही किसी विशिष्ट बौद्धिक जागरण की । इन रचनाओं में कवि का प्रकृति प्रेम अत्यंत सरलता से व्यक्त हुआ है । बचपन की स्वाभाविकता में ही कवि के हृदय में कुछ आदर्शों के प्रति आकर्षण उत्पन्न होता है । उसकी पूर्ति के लिए वह प्रार्थना करता है । विनम्र स्वरों में और प्रकृति के चित्रण में रस की गहराई नहीं है

किन्तु भाव की मोहकता अवश्य है । इस संग्रह मे जिन गीतो में सबसे अधिक प्रभावात्मकता दिखाई देती है, वह है इनके रहस्यात्मक स्पर्श से अनुप्राणित गीत । कवि ने अपने को बालिका के रूप मे चित्रित किया है । इस समय कवि का जीवन एकाकी एवं असङ्ग था । स्वभावत उसे किसी साथी की कामना सताने लगी । वह बालिका के मञ्जुल स्वरो मे अज्ञात प्रीतम को पुकारने लगा । इन स्वरो का कोमल माधुर्य्य अनन्य है । पवित्र प्रेम की यह किरण ग्रन्थि मे प्रणय के वेग से प्रखर हो उठी है । माँ को सम्बोधित कर लिखे हुए गीत भी पाठक के हृदय पर अमिट प्रभाव छोडते हैं । वीणा मे रसानुभूति की गम्भीरता नही वरन् मनोहर स्थायित्व का कारण है मानव-जीवन की सहज भावनाओ की सरल अभिव्यक्ति । गम्भीरता के अभाव का कारण भी यही बचपन की सरलता है । वीणा की इन चार पंक्तियो मे कवि ने अपने मानसिक दृश्य का सच्चा चित्र खीचा है—

स्वप्न देखती थी मैं मादक,
किन्तु अचिर, अस्फुट सुखमय,
लता कुञ्ज में सोई हूँ मैं,
सुरभित सुमनो पर निर्भर ।

"ग्रन्थि" और "पल्लव"—वीणा की मृदुल झङ्कार ग्रन्थि मे सशक्त राग बनकर प्रकट हुई । गन्थि मे रसानुभूति पूरी-पूरी मात्रा मे मिलती है । मिलन का माधुर्य्य भी है, प्रेम का सौन्दर्य भी है और वियोग का गाम्भीर्य भी है । प्रेम की असफलता ने हृदय की गम्भीरता को जगाया जिसे हृदय ने वाणी मे सँजो दिया । 'पल्लव' मे ग्रन्थि का वियोग-गाम्भीर्य कला के वैभव एवं प्रकृति के ऐश्वर्य की गोद पाकर और भी निखर उठा । वियोग की आग और भी चमक उठी । अनुभूति तीव्रतम हो उठी । विराट जीवन के अबाध-परिवर्तन के प्रति उद्‌बुद्ध कवि की सजगता "परिवर्तन" मे सघन हो उठी । "निष्ठुर परिवर्तन" मे कला का चरमोत्कर्ष है । वैसे सारी कविता मे अनुभूति की तीव्रता है ।

"गुञ्जन"—'गुञ्जन मे कवि अपने व्यक्तित्व से बाहर झाँकता है । 'परिवर्तन' की बहिर्मुखी-प्रवृत्ति मे तूफान सा भयकर वेग था । उसे सतुलित करने की

आवश्यकता थी। 'गुञ्जन' मे यह आवश्यकता पूर्ण हुई। उसमे 'पल्लव' की सी रस-सघनता तो नहीं है, किन्तु विषय की व्यापकता अवश्य है। पल्लव मे हृदय ने बुद्धि को दबा लिया था। 'गुञ्जन' मे बुद्धि उभरने लगी थी किन्तु हृदय को दबाने के लिए नही वरन् अपना सहज गौरव प्राप्त करने के लिए। हृदय का अबाधित सचरण भी कुछ कविताओ मे मिलता है। वह स्वाभाविकता है। कई रचनाओ में बुद्धि ने हृदय की शक्तियो को व्यापकता प्रदान की है। 'तप रे मधुर-मधुर मन' मे हृदय की विश्व करुणा का आधार बुद्धि ही है। कही भी बुद्धि ने हृदय को आक्रान्त कर अपने आपको भ्रष्ट करने का प्रयत्न नही किया है। 'गुञ्जन' मे अनुभूति उद्‌बोधन की किरणो से मण्डित है। 'पल्लव' पाठक के स्वार्थी व्यक्तित्व को गला देता है, किन्तु इसका परमार्थ-व्यक्तित्व मे परिणत गुञ्जन मे ही आकर होता है। बौद्धिक चिन्ताएं साहित्य के हृदय को कैसे शक्ति प्रदान करती है, यह 'गुञ्जन' मे ("एक तारा", "नौका विहार" आदि मे) देखा जा सकता है। 'गुञ्जन' मे अनुभूति की गम्भीरता उदात्त हो उठी है। 'गुञ्जन' को सक्रान्ति काल का काव्य कहना अनुचित न होगा।

## 'युगान्त', 'युगवाणी' और 'ग्राम्या'

'गुञ्जन' मे कवि हृदय ने व्यक्ति से बाहर झाँका है, ससार के कल्याण की कामना भी की है, किन्तु वह वस्तु-स्थिति के अध्ययन की ओर प्रवृत्त नही हुआ। यह हृदय का काम भी नही है। यथार्थ का ज्ञान प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक था कि कवि हृदय पर नही बुद्धि पर अधिक विश्वास करे। उसने ऐसा ही किया। उसकी समीक्षात्मक चेतना ससार में उन्मुख सचरण करने लगी। हृदय पीछे छूटने लगा। यथार्थ के सत्य ज्ञान के लिये यह अपेक्षित भी था। 'युगान्त' से 'युगवाणी' और 'युगवाणी' से 'ग्राम्या' में हृदय निरन्तर दबता गया, छिपता गया। 'युगान्त' मे कवि के हृदय-युग का प्राय अन्त हो गया, 'युगवाणी' मे युग को बुद्धि की वाणी प्राप्त हुई, जो 'ग्राम्या' मे ग्रामीणों तक सीमित हो गई। ग्राम्या की भूमिका मे ही कवि ने गाँव के यथार्थ के प्रति अपनी बौद्धिक सहानुभूति की बात की है। यहाँ बौद्धिक सहानुभूति का रूप समझना होगा।

प्रश्न होता है कि बौद्धिक सहानुभूति और हार्दिक-सहानुभूति मे क्या भेद है ? इसमे पहली बात तो यह समझने की है कि जिसके साथ हमारे हृदय का पूरा-पूरा लगाव है, उसके दुख मे हमे उससे हार्दिक सहानुभूति होगी । जिसके साथ हमारा सम्बन्ध हृदय तक नही पहुँचा, केवल बुद्धि तक—व्यवहार-ज्ञान तक ही रहा है, उसके दुख मे हमें उससे बौद्धिक सहानुभूति ही होगी । तो क्या पन्त के हृदय का ग्राम्य जीवन से भीतरी लगाव नही है । नही, बिल्कुल नही । क्योकि यदि ऐसा होता तो 'प्रतिक्रियात्मक साहित्य' का ही जन्म होता और फिर ग्राम्य-जीवन की वर्तमान सिद्धान्तहीन, अतिनैतिक, अन्ध-विश्वासी अवस्था के साथ किसके हृदय का लगाव हो सकता है ? कवि ने ग्रामीण-जीवन को जीवन के रूप में नही, जर्जरित निष्प्राण आदर्शो के खण्डहर के रूप में देखा है । उसमे हृदय का लगाव कैसा ?

बौद्धिक सहानुभूति की उतर्युक्त मीमासा में कोई यह दोष निकाल सकता है कि वह केवल दिखाने की चीज है, केवल एक विडम्बना-मात्र है । इस दोष का सही निराकरण करने के लिए हमें केवल बौद्धिक सहानुभूति, जो एक सूक्ष्म मनोदशामात्र है, में नही उलझे रह जाना चाहिए । हमे बौद्धिक सहानुभूति करने वाले व्यक्ति तक बढना पडेगा । बौद्धिक सहानुभूति व्यक्ति के स्वभाव का परिचय नही देती, वरन् व्यक्ति का स्वभाव ही बौद्धिक सहानुभूति के स्वरूप को निर्दिष्ट करता है । किसी ओछे व्यक्ति द्वारा प्रदर्शित बौद्धिक सहानुभूति एक पाखण्ड-मात्र होगी । कवि पन्त द्वारा प्रदर्शित बौद्धिक सहानुभूति का एक विशेष मूल्य है क्योकि यही आगे चलकर लोक को मङ्गल साधना मे प्रतिफलित होती है । ग्रामीणों के प्रति बौद्धिक सहानुभूति प्रकट करने वाले पन्त के विरुद्ध तो बहुत से आलोचक उठ खडे हुए, किन्तु आज ऐसे भी बहुत से महानुभाव हैं जिन्हे जनता के प्रति केवल शाब्दिक सहानुभूति है । उनका क्या किया जाय ?

एक दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न यह समाने आता है कि क्या बौद्धिक-सहानुभूति मे हृदय बिल्कुल दबा रहता है ? शब्दो पर ध्यान देने वाले तो कहेंगे कि जब सहानुभूति है ही बौद्धिक तो फिर उसमे हार्दिकता का सवाल ही क्या है । किन्तु

यह अमान्य है क्योंकि केवल शब्द के आधार पर निर्णय देना ना समझी का काम है। मनोवैज्ञानिक विवेचन से यह सिद्ध होता है कि इसमें रागात्मकता भी रहती ही है, मानव के भीतर बुद्धि और हृदय के दो कटघरे नहीं हैं। दोनों चेतना की दो सारणियाँ हैं, अत मूलत एक ही हैं। किसी की बुरी दशा देखकर हृदय पर प्रभाव पड़ता ही है। यह प्रभाव ही सहानुभूति है। किन्तु जब मानव इसी मे न डूबकर, उस बुरी दशा के कारणो का विश्लेषण करने मे तत्पर होता है तो तभी इस हृदय की सहानुभूति मे बौद्धिकता मिल जाती है और बौद्धिक सहानुभूति का उदय होता है। यहाँ बुद्धि दो काम करती है। एक तो उस बुरी-दशा के कारणों पर विचार करती है, और दूसरा उसके नाश के उपाय सोचती है और नवीन कल्याणमय दशा का निरूपण करती है। बुद्धि के ये दोनो व्यापार पन्त साहित्य में देखे जा सकते हैं। पाठक को 'ग्रामचित्र' आदि रचनाओ मे भावानुभूति होती है। यह ठीक है कि वह सघन नहीं है और ऐसी कविताएँ भी कम हैं।

**'स्वर्ण किरण', 'स्वर्णधूलि' और 'उत्तरा' आदि परवर्ती काव्य——**

जिस प्रकार 'युगांत', 'युगवाणी' और 'ग्राम्या' मे बुद्धि के प्रथम व्यापार का प्रसार है, उसी प्रकार 'स्वर्ण किरण' आदि परवर्ती काव्य में उसके दूसरे व्यापार का। वैसे तो 'युगान्त' आदि मे ही कवि भविष्य निर्माण के उपकरणो का संग्रह करता दिखाई देता है किन्तु उनका पूर्ण प्रकाश परवर्ती काव्य में ही बिखरा दिखाई देता है। इस काव्य का सही मूल्यांकन केवल भावगत-साधारणीकरण ही नहीं कर सकता। इसके लिए बुद्धिगत साधारणीकरण का प्रयोग करना पड़ेगा। जबकि कवि द्वारा प्रस्तुत आलम्बन का आधार सूक्ष्म बौद्धिक-चिन्ताएँ हैं तो फिर उसे भाव पर परखना असङ्गत है। शास्त्रीय-सिद्धान्तो की कसौटी सुनार की कसौटी नहीं है जो सब प्रकार के सोने के मूल्य से अवगत करा दे। साहित्य कसौटी के लिए नहीं है, कसौटी साहित्य के लिए है।

# 4

# मानव जीवन में काव्य रचनाओं का महत्व

मानव को प्रणय दान देने का अधिकार है, प्राप्त करने का नही। वह किसी प्रणय या प्रेम के आदान के लिए विवश नही कर सकता। पुष्प पवन को सुरभि बांट सकता है, उससे प्राप्त नही कर सकता। मानव जीवन मे यह आदर्श निसर्गत प्रतिष्ठित है। द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद या ऐतिहासिक यथार्थवाद इसकी व्याख्या नही कर सकता। यदि वह इसकी व्याख्या करने का प्रयत्न करता भी है, तो प्रणय वासना के मृत रूप मे परिवर्तित हो जाता है। जैसे ही वैज्ञानिक जीवन तत्व (Protoplasm) के रहस्य की जानकारी के लिए प्रयोग आरम्भ करता है, वह मर जाता है।

'वीणा' में कवि प्रणय के वास्तविक रूप से अनभिज्ञ है। रहस्यात्मक गीतों में धूमिल प्रणय के हल्के उद्‌गार दिखाई देते हैं। इस सग्रह मे प्रेम (मानव-प्रेम) का स्वरूप अधिक निर्दिष्ट है। इसका स्फुरण कवि के आदर्शो के रूप में सञ्चित है। प्रार्थना है—

कुमुद कला वन कल हासिनि,
अमृत प्रकाशिनि, नभ वासिनि,
तेरी आभा को पाकर माँ।
जग का तिमिर त्रास हरदूँ—
नीरव रजनी में निर्भय ! (पृ० ४)

बिल्कुल इससे मिलते-जुलते उद्‌गार 'युगान्त' के 'कलरव' में और 'ग्राम्या' की 'वीणा' में प्रस्फुटित हुए हैं।

"गा सके खगो सा मेरा कवि
विश्री जग की सन्ध्या की छवि।
गा सके खगो सा मेरा कवि
फिर हो प्रभात, आवें रवि।" (कलरव)

"ज्योतित कर जन मन के जीवन का अन्धकार,
तुम खोल सको मानव उर का नि शब्द द्वार,
वाणी मेरी, चाहिए तुम्हें क्या अलकार !" (वीणा)

आगे चलकर भी कवि लोक मङ्गल के विधान की कामना करता है। यहाँ पर स्पष्ट हो जाता है कि वीणा से लेकर 'उत्तरा', 'युगपथ' और आगे तक भी कवि की विचार-धारा मे एक साम्य है और वह है मानव प्रेम का।

ग्रथि और पल्लव मे प्रेम के स्वर को प्रणय के नाद ने डुबो दिया। यह कवि की असफलता नही है। यह मानव जीवन की एक स्वाभाविक घटना है। बाला का तिरस्कार कर प्रकृति प्रेम मे लीन रहने की कामना करने वाला व्यक्ति प्रेम की लहरों मे बेसुध हो गया। प्रकृति पीछे पड गई। नारी-सुषमा प्रधान हो गई। स्वभावत ही प्रणय का नशा चढने पर प्रकृति और ससार विलीन हो जाते हैं। प्रणय की असफलता ने जलते मे घी का काम किया। कोमल हृदय रो उठा। प्रणय की असफलता के लिए भी कहा जा सकता है विरह है अथवा यह वरदान ! एक ओर जहाँ इस निराशा ने कवि को ससार से विमुख कर दिया, वहाँ उसकी खोई हुई शक्तियो को झकझोर दिया। कला भी निखर उठी और भाव भी। रूप भी लहरा उठा और हृदय भी। बौद्धिक चेतना अभी सोई हुई थी। कवि के लिए दूसरा आघात था विश्व की क्षणभगुरता का अट्टहास। इसने कवि की बौद्धिक चेतना को भी जगा दिया। फलत गुञ्जन मे हृदय की झकार भी मिलती है, और बौद्धिक चेतना की प्रार्थना भी। गुञ्जन मे एक ओर तो कवि ज्योतिमय जीवन मे 'जग के उवर आँगन' मे बरसने की प्रार्थना करता है, मन को 'विश्ववेदना' मे प्रतिपल तपने की प्रेरणा देता है, तो दूसरी ओर कामिनी से यह विनम्र अनुरोध भी करता है कि 'आज रहने दो यह गृह काज।' किन्तु यह सत्य है कि यहाँ ग्रथि-पल्लव जैसा प्रणय का उच्छ्वसित वेग नही है। हाँ, प्रार्थना का स्वर तो वही है जो वीणा मे है किन्तु अधिक सुरीला और निखरा हुआ।

वीणा मे लेकर गुञ्जन तक कवि प्रणय और प्रेम की भावनाओ मे ही लीन रहा। उसने इन दोनो के आलम्बनो—नारी और मानव की यथार्थ दशा का ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न नही किया। अभी तक उसकी बहिर्दृष्टि मे तीव्रता नही आई थी। उसका अन्तमन अवश्य विकसित हो चुका था। किन्तु यह ध्यान

मे रखना चाहिए कि वाह्य निरीक्षण की गहराई या व्यापकता के अभाव के कारण कवि की रचानओ के मूल्य मे कोई कमी नही हुई, क्योंकि अनुभूति का अपना निजी मूल्य होता है। भक्त की अनुभूति ही उसे इतना दिव्य बना देती है कि उसे पत्थर मे भी भगवान के दर्शन होने लगते है।

युगान्त से लेकर ग्राम्या तक कवि ने सजग होकर बहिरग जीवन की अवस्था का अध्ययन किया। प्रणय की आलम्बन नारी की दशा भी देखी और प्रेम के आलम्बन का रूप भी समझा। गत युगो में पुरुष ने नारी को जड उपयोगी पदार्थ के समान ही पाल रखा था। वह पुरुष की तुष्टि का साधन मात्र बन कर रह गई थी। पुरुष के सभी विधानो ने नारी परतन्त्रता की महिमा का गान किया। राजनीति ने नारी को दबाया, धर्म ने उसे कुचला, समाज ने उसे मिटा देने का प्रयत्न किया। मानव यह भूल गया कि नारी का भी समाज में कुछ स्थान होता है। नारी की इस दुर्दशा का उत्तरदायित्व मनुष्य पर है। इसीलिये कवि पुकार उठता है कि अब नारी को मुक्त करो और अब उसे भी अपनी सत्ता और शक्ति को समाज के कल्याण में लगाने दो।

इसी प्रकार मानव भी अपनी दुर्बलताओ के कारण नष्ट-भ्रष्ट हो रहा है। अन्धविश्वासो ने उसे जकड लिया है। वासना ने उसे वीर्य-हीन कर दिया है। ईर्ष्या-द्वेष से उसका हृदय मलिन हो गया है। वाद-विवाद से उसकी बुद्धि कुठित हो गई है। आलस्य ने उसमे जडता भर दी है। बहिरग और अन्तरग जीवन के अभावो की चक्की मे वह पिसता जा रहा है। मानव की सफलताएँ ही उसके लिए घातक बन रही है। इतना नही, प्रकृति की भयकरता भी क्षण-क्षण मानवता को ग्रसती जा रही है। मानव कल्याण हो तो कैसे ? पन्त प्राचीन, अर्वाचीन, देशी-विदेशी सभी विचार-धाराओ के आश्रय मे जाता है किंतु मानव-मुक्ति का द्वार कहाँ प्राप्त हो ? कभी वह अद्वैतवाद-मार्क्सवाद से समन्वय की बात कहता है, कभी गाधीवाद-मार्क्सवाद के समन्वय की बात कहता है, और कभी अध्यात्मवाद-भूतवाद के समन्वय की बात कहता है। अन्त मे अरविंद के दर्शन में उसे मानव मुक्ति के दर्शन होते हैं। उस मुक्ति के क्रम और भावी मुक्त-समाज का विशद चित्रण ही कवि का उद्देश्य बन गया जो स्वर्ण किरण और बाद की रचनाओं मे मुखरित हुआ।

# 5

# साहित्य दर्शन के विभिन्न स्वरूप

## साहित्य श्रौर दर्शन

साहित्य श्रौर दर्शन दोनो का उद्देश्य एक है—जीवन की व्याख्या करन. ; दोनो के रूप मे जो भेद दिखाई देता है, उसका कारण है दृष्टिकोण की विभिन्नता। साहित्य जीवन के प्रति भावात्मक दृष्टिकोण रखता है यद्यपि यह सत्य है कि उसमे बौद्धिकता का भी समावेश रहता है। दर्शन जीवन के प्रति बौद्धिक दृष्टिकोण रखता है। वर्गसा श्रौर श्री श्ररविन्द श्रादि कुछ ऐसे भी दार्शनिक हैं जो बुद्धि की श्रपेक्षा हृदय को श्रधिक महत्व देते हैं। इसके साथ ही साथ यह बात सदैव ध्यान में रखनी चाहिए कि साहित्य का दृष्टिकोण श्रत्यन्त उदार होता है। जबकि दर्शन एक बँधी हुई परिपाटी पर चलता है। ससार की किसी भी भाषा का साहित्य मनुष्य के लिए श्राकर्षण का विषय हो सकता है श्रौर होता है। किन्तु दर्शन के भीतर मत है जिनका एक दूसरे से विरोध है। इसलिए दर्शन के किसी भी एक विशिष्ट मत का वह विश्वजनोन स्वीकृति प्राप्त नही हो सकती। जो साहित्य की निसर्ग सिद्ध विशेषता है।

जन्म से लेकर मृत्यु तक मानव मे विकास हाता रहता है। शारीरिक विकास की श्रपेक्षा मानसिक विकास कही श्रधिक महत्वपूर्ण है। वास्तव मे किसी भी व्यक्ति का मानसिक जीवन ही उसका सच्चा जीवन है। वाह्याचार उसी की श्रभिव्यक्ति मात्र है। प्रस्तुत लेख मे हमे कवि पन्त के मानसिक विकास का सक्षिप्त परिचय देना है। 'पल्लव' तक का काव्य कवि के हृदय का काव्य है। उसके पश्चात् बौद्धिक जागरण का काल श्राता है। 'गुञ्जन' सक्रान्ति काल की—हृदय से बुद्धि की श्रोर प्रगति के श्रवसर की—रचना है 'युगान्त' से लेकर 'ग्राम्या' तक के काल को मैं कवि का श्रध्ययन काल मानता हूं, जिसका पूर्ण परिपाक परवर्ती काव्य मे हुश्रा। 'गुञ्जन' के काल के पश्चात् कवि पर श्रनेक

सिद्धान्तो और वादो का प्रभाव पडा है। विद्वानो को कवि के इस मानसिक विकास मे अन्तर्विरोध दिखाई देता है। कवि उसे विकास के प्रकाश मे दिखाने की चेष्टा करता है। विकास की पूर्ण-गतिविधि का विश्लेषण आगे किया जायगा। किन्तु एक बात कवि मे प्रत्येक काल मे दिखाई देती है। वह है उसका दर्शन के प्रति मोह—विशेष रूप से प्राचीन भारतीय दर्शन के प्रति। इनके अतिरिक्त कवि ने आधुनिक दर्शन का भी अध्ययन किया है। दर्शन के इतने विविध रूपो का सम्मिलन कम कवियो मे दिखाई देता है। इसीलिये आरम्भ मे ही दर्शन के सामान्य रूपो का सक्षिप्त वर्णन करना आवश्यक प्रतीत हुआ।

## दर्शन के दो रूप

ससार मे हम जो कुछ भी देखते हैं, उसे दो प्रधान तत्त्वा मे बांट सकते है। एक पदार्थ (Matter) और दूसरा चेतना (Consciousness)। अब दो प्रश्न उठते है। प्रथम, क्या ये दोनो सत्य है? द्वितीय, क्या इनमे से कोई एक प्रधान है और दूसरा गौण? कपिल, देकात आदि अनेक दार्शनिक दोनो को समान रूप से सत्य मानते है। दूसरे प्रश्न के दो उत्तर हो सकते हैं। एक तो यह कि चेतना प्रधान है और पदार्थ गौण, या मिथ्या है। (हीगेल पदार्थ को गौण और शकर उसे मिथ्या मानता है।) दूसरा यह कि पदार्थ ही प्रधान है और चेतना उसकी उपज है। (मार्क्स यही मानता है।) इस प्रकार हम देखते हैं कि दर्शन मे दो प्रधान गुट हो सकते है। एक तो वह जो चेतना के महत्व पर बल देता है और दूसरा वह जो पदार्थ को चेतना से ऊपर ठहराता है। प्रथम अध्यात्म-वादी गुट है और दूसरा भौतिकवादी। इसी बात को फ्रेडरिक ऐंजल्स (Frederick Engeles) ने इस प्रकार कहा है—"The great basic question of all philosophy, especially of more recent philosophy, is that concerning the relation of thinking and being ...... spirit to nature .... which is primary, spirit or nature .......The answers whixh the philosophers gave to this question split them into two great camps" (i. e Idealism and Materialism)। इन दो अवस्थाओ के अतिरिक्त एक तीसरी अवस्था भी हो सकती है जिसमे कि चेतना

ग्रौर पदार्थ दोनो को ही अज्ञात मान लिया जाता है। यह शून्यवाद है। इससे परिचित नही था।

यह तो हुआ दर्शन का एक मूल प्रश्न कि सत्य क्या है? अब दूसर सम्मुख आता है कि सत्य कैसा है? दार्शनिको का एक सम्प्रदाय इस उत्तर मे कहता है कि सत्य विकासशील है। दूसरा दल यह कहता है वि अचल एव स्थाणु है। दूसरे दल के सभी दार्शनिक अध्यात्मवादी हैं। स विकासशील मानने वाले दार्शनिको मे भी दो दल हैं। पहला तो उन दा का है जो पदार्थ को प्रधान मानते हैं। इसका सिद्धान्त भौतिक विकासव दूसरा उन विचारको का है जो चेतना को प्रधान मानते हैं। इसका आध्यात्मिक या चेतन विकासवाद है। डार्विन और मार्क्स भौतिक विक हैं। हीगेल और श्री अरविन्द आध्यात्मिक विकासवादी हैं।

इनके अतिरिक्त विभिन्न दार्शनिको मे समन्वय की प्रवृत्ति भी र हीगेल और श्री अरविन्द ने पदाथ और चेतना के कटु विरोध को दूर क समन्वय का प्रयत्न किया। श्री अरविन्द ने विकास और अचलता के का भी प्रयत्न किया है।

## कवि को प्रभावित करने वाले स्रोत

दर्शन की सामान्य विवेचना के पश्चात् कवि को प्रभावित कर स्रोतो का सक्षिप्त विवेचन आवश्यक है। यह ऊपर कहा जा चुका है वि पन्त देशी-विदेशी अनेक सिद्धान्तो से प्रभावित हैं। यहाँ केवल उन्हीं और स्रोतो के विषय मे कहा जायगा जिनका कवि की कृतियों पर सघन पड़ा है। वे हैं—उपनिषद्, दर्शन, अद्वैतवाद, स्वामी विवेकानन्द, मा गाँधीवाद और श्री अरविन्द का दर्शन। इसके अतिरिक्त हीगेल के द भी कवि प्रभावित हुआ है। किन्तु उसके स्वतन्त्र विवेचन की आव नही है क्योंकि उसका प्रभाव श्री अरविन्द के प्रभाव मे ही अन्त जाता है।

उपनिषद् सूर्य के समान है जिन्होंने न जाने कितने चन्द्रमा जैसे नक्ष ज्योतित किया है। भारतवर्ष में जितने भी चिन्तक हुए, वे सभी किसी

रूप मे उपनिषदो से प्रभावित हुए। विरोधी दार्शनिक मत भी उपनिषदों को ही अपना आधार बनाने मे समर्थ होते हैं। इसका कारण यह है कि न तो वे किसी एक व्यक्ति की रचना हैं, न ही एक युग में उनका निर्माण हुआ, और न ही उनका उद्देश्य किसी सम्बद्ध दर्शन-मत की स्थापना करना रहा है। एस० राधाकृष्णन ने लिखा है—"The aim of the Upanisads is not so much to reach philosophical truth as to bring peace and freedom to the anxious human spirit" उपनिषदो का उद्देश्य व्यग्र आत्मा को शान्ति और स्वाधीनता प्रदान करना है। यही कारण है कि आज तक उनका महत्व अक्षुण्ण है।

उपनिषदो का उद्देश्य क्या है। सत्य का साक्षात्कार—सत्य ज्ञान अनन्त ब्रह्म। साधन क्या है? सत्य—"सत्यमेव जयते नानृत, सत्येन पन्था विततो देवयान। येनाक्रमन्त्यपयो ह्याप्त कामा यत्र तत्सत्यस्त परम निधानम्"। सत्य ही जय को प्राप्त होता है, मिथ्या नहीं—सत्य मे ही देवयान मार्ग का विस्तार होता है, जिसके द्वारा आप्तकाम ऋषि लोग उसको प्राप्त होते हैं। जहाँ उस सत्य का परम निधान है—(मुण्डकोपनिषद् ३-१-६) साधक उसे कैसे प्राप्त कर सकता है? सत्य रूप होकर—यस्तु विज्ञान वान्भवति समनस्क सदा शुचि (कठोपनिषद् १-३-८) सारे उपनिषदो का सार यही है कि साधक सत्य स्वरूप होकर, सत्य के मार्ग पर आरूढ होकर सत्य तक पहुँचता है।

केनोपनिषद् का आरम्भ ही इस जिज्ञासा से होता है। "केनेषित पतति प्रेषित मन" आदि। श्वेताश्वेतरोपनिषद् का आरम्भ भी "कि कारण ब्रह्म कुत. स्म जाता" (ससार का कारण ब्रह्म कैसा है? हम कहाँ से उत्पन्न हुए?) आदि जिज्ञासा से हुआ है। इन सभी प्रश्नो का उत्तर एक ही है और वह है ब्रह्म।

सशयात्मा यह सुनकर चौंक उठेंगे। किन्तु उन्हे यह समझना चाहिए कि तर्क से भी बढकर एक प्रमाण है और वह है अनुभव। उपनिषद मे बुद्धि की शकाओ का समाधान अनुभव द्वारा किया गया।

ब्रह्म कैसा है? इसका एक उत्तर यही है कि वह अवाङ्मनस-गोचर है। यह बात उपनिषदो मे स्थान-स्थान पर कही गई है। केनोपनिषद् के यक्षोपाख्यान

मे, "तथा न तत्र चक्षुगच्छंतिन" (१-३-) यन्मनसा न मनुते येनाहु'मनोमतम्" १।४ आदि मन्त्रो मे यह बात स्पष्ट की गई है। तो वह कैसे प्राप्त होता है ? "यमेवैष विवृणुते तेन लभ्य" (कठोपनिषद् १-२-२३) जिसे वह स्वय वरण करता है, वही उसे जान सकता है। गुरु से ज्ञान प्राप्ति का भी आदेश दिया गया है। "ताद्विज्ञानार्थं गुरुमेवाभिगच्छेत्" मुण्डकोपनिषद् १-२-१२।

इसके बाद प्रश्न यह होता है, ब्रह्म और जगत तथा ब्रह्म और आत्मा मे क्या सम्बन्ध है ? कही जगत को ब्रह्म कहा गया है (पुरुष एवेद विश्व, कर्म तपो ब्रह्म परामृतम्—मुण्डकोपनिषद् (२-१-१०), कही जगत को ब्रह्म का निवास कहा गया है—( ईशावास्यकिमद सर्वं— ईशो० १ ) और कही जगत को ब्रह्म का "हिरण्यमय पात्र" ( ईश० १५ ) कहा गया है। माण्डूक्योपनिषद् मे आत्मा को ब्रह्म कहा गया है—( सर्वं ह्येतद् ब्रह्मायमात्मा ब्रह्म सोऽयमात्मा चतुष्पात्। ( माण्डूक्य०-२ ) और कभी ब्रह्म से आत्मा की उत्पत्ति उसी प्रकार मानी गई है जिस प्रकार अग्नि से चिंगारियाँ निकलती हैं जो फिर उसी मे विलीन हो जाती है। ( मुण्डको० २-१-१ )

आज विज्ञान के युग मे इस सारे विवेचन को मानने मे अनेक बाधाएँ हैं। किन्तु यदि इस सत्य को स्वीकार कर लिया जाए कि अनुभव तर्क से कहीं अधिक विश्वसनीय है, तो यह सारे विघ्न दूर हो जाएँगे। कवि पन्त आरम्भ से ही आस्तिक रहा है। इसके लिए उपनिषदो मे स्वाभाविक आकर्षण है।

ब्रह्म की प्राप्ति के लिए जीव को साधना करनी पड़ती है। आज का बुद्धि-जीवी प्राणी भी इस साधना के महत्व को अस्वीकार नही कर सकता। उपनिषद् का ऋषि उद्बोधन का आह्वान करता है—

उत्तिष्ठत जाग्रत वरान्निबोधत।
क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया।
दुर्गं पथस्तत्कवयो वदन्ति ॥ कठो० १-३-१४

इस मन्त्र की शक्ति से कौन इन्कार कर सकता है ? आलस्य, अविवेक आदि दुर्गुणो की निन्दा की गई है। ये ही सफलता के शत्रु हैं। मनुष्य और मनुष्य की एकता की दृढ प्रतिष्ठा उपनिषदों में मिलती हैं। यह समत्व आज के मानव का सबसे बड़ा स्वप्न है। उसी ने पन्त को विशेष प्रभावित किया है।

(२) अद्वैतवाद—वेदात सूत्र, गीता और उपनिषद्-प्रस्थानत्रयी का आधार लेकर शकराचार्य ने अद्वैतमत की प्रतिष्ठा की। अद्वैतवाद के सूक्ष्म विवेचन और सम्बद्ध विश्लेषण का ही चमत्कार है कि उपर्युक्त तीनो ग्रन्थ पीछे पड गए और अद्वैतवाद प्रधान हो गया। यद्यपि अन्य अचार्यो ने प्रस्थानत्रयी के आधार पर अद्वैत के खण्डन का प्रयत्न किया किन्तु इसकी महत्ता कम नही हुई। आज भारत के अधिकाश विचारक अद्वैतवाद की भूमिका पर ही इन तीनो ग्रन्था का अध्ययन करते हैं।

अद्वैतवाद के अनुसार ब्रह्म एकमात्र सत्य है। आत्मा भी ब्रह्म है और जगत भी। किन्तु जीव अपने को वह नहीं समझता। वह दुखी रहता है, मत्यु से डरता है, परिवर्तनशील है, नाशवान है, फिर वह शुद्ध चैतन्य ब्रह्म कैसे हो सकता है ? इन सभी मुसीबतो का कारण है अविद्या या मायाकृत अभ्यास। जीव अपने को बधा हुआ, और मर्त्य समझने लगता है। जबकि वास्तव मे वह ब्रह्म ही है। इस बात को समझने के लिए हार के खो जाने का दृष्टान्त दिया जाता है। किसी स्त्री ने हार पहन रखा था। किन्तु वह भूल गई और समझी कि वह कही खो गया है। वह उसे ढूँढने लगी। किन्तु वह मिलता कैसे ? वह बहुत दुःखी होकर रोने लगी। किसी ने उसे बताया कि हार तो गले में ही है। वह प्रसन्न हो गई। अब देखिए कि क्या उस स्त्री का हार कही उससे दूर था ? क्या उसे प्राप्त करने के लिए उसे कोई कर्म करना पडा ? नही। हार तो पहले से ही था। केवल वह भ्रम मे थी कि हार उसके पास नही है। जैसे ही उस उसकी सखी ने बताया, उसे ज्ञात हुआ कि हार तो उसके पास ही है। इसी प्रकार जैसे ही गुरु अधिकारी शिष्य से कहता है "तत्त्वमसि" (वह तुम हो) उसे ज्ञान हो जाता है। ब्रह्म की प्राप्ति नही होती वह तो जीव है ही। केवल वह अपने यथार्थ ज्ञान को खो बैठता है। अर्थात् माया में डूब जाता है। इस कथा से यह भी सिद्ध हो जाता है कि कर्म से ब्रह्म-ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। ढूँढने से हार प्राप्त नही होता। केवल ज्ञान ही सत्य को प्रकाशित कर देता है। ज्ञान प्राप्ति के लिए ससार का त्यागना आवश्यक है।

अब प्रश्न यह होता है कि ब्रह्म से जगत् की उत्पत्ति कैसे होती है ? शंकरा-

चार्य ससार को मिथ्या मानते हैं। सत्य ब्रह्म से मिथ्या जगत् की उत्पत्ति कैसे ? इसे समझने के लिए रस्सी और साँप का दृष्टात दिया जाता है। अन्धेरे में एक रस्सी पडी हुई थी। एक मनुष्य ने उसे सर्प समझा। वह चिल्लाने लगा, डर कर भागने लगा। इतने मे एक व्यक्ति प्रकाश लेकर वहाँ आया। देखा तो वह रस्सी थी। मनुष्य का डर और दुख भाग गया। क्या रस्सी सचमुच साँप बन गई थी ? इसी प्रकार ब्रह्म में परिवर्तन नही होता। क्या रस्सी मे साँप देखने से रस्सी मे कोई विकार आया है ? इसी प्रकार दृश्य जगत ब्रह्म के शुद्ध स्वरूप को विकृत नही करता।

अब प्रश्न होता है कि माया क्या है ? माया की कोई सत्ता नही वह केवल भाव रूप है, व्यक्तिकृत है। वह है क्योकि जब तक हम ससार मे रहते है, हमारे लिए परेशानियाँ पैदा होती रहती है। किन्तु पारमार्थिक दृष्टि से वह नही है। क्योकि वह ही एकमात्र सत्य है। इसीलिए उसे अनिवचनीय कहा जाता है। अनिर्वचनीय का यह अर्थ नही लगाना चाहिये कि माया ऐसा पदार्थ है कि जिसका वर्णन नही हो सकता। माया की अनिर्वचनीयता विचारको की असमर्थता नही है, वरन् यह माया का स्वरूप है। जो वस्तु है भी ( सासारिक या व्यावहारित दृष्टि से ) और जो नही भी है। (परमार्थिक दृष्टि से) उसका विशेषण अनिर्वचनीय के अतिरिक्त अन्य कौनसा शब्द हो सकता है ?

दही दूध का विकार है। दूध यथार्थ मे दही का रूप धारण कर लेता है किन्तु साँप रस्सी का विवर्त्त है, विकार नही, क्योकि रस्सी मे कोई वास्तविक परिवर्तन नही होता। इसी प्रकार ससार ब्रह्म का विवर्त है। इसीलिए अद्वैतवाद को विवर्तवाद कहा जाता है। माया का आधार लेकर कई उसे मायावाद भी कहते हैं। माया और विवत तो दृश्य जगत की व्याख्या के लिए हैं। वैसे तो विवर्त भी अयथार्थ है। और माया भी भाव रूप है। माया और विवर्त शङ्कर के दर्शन के सत्य आधार नही हैं, उसका आधार है ब्रह्म और आत्मा का अनन्यत्व। इसीलिए अद्वैतवाद नाम ही उचित है।

ब्रह्म शुद्ध चैतन्य है, निश्चेष्ट स्वयप्रकाश है। जीव अन्धकार मे डूबा है फिर जीव को ब्रह्म का ज्ञान कैसे हो ? ईश्वर वह है जो माया से खेलता है और इसके साथ ही उसे अपने पूर्ण ब्रह्म होने का भी ज्ञान है। ज्ञान और माया दोनो एक

साथ ही ईश्वर में विद्यमान है। ईश्वर ही जीव पर अनुग्रह कर उसे सत्य का ज्ञान कराता है।

ब्रह्म पारमार्थिक सत्य है। संसार व्यावहारिक सत्य है और रस्सी में सांप के दर्शन प्रतिभासित सत्य है। पारमार्थिक दृष्टिकोण से संसार और रस्सी मे का सांप दोनों ही समान रूप से मिथ्या है। यह नही समझना चाहिए कि संसार रस्सी के सांप से अधिक सत्य है। दोनो का भेद अज्ञान के क्षेत्र के भीतर है। प्रतिभासित सत्य तो थोड़े समय में ही नष्ट हो जाता है, व्यावहारिक सत्य संसार के नाश में देर लगता है।

जिस प्रकार मनुष्य के लिए रस्सी प्रतिभासित सत्य है, उसी प्रकार जगत ईश्वर के लिए प्रतिभासित सत्य है। तो क्या ईश्वर भी इसमें विकम्पित या भयभीत होता है। नही ! इन्द्रजाली पर इन्द्रजाल का कोई प्रभाव नही होता क्योंकि वह जानता है कि यह सब मिथ्या है।

प्रातिभासित और व्यावहारिक सत्य के भेद का आधार मानकर कई विद्वानो का यह कथन है कि शंकर संसार को भी सत्य की एक कोटि में मानता है। किन्तु यह गलत है।

आत्मा और ब्रह्म के अभेद का ज्ञान ही मुक्ति है। यह अभेद ज्ञान तभी होगा जब यह जीव सभी भेदों को मिथ्या समझ लेगा।

मुक्ति का साधन है ज्ञान। ज्ञान और कर्म का प्रकाश और अन्धकार का सा विरोध है। कर्म का सम्बन्ध योग क्षेम से रहता है, जो अविद्या के भीतर है। ज्ञान-कर्म समुच्चय भी गलत है। क्योंकि सत्य और झूठ का सम्बन्ध कैसे हो सकता है। भक्ति भी अमान्य है क्योंकि यह भी भक्त और भगवान को द्वैत मानती है।

यह ज्ञान तर्क ज्ञान नही है क्योंकि तर्क की अपनी सीमा है और ब्रह्म तर्क से नही जाना जा सकता। यह ज्ञान अनुभव ज्ञान है, स्वयं प्रकाश ज्ञान है, जो तर्क से उत्कृष्ट है।

(२) स्वामी विवेकानन्द—आधुनिक युग में अद्वैत के तीन प्रधान व्याख्याता हुए—स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द और स्वामी रामतीर्थ।

इनकी विचारधारा से भी कवि पन्त प्रभावित हुआ। इसलिए स्वामी विवेकानन्द की विचारधारा का निरूपण उपयोगी होगा।

स्वामी विवेकानन्द अद्वैतवाद को ही दर्शन का चरम रूप मानते थे। किन्तु आधुनिक युग में सर्वत्र भौतिकवाद, अविश्वास और बौद्धिकता का साम्राज्य था। सारे दर्शन को पलायन वृत्ति का प्रतीक माना जाने लगा। अद्वैतवाद के केवल एक पक्ष—ससार के मिथ्यात्व को लेकर उसे असफल एव असिद्ध घोषित किया गया। यह भी कहा जाने लगा कि शकर मनुष्य को जीवन से विमुख होना सिखाता है। ससार को मिथ्या मान लेने पर सदाचार का कोई महत्व नही रहता। स्वामी जी ने इन सभी आक्षेपो के उत्तर दिए।

शकर के आलोचको ने ससार के मिथ्यात्व को उसकी असफलता माना। स्वामी विवेकानन्द ने अद्वैत दर्शन के मूल पक्ष पर बल दिया और वह है, आत्मा और ब्रह्म का अभेद, ससार और ब्रह्म का अभेद। स्वामी जी के विचारो को उन्ही के शब्दो में देना अधिक उचित होगा।

सर्वप्रथम उन्होंने धर्म और दर्शन पर बढ़ते हुए अविश्वास का युक्ति युक्त खण्डन किया। इसके साथ ही पश्चिमी विद्वानो द्वारा भारतीय धर्म-साधना पर लगाए गए आरोपो का भी उत्तर देना था। उन्हें भारत-विभूति के ऐश्वर्य को ससार के सम्मुख रखना था।

चाहे किसी भी भौतिक विषय को लिया जाए, यदि उसका पूर्ण एव सूक्ष्मतम अध्ययन किया जायगा, तो वह विषय इतना सूक्ष्म हो जायगा कि वह भौतिक न रह कर अभौतिक हो जायगा। "The gross melts in the fine, physics into metaphysics, in every department of knowledge' (The science and Philorophy of Religion p 3) और आज विज्ञान हमें बताता है कि पदार्थ ( Matter ) और गति (Motion) दोनो ही मूल सत्य शक्ति (Energy) में लय हो जाते हैं। गणित शास्त्र मे हमें Wave particle aspect of energy का नाद सुनाई देता है। जिसके अनुसार यह मान लिया गया है कि लहरें और अणु शक्ति के दो रूप हैं।

यह प्रश्न किया जाता है कि क्या धर्म और दर्शन मनुष्य का पेट भर

से अकमण्यता कर्मण्यता बन सकती है। जो वास्तविक कर्मण्यता वेदान्त का लक्ष्य है, वह कभी भी न टूटने वाली शाश्वत शान्ति से युक्त है।' ...... और हम सब जानते हैं कि कार्य की सफलता के-लिये यही अवस्था सर्वश्रेष्ठ है।"

(वही पृ० ४)

स्पष्टत यहाँ गीता के निष्काम कर्मयोग और स्थितिप्रज्ञ के महत्व की प्रतिष्ठा है।

संसार के बढते हुए सघर्ष को देखकर व्यक्ति का साहस छूटा जा रहा है। कोई तो इससे भयभीत होकर जगलो में चले जाते हैं, और कुछ व्यक्ति की शक्तियो पर अविश्वास कर समाज की शरण में जाते हैं। दोनो प्रवृत्तियाँ ही कायरता की परिचायक हैं। मनुष्य को आत्मशक्ति पर विश्वास होना चाहिये। व्यक्ति के अन्दर उमग की ऐसी तरग है जिसके वेग के सामने कोई भी बाधा नही टिक सकती। वेदान्त व्यक्ति को आत्मविश्वास सिखाता है। मनुष्य पापी नही है जैसा कि ईसाइयो के धार्मिक मानते हैं, वह शक्तिहीन नही है। स्वामी विवेकानन्द ने कहा है—

"वह नास्तिक है जिसे अपने आप मे विश्वास नहो है।"

(वही पृ० १६)

वेदान्त के विरुद्ध एक यह आक्षेप भी लगाया जाता है कि वह व्यक्तित्व का नाश करना सिखाता है। अपने व्यक्तित्व को ब्रह्म में लान करने को कहता है। रत्नाकर ने 'उद्धव शतक' मे गोपियों के मुख से यही कहलवाया है कि "सागर मे बूँद गिर जाने से सागर का क्या बन-बिगड जायेगा, हाँ बूँद की बूँदता मिट जायेगी।" इसके उत्तर मे कहते हैं—

"किन्तु वेदान्त का लक्ष्य व्यक्तित्व का नाश नही, उसका यथाथ साक्षात्कार है।"

(वही पृ० ७३)

स्वामी विवेकानन्द के युग मे भी डार्विन के विकासवाद का बड़ा जोर था किन्तु जड और अन्ध विकास किसी को भी मान्य नही है। पश्चिम के वैज्ञानिको ने भी डार्विन का कडा-विरोध किया है और बर्गसा, अलैक्जैन्डर तथा मॉर्गन आदि ने चेतन विकासवाद की प्रतिष्ठा की है। स्वामी विवेकानन्द ने लिखा है—

"" .. और जिस परिवर्तन की समष्टि को हम विकास कहते हैं, उसका कारण है आत्मा, जो निरन्तर अपनी असीम शक्ति का अधिकाधिक प्रकाशन किया करती है।" ( वही पृ० ८६ )

और आगे—

"उस असीम शक्ति के प्रकाशन का अर्थ है उससे परिचित होना। धीरे-धीरे यह विराट देव जाग रहा है, अपनी शक्ति से अवगत होता जा रहा है, और प्रबुद्ध होता जा रहा है। जैसे-जैसे उसकी चेतना उद्बुद्ध होती जाती है, उसके बन्धन टूटते जा रहे हैं, उसकी शृङ्खलाएँ पाश-पाश होती जा रही हैं, और वह दिन अवश्य आएगा जब यह देव अपनी असीम शक्ति और अबाध कौशल का ज्ञान प्राप्त कर, अपने पाँव पर तन कर खड़ा हो जाएगा। आइए हम सब मिलकर उस दिव्य जागरण को शीघ्र पूरा होने मे सहायता दें।"

( वही पृ० ४८५ )

श्री अरविन्द ने उपनिषद् दर्शन और चेतन विकासवाद का सामञ्जस्य किया है। श्री अरविन्द ने 'इस देव' मे मिलते-जुलते गुणों वाले नॉस्टिक व्यक्ति की भावना की है। पन्त के नवमानव पर इन दोनो की छाया है।

स्वामी विवेकानन्द ने शंकराचार्य द्वारा प्रतिपादित अद्वैतवाद का कहाँ तक निर्वाह किया है, यह प्रश्न विवादग्रस्त है। किन्तु यह स्पष्ट है कि स्वामी जी के विचारो मे शंकर मे पर्याप्त भिन्नता लक्षित होती है और यह भिन्नता आधुनिक युग की माँग थी। शंकराचार्य के लिए नीति-शास्त्र ( Ethics ) केवल दृश्य जगत के भीतर की चीज है किन्तु स्वामी जी उच्चतम दार्शनिक सत्यो से उसके समन्वय की बात करते हैं। शंकर ने यह निर्दिष्ट रूप से आदेश दिया कि ज्ञान की प्राप्ति के लिए सन्यास आवश्यक है, किन्तु स्वामी जी के अनुसार व्यक्ति संसार मे रहकर ही मुक्ति प्राप्त कर सकता है।

इसके अतिरिक्त स्वामी विवेकानन्द ने संसार के विवर्त और माया पर कही भी बल नही दिया। स्पष्टत स्वामी जी शंकराचार्य की अपेक्षा प्रस्थानत्रयी के अधिक निकट हैं। उन्होंने अद्वैत को आधुनिक युग के अनुकूल बनाने का प्रयत्न किया है। किन्तु यह भी सत्य है कि उन्होंने शंकर अद्वैत का मूल सिद्धान्त—ब्रह्म

ग्रौर ग्रात्मा की एकता तथा ब्रह्म ग्रौर जगत की एकता—को पूर्णत स्वीकार किया है, स्वीकार ही नही किया, परिस्थितियो के ग्रनुकूल उसका विशद वैज्ञानिक विवेचन भी किया है। "ब्रह्म सत्य जगन्मिथ्या" ग्रौर "सर्वं खल्विद ब्रह्म" मे से स्वामी जी प्रथम की ग्रपेक्षा दूसरे सत्य की ग्रोर कही ग्रधिक ग्राकृष्ट हैं।

४—**मार्क्सवाद**—इस ग्रध्याय के ग्रारम्भ में ही दर्शन के दो रूपो का भेद स्पष्ट किया गया है। भौतिकवाद पदार्थ को प्रधान मानता है। तो फिर चेतना कहाँ से उत्पन्न हुई ? पदाथ से।

एँजेल्स ने कहा कि "चेतना का जन्म मानव-मस्तिष्क से होता है ग्रौर मनुष्य प्रकृति की उपज है।"

एँजेल्स ने यह दिखाने का प्रयास किया है कि चेतना ग्रौर प्रकृति के ग्रन्य रूपों मे कोई विरोध नही क्योकि चेतना प्रकृति की उपज है। यह तो हुग्रा भौतिकवाद का सामान्य रूप।

मार्क्स ने इसमें द्वन्द्ववाद (Dialectics), इतिहास की भौतिक व्याख्या (The materialist conception of History) ग्रौर वर्ग सघर्ष (Class struggle) के सिद्धान्तो को जोडकर उस वाद को जन्म दिया जिसे मार्क्सवाद कहा जाता है। इस प्रकार हम देखते है कि मार्क्सवाद भौतिकवाद का ही एक विशिष्ट रूप है।

५—**द्वन्द्ववाद**—ऊपर कहा जा चुका है कि सत्य या तो विकासशील हो सकता है, या स्थाणु। मार्क्स के लिए पदार्थ सतत् गतिशील है। विश्व में ग्रनेक व्यापार चला करते है, क्रिया—प्रतिक्रिया हुग्रा करती है, जिसके फलस्वरूप ससार मे सर्वत्र गति दिखाई देती है। यह गति सदैव उन्नति की ग्रोर होती है। विकासवाद ग्रौर द्वन्द्ववाद मे भेद है। विकासवाद के ग्रनुसार विकास एक निश्चित सीधी दिशा में निश्चित चाल मे होता है। किन्तु मार्क्स के ग्रनुसार यह विकास सीधी दिशा मे नही वरन् टेढी-मेढी दिशा मे, ग्राकस्मिक ग्रौर क्राति के रूप मे होता है। क्योकि इस प्रगति का कारण सघर्ष द्वन्द्व है, इसलिए इसके सिद्धान्त को द्वन्द्ववाद कहा जाता है। राहुल ने ग्रपने 'दर्शन दिग्दर्शन' मे लिखा है कि "गीतवाद को ही द्वन्द्ववाद भी कहते हैं।" (पृ० ३५७)

मार्क्स ने यह द्वन्द्व सिद्धान्त हीगेल के दर्शन से ग्रहण किया।

अब प्रश्न यह होता है कि इस गतिवाद का, इस द्वन्द्ववाद का स्वरूप क्या है। पहले एक अवस्था (Thesis) होती है। फिर उसके विरोध में प्रतिक्रिया (Antithesis) का जन्म होता है। अवस्था और प्रतिक्रिया के सघर्ष के फलस्वरूप एक तीसरी अवस्था उत्पन्न होती है जिसमें प्रथम दोनो अवस्थाओं का सामजस्य पाया जाता है। इसे समन्वय (Synthesis) कहते हैं। प्रतिक्रिया अवस्था का प्रतिषेध करती है और समन्वय प्रतिक्रिया का प्रतिषेध करता है—अर्थात् समन्वय प्रतिषेध (प्रतिक्रिया) का निषेध है। यह समन्वय ही आगे के विकास-क्रम में अवस्था बन जाता है, जिसके विरुद्ध प्रतिक्रिया होती है और फिर एक समन्वय हमारे सामने आता है। इस प्रकार यह द्वन्द्ववाद सीधी गति मे (In straight line) न चलकर टेढ़ी-मेढ़ी (Spiral) गति मे चलता है। इसी बात को इस रूप मे दिखाया जा सकता है—

अग्रसर होते है, तो यह सिद्ध करना आवश्यक हो जाता है कि उसका जन्म और विकास समाज की भौतिक परिस्थिति के अनुकूल ही होता है।

अब प्रश्न उठता है कि समाज की भौतिक परिस्थिति का क्या अभिप्राय है ? किसी भी समाज के उत्पादन के साधन ही—रोटी, कपडा आदि पैदा करने के उपाय हो—उसकी भौतिक परिस्थिति के परिचायक हैं। उत्पादन के साधन सदैव एक से नही रहते। युग की चाल के साथ-साथ वे भी बदलते रहते हैं।

उत्पादन के साधनो के अनुरूप ही समाज के पारस्परिक सम्बन्धो का निर्माण होता है। मानव के ये समाजगत सम्बन्ध अनिवार्य हैं, मनुष्य अपनी इच्छा से उन्हे बना या बिगाड नही सकता क्योकि वे तो उत्पादन के साधनो द्वारा ही नियन्त्रित हैं। केवल पारस्परिक सम्बन्ध ही नही, व्यक्ति की बौद्धिक चेतना और विचार परिपाटी के जन्मदाता भी यही उत्पादन के साधन है। समाज की दशा समाज के चिन्तन के अनुरूप नही होती, वरन् समाज का चिन्तन समाज के उत्पादन के साधनो के अनुसार हुआ करता है। साहित्य की आत्मा और उसके मान-दण्डो का निर्धारण करने वाले भी ये उत्पादन के साधन ही जीवन की सामाजिक, राजनीतिक और बौद्धिक प्रक्रियाओ को नियन्त्रित करते हैं। चेतना मानव के जीवन को नियन्त्रित नही करती, वरन् सामाजिक जीवन चेतना का नियन्त्रण करता है।

जब उत्पादन के साधन बदल जाते है, तो समाज की चिन्तन-धारा और पारस्परिक सम्बन्धो का भी बदलना आवश्यक हो जाता है। पुरानी विचार-धारा और सामाजिक-सगठन अपने मूल्य खो बैठते हैं। सामाजिक क्रान्ति का जन्म होता है। नये चितन और सामाजिक रूप-रेखा का जन्म होता है।

सुमित्रानन्दन पन्त ने 'आधुनिक कवि' की भूमिका मे भारतवर्ष के इतिहास की भौतिक व्याख्या प्रस्तुत की है। उसे ही यहाँ उदाहरण के लिए लिया जा सकता है। भारतीय इतिहास के आदिम पशुजीवी युग मे उत्पादन का साधन था पशु पालन। राम और कृष्ण के युग मे—कृषि युग मे—उत्पादन का साधन हुआ खेती। बस समाज की सारी व्यवस्था बदल गई। आदिम युग मे मनुष्य के यौन सम्बधो पर कोई नियन्त्रण नही था। राम ने अपने युग के

अनुरूप एक नारी व्रत का पालन किया। खेत पर काम करने वाले मनुष्य के लिये एक पक्के और सच्चे साथी की आवश्यकता थी। किन्तु स्त्री पुरुष की दासी नही है। कृष्ण ने नारी-स्वतन्त्रता के लिये सफल प्रयत्न किया। आज का युग यन्त्र-युग है। यन्त्र ही उत्पादन का साधन है। इसलिए सामन्तवादी सामाजिक सगठन का बदलना अनिवार्य है।

## वर्ग-सघर्ष

इतिहास हमे बताता है कि प्रत्येक युग मे जातियाँ आपस में लडती रही। राष्ट्रो मे परस्पर युद्ध होते रहे। एक ही राष्ट्र में बसने वाले विभिन्न वर्ग भी आपस मे लडते रहे। मार्क्स ने इस विश्व-व्यापी और सर्व-युगीन सघर्ष का कारण वर्ग-सघर्ष बताया। उसका कहना है कि "वर्तमान समाज का इतिहास" वर्ग-सघर्ष का इतिहास है।

प्रधान वर्ग दो ही हैं। एक शोषक जिसका उत्पादन के साधनो पर अधिकार है और दूसरा शोषित। शोषक और शोषित वर्ग का यह सघर्ष सदैव से चलता आया है, चल रहा है और तब तक चलता रहेगा जब तक कि वर्गों को पूर्णंत मिटा नही दिया जाता।

मार्क्स यह भी मानता है कि आज के युग में बूर्जुआ वर्ग के विरुद्ध केवल सर्वहारा ही पूर्णंत प्रगतिगामी है। मध्य वर्ग तो रूढिवादी और प्रतिक्रियावादी है।

इसके अतिरिक्त मार्क्स यह भी मानता है कि प्रत्येक वर्ग-सघर्ष राजनीतिक सघर्ष है।

## अर्थ-सचय और क्रान्ति

किसी भी वस्तु का मूल्य दो दृष्टियो से देखा जाता है। प्रथम तो यह कि वह मानव की आवश्यकता पूरी करती है, और द्वितीय, उसके बदले मे कोई भी दूसरी वस्तु प्राप्त की जा सकती है। बदले में दूसरी वस्तु प्राप्त करने की शक्ति ही उस वस्तु का मूल्य कहलाती है। पहले वस्तुओ का आदान-प्रदान वस्तुओ द्वारा ही होता था। अर्थ (Money) नाम की कोई चीज नही थी। धीरे-धीरे अर्थ का आविर्भाव हुआ और वस्तुओ के क्रय-विक्रय का एकमात्र साधन यह अर्थ ही बना। धीरे-धीरे अर्थ ने पूंजी (Capital) का रूप धारण किया।

मानव जाति का इतिहास हमे यह बताता है कि पूँजी धीरे-धीरे कम से कम हाथो मे पु जीभूत होती जाती है। उसी को मार्क्स ने "Historical tendency of capitalist accumulation" कहा है। फिर दो वर्ग बन जाते हैं। एक पूँजीपतियो का शोषक वग, दूसरा सर्वहारा का शोषित वर्ग। शोषक कम मजदूरी पर अधिक काम चाहते हैं। मजदूर अपनी मजदूरी का पूरा लाभ स्वय उठाना चाहते हैं। पूँजीपतियो और मजदूरो मे सघर्ष का आरम्भ होता है। यह वर्ग-संघर्ष जोर पकड जाता है। फिर रक्त-क्रान्ति होती है और वर्गहीन समाज की स्थापना होती है, जिसमे अय का समान वितरण होता है और निजी सम्पत्ति का खात्मा हो जाता है।

## ५—महात्मा गाँधी

महात्मा गाँधी ने भारत की स्वतन्त्रता के लिए निरन्तर सघष किया किन्तु मार्क्सवादी गाँधी को प्रतिक्रियावादी ठहराते थे, क्योंकि उन्होंने रक्त-क्रान्ति नही होने दी। पन्त भी रक्त-क्रान्ति के विरुद्ध हैं। गाँधीवाद का सक्षिप्त विवरण देने के पश्चात् ही पन्त का गाँधीवाद के प्रति दृष्टिकोण निर्धारित किया जा सकता है।

गाँधीवाद के तीन पहलू है—राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक। राजनीतिक क्षेत्र मे गाँधी और ब्रिटिश साम्राज्यवाद .ा सघर्ष आता है। स.माजिक क्षेत्र मे भारत के सास्कृतिक पुनरुत्थान की बात है और धार्मिक क्षेत्र मे गाँधी की आध्यात्मिक शक्ति का निरीक्षण करना है। जहाँ तक महात्मा गाँधी के धार्मिक स्वरूप का प्रश्न है, वह बुद्ध और ईसा की परम्परा में आते हैं। उनका क्रान्तिकारी रूप राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र मे लक्षित होता है। वे सन्त भी थे और क्रान्तिकारी भी। कोएसलर का कहना है कि आज के युग मे ऐसी प्रतिभा की आवश्यकता है जिसमें आध्यात्मिक उत्कर्ष के साथ-साथ क्रान्ति के बीज भी हो।

महात्मा गाँधी की राजनीति और समाज-सुधार का आधार है धार्मिक चेतना। उन्होंने लिखा है—"मेरी देश-भक्ति मेरे धर्म से नियन्त्रित है।" किन्तु इसका यह अभिप्राय नही है कि महात्मा जी कोरे आदर्शवादी रहे या उन्होंने

जनता की कमजोरियो का ध्यान किए विना अपने विश्वास पर अन्ध दृढ़ता से काम किया। आदर्श के साथ-साथ उनका ध्यान भारत की वर्तमान जनता की ओर भी रहा।

महात्मा गाँधी ने स्पष्ट घोषणा की कि मैं "व्यावहारिक आदर्शवादी" हूँ। महात्मा गाँधी ने बड़े स्पष्ट शब्दो मे यह कहा कि ब्रिटिश साम्राज्यवादियो से किसी प्रकार का भी समझौता नही हो सकता, क्योकि उनकी नीति का आधार है पाशविक शक्ति।

महात्मा जी के सिद्धान्त थे सत्य और अहिंसा। सत्य को उन्होंने अपनी जीवनी मे निरपेक्ष सत्य ( Absolute truth ) माना है। राजनीति के क्षेत्र में सत्य और अहिंसा के प्रयोग पर कई विद्वान् आक्षेप करते हैं। उसके उत्तर में कई विद्वान् यह कहते हैं कि उस समय भारत की दशा ऐसी थी कि वह सशस्त्र क्राति कर ही नही सकता था। किन्तु दोनो बातें गलत हैं। ब्रिटिश साम्राज्य बर्बर शारीरिक शक्ति का प्रतीक था। उनके प्रति गाँधी ने विद्रोह किया। वर्बरता की पाशविकता से नष्ट करने का प्रयास और भी भयकर था। सत्य और अहिंसा आध्यात्मिक शक्ति के प्रतीक हैं। महात्मा जी ने कुटिल शरीर को आत्मा से परास्त करने का निश्चय किया।

इतना ही नही महात्मा गाँधी के सामने केवल अपने देश का ही प्रश्न नही था, सारे विश्व की अशान्ति का दृश्य उनके सामने था। उस अशान्ति का कारण था—और है—मानव का नैतिक पतन। यह निश्चित है कि ससार मे शान्ति तभी हो सकती है जव मानव-तन्त्र नैतिकता मे दृढ रूप से आधारित हो।

अन्य वातो मे महात्मा जी के विचारो से विरोध रखते हुए भी टैगोर ने इस सम्वन्ध मे उनका पूर्ण समर्थन किया। उन्होने कहा कि "भारत की निहत्थी जनता ही यह सिद्ध कर सकती है कि नैतिकता पाशविक शक्ति से अधिक ताकत रखती है। हमारा युद्ध आध्यात्मिक युद्ध है—मानवता की मुक्ति के लिए सघप है।"

अहिंसा की नीति अपनाना कायरता का प्रतीक नही है। अहिंसक को हिंसक की अपेक्षा कही अधिक शक्ति की आवश्यकता होती है। महात्मा जी ने

कहा है। कि कायरता और हिंसा दोनो में से हिंसा को ही मैं पसन्द करूंगा। किन्तु अहिंसा हिंसा से कही अधिक उदात्त है।

महात्मा गांधी "गत आदर्शो के अन्तिम दीपशिखोदय" नहीं हैं, यह ऊपर की विवेचना से स्पष्ट हुआ। महात्मा जी की दृष्टि भूख से तड़पते हुए भारत पर पड़ी और उस करुण परिस्थिति को मिटाना ही महात्मा जी ने अपना उद्देश्य बनाया। उन्होंने स्वय लिखा है कि "जब सारा भारत भूख से तड़प रहा है तो मेरा केवल एक कर्त्तव्य है और वह है भूखो के लिए भोजन जुटाना। व्याकुल रोगियों को कबीर के पद के पदो से बहलाना असम्भव है।"

( महात्मा गांधी—रोमां रोला )

## ६—श्री अरविन्द

मानव की आकांक्षाएं क्या हैं? वह पूर्ण ईश्वरत्व, उन्मुक्त शक्ति, अनन्त ज्ञान, अपरिमित आनन्द और अबाध स्वतन्त्रता चाहता है। वह आज भी यही चाहता है, कल भी यही चाहता था, और आगे भी यही चाहेगा।

**चेतना और पदार्थ का सामरस्य**—आध्यात्मिक क्षेत्र मे भी मानव-साधना का लक्ष्य यही कामनाएं हैं और भौतिक क्षेत्र मे भी। हमे बताया जाता है कि शकराचार्य आदि ज्ञानियो ने भूत-जगत का तिरस्कार करके जीवन की चरम सफलता—ये सभी विभूतियां प्राप्त की। आज हम देखते हैं कि विज्ञान आत्म-जगत का पूर्ण तिरस्कार कर मनुष्य के उच्चतम लक्ष्य की पूर्ति इन्ही इच्छाओ की पूर्ति में—सग्लन है। विज्ञान और आध्यात्मिकता का यह युद्ध आज चल रहा है। क्या यह सभव है कि दोनो का उद्देश्य एक होते हुए भी उनमे भयकर शत्रुता हो?

श्री अरविन्द ने यह सिद्ध किया है कि चेतना और पदार्थ मे यह विरोध देखने का कारण है मानव की सकुचित दृष्टि। इस प्रकार की समस्याएं तभी उठती हैं जब मानव-चेतना मे उलझनें हो, जब वह भीतर सामरस्य के दर्शन करने मे असमर्थ हो। हमे अपने में जो गलतियां दिखाई देती हैं, वे सभी सत्य हैं—भले ही अनिर्दिष्ट रूप में।

वास्तव मे देखा जाए तो पदार्थ और चेतना में कोई विरोध नही है। दोनो

मे सामरस्य है। उपनिषदो मे पदार्थ को भी ब्रह्म कहा गया है। यह कहना भ्रम है कि ससार असत्य है (शकर)। विज्ञान ने भौतिक आधार पर जो प्रगति की है उसे भ्रम कहकर नही ठुकराया जा सकता। इसके साथ ही साथ ऋषियो-मुनियो ने कठोर साधना करके जिन आत्मिक शक्तियो का उपार्जन और गूढ रहस्यो का उद्‌घाटन किया है, उन्हें झूठा कह देना भी बुद्धि की विकृति प्रदर्शित करना है।

चेतना और पदार्थ दोनो की उपयोगिता को स्वीकार कर लेने के पश्चात्, उन्हे सत्य मान लेने के पश्चात् हमारे सामने प्रश्न आता है कि उनका पारस्परिक सम्बन्ध क्या है ? किस प्रकार हम चेतना और पदाथ मे सामरस्य स्थापित कर सकते हैं ? इस समस्या को हल करने के लिए हमें दो बातें स्वीकार करनी हैं—प्रथम हमे एक सर्वव्यापी सत्ता को पहचानना है जो इन दोनो तत्त्वो को उचित महत्व और गरिमा प्रदान करती है। द्वितीय, जब हम उस सर्वव्यापी सत्ता और चेतना तथा पदार्थ के पारस्परिक सम्बन्ध पर विचार करेंगे तो विकासवाद का सिद्धान्त ही सारी गुत्थियो को सुलझाता है। श्री अरविन्द के दर्शन का मूल है उपनिषद्-ज्ञान और विकासवाद का समन्वय। उपनिषद् का ज्ञान ही विकासवाद को वास्तविक एव पूर्ण सिद्धान्त बनाने में समर्थ है। श्री अरविन्द ने लिखा है कि प्राचीन पूर्वी ज्ञान और आधुनिक पश्चिमा विज्ञान के समन्वय की ओर ही आज का युग बढ रहा है।

उपनिषद् ज्ञान और आधुनिक विकासवाद के स्वरूप को समझने के लिए हमे पहले मूल सत्य से चलना पडेगा।

**मूल सत्य**—ससार मे हमे परिवर्तन का ज्ञान होता है। स्वानुभूति मे हमे एकरसकता का ज्ञान होता है। यह मैं जानता हूँ कि मैं वही हूँ जो परसो था, कल था, आज हूँ या कल हूँगा। सत्य के ये दो ही रूप हो सकते हैं—एक स्थिर, दूसरा गत्यात्मक। ये दोनो ही सत्य हैं।

"अत हमारे सामने दो सत्य हैं—एक विशुद्ध सत्ता और द्वितीय विश्व-सत्ता—सत्ता का सत्य और गति का सत्य। किसी एक को अस्वीकार करना

मासान है किन्तु सच्ची और फलवती योग्यता तो चेतना के सत्यो को समझाने और उनके पारस्परिक सम्बन्धो के उद्घाटन करने मे है।"

(डिवाईन लाईफ प्रथम भाग पृ० ११६)

जो स्थिर है वही ब्रह्म है और यह विकासशील सत्य है चेतना-शक्ति।

अब प्रश्न यह होता है कि क्या ये दो ही मूल सत्य हैं या इनसे परे भी कुछ है ? हाँ मूल सत्य तो शुद्ध चैतन्य (Absolute) है। यह अवाङ्मनसगोचर है। स्थिरता और गतिशीलता तो उम शुद्ध चैतन्य पर मानव-मस्तिष्क के आरोप हैं। हम उसे जान नही सकते इसलिए हमें उपर्युक्त दोनों सत्यो को स्वीकार कर लेना चाहिये।

उपर्युक्त दो सत्यों—स्थिर सत्ता और चेतन शक्ति—को मान लेने पर यह प्रश्न आता है कि उन दोनो का पारस्परिक सम्बन्ध क्या है ? तन्त्र शास्त्र मे जो शिव और शक्ति का अभेद स्वीकार किया गया है उसी प्रकार श्री अरविन्द स्थिर सत्ता और चेतना शक्ति को एक मानते हैं।

"शक्ति सत्ता से सपृक्त है। शिव और काली, ब्रह्म और शक्ति दो नही है जो अलग-अलग किये जा सकें। सत्ता से सयुक्त शक्ति शान्त हो सकती है या गतिवान हो सकती है। किन्तु जब वह शक्ति शान्त है तब भी वह रहती है और न मिटती हैं न कम होती है तथा न ही उसमें कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन आता है।"

(वही पृ० १२५)

अब प्रश्न यह होता है कि स्थिर सत्ता से शक्ति का उदय कैसे होता है ? क्यो होता है ? तो इसके उत्तर मे श्री अरविन्द कहते हैं कि यह एक शाश्वत सत्य है। ब्रह्म के अनन्त उल्लास की अभिव्यक्ति शक्ति की इस सजगता और क्रीडा मे होती है।

"अचल से गति का उदय एक सनातन सत्य है।"

(वही पृ० ११६)

"सम्पूर्ण सृष्टि या परिवर्तन इस आत्माभिव्यक्ति के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं है।"


(वही पृ० १६६)

## सृष्टि-क्रम (विकासवाद)

मूल सत्यो को स्थिर कर लेने के पश्चात् अब यह देखना है कि सृष्टि का क्रम क्या है ? चेतन शक्ति किस प्रकार अपने आप को अभिव्यक्त करती है ? विकास का क्या रूप है ?

भौतिक विकासवादी यह मानते है कि पदार्थ से चेतना उत्पन्न होती है। उसके अनुसार विकास की शक्ति सजग नही है, चेतन नही है, जड है। किन्तु श्री अरविन्द शक्ति को चेतन मानत है। कारण, ससार मे सर्वत्र हमे उपयोगिता और उपादेयता लक्षित होती है। प्रकृति का क्षुद्र से क्षुद्र अवयव भी कुछ उपयोगिता रखता है। यदि विकासगामी शक्ति जड है, तो यह उपयोगिता कैसे हो सकती थी ?

सच्चिदानन्द और चेतन शक्ति मे अभेद है। जो कुछ हमे दिखाई देता है, सभी सच्चिदानन्द की आनन्द-क्रीडा है। ससार रूप मे सच्चिदानन्द की अभिव्यक्ति के—सृष्टि क्रम के—दो रूप हैं। एक अवरोहण (Involution) दूसरा आरोहण (Evo ution)। अवरोहण की क्रिया आरोहण की क्रिया के ठीक विपरीत है। अवरोहण की दशा मे सच्चिदानन्द से अतिमन (Supermind) का उदय होता है, अतिमन से मन (Mind) का, मन से प्राण (Life) का और प्राण से पदार्थ (Matter) का। यह सभी सच्चिदानन्द की चेतना शक्ति के रूप मे अभिव्यक्ति है। आरोहण की क्रिया में पदार्थ के भीतर यह चेतना शक्ति ही उच्छ्वसित हो उठती है, प्राण को जन्म देती है, प्राण से मन को, मन से अतिमन को और अन्तिम अवस्था मे अतिमन सच्चिदानन्द मे लय हो जाता है। श्री अरविन्द ने सच्चिदानन्द की सृजनात्मिका शक्ति को माया कहा है। माया के दो रूप है। नीच माया तो ससार के भेदो को और विषमताओ को जन्म देती है। पदार्थ, प्राण और मन तक की अवस्थाएँ नीच माया के भीतर हैं। अतिमन मे उच्च माया का क्षेत्र है, जहाँ भेद-वुद्धि और विषमताओ का नाश हो जाता है। सृष्टि-क्रम की—अवरोहण और आरोहण की क्रिया को हम इस प्रकार प्रदर्शित कर सकते हैं—




जड़ विकासवाद में विश्वास करने वालो का कहना है कि पदार्थ से चेतना उत्पन्न होती है, वह पदार्थ से महत् नही, उससे गौण है। किन्तु उनसे प्रश्न किया जाता है कि क्या चेतना अव्यक्त रूप से पदार्थ में वर्तमान नही है ? उसे पदार्थ मे अव्यक्त रूप से वर्तमान मान लेने से दोनो को समान महत्व प्रदान करना पडेगा और चेतना को पदार्थ से सर्वथा भिन्न तत्त्व मानना पडेगा किन्तु यह भौतिकवादी स्वीकार नहीं कर सकता। और यदि वह यह कहे कि चेतना अव्यक्त रूप मे पदार्थ मे वर्तमान नहीं है तो उसे यह मानना पडेगा कि चेतना के अभाव से चेतना का आविर्भाव हुआ। किसी अभाव मे किसी चीज का भी जन्म होना अवैज्ञानिक है। श्री अरविन्द के विकास सिद्धान्त का मूल मन्त्र है—"जो कुछ पदार्थ मे अव्यक्त रूप से विद्यमान नही है, वह उससे उदित नही हो सकता।"

(वही पृ० १३३)

पदार्थ मे प्राण अव्यक्त रूप से वर्तमान है, प्राण में मन और मन में अतिमन, अव्यक्त रूप से वर्तमान है।

निम्न मूल्यो से उच्च मूल के आविर्भाव के मूल में वही चेतना शक्ति है। किन्तु उच्च मूल्यो के उदय होने पर निम्न मूल्यों का तिरस्कार करना मूर्खता है। मन या अतिमन के उदय पर ससार को मिथ्या या विवर्त कह देना गलती है। सच तो यह है कि उच्च मूल्यो को निम्न मूल्यो का अपनी उन्नति के साधन के रूप मे प्रयोग करना चाहिये और आज ऐसा हो भी रहा है।

मनुष्य का स्थान ससार में महत्त्वपूर्ण है क्योकि केवल उसे ही मन की—बौद्धिक-चेतना की प्राप्ति हुई है और फिर उसी में ही अतिमन का उदय होगा। किन्तु अभाव-पीडा आदि का कारण है मन का सकुचित और अविद्या-ग्रस्त होना। नीच माया ही अविद्या है जिसके कारण मनुष्य अपने आपको ससार से बिल्कुल अलग एक इकाई के रूप मे देखने लगता है। किन्तु अतिमन के उदय होने पर—जो उच्च माया या विद्या का क्षेत्र है—इस भेद बुद्धि का नाश हो जाता है और मनुष्य भेद मे अभेद और अभेद में भेद देखने लगता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि सम्पूर्ण मानव जाति का विकास अति चेतना की ओर हो रहा है। इस नव चेतना को ही कवि पन्त स्वर्ण-किरण और स्वर्ण धूलि कहता है और उसके समस्त परवर्ती काव्य में इसी नव-चेतना के सौन्दर्य, सुख और समृद्धि के गीत हैं। श्री अरविन्द ने लिखा है कि अतिमन के उदित हो जाने पर जीवन और ससार बदल जायेगा। अतिमन से विभूषित मानव को श्री अरविन्द ने द्रष्टा (Gnostic being) कहा है। यही पन्त का नव-मानव है। ईसाई मत के आरम्भिक काल में विद्वानों का एक ऐसा दल भी उठ खडा हुआ था जो श्रद्धा को नही, ज्ञान को मुक्ति का साधन मानता था और जो व्यक्ति का जन्म मूल तत्व के निरन्तर विकास का फल मानता था। इस दल के व्यक्ति को Gnostic कहा जाता था। वह द्रष्टा या नव मानव सभी प्रकार के बन्धनो और अभावो से मुक्त होगा। किन्तु अतिमन का उदय ही विकास-क्रम का अन्त नही है। अभी तो सच्चिदानन्द में लीन होना है। इसका साधन है ज्ञान। मनुष्यत्व ही है ईश्वरत्व की प्राप्ति। श्री अरविन्द के शब्दो में—

"To fulfil God in life is man's manhood"

## कवि के चिन्तन का विकास

'वीणा'—वीणा मे हमें तीन प्रवृत्तियाँ स्पष्ट दिखाई देती हैं—प्रकृति-प्रेम, माँ का प्रेम, आदर्श के प्रति मोह। इस आरम्भिक काव्य में जो प्रार्थनाएं मिलतो हैं उनमे माँ के प्रेम और आदर्श के मोह का मधुर मिलन दिखाई देता है। अधिकाश प्रार्थनाएं व्यक्तिगत हैं। किन्तु ससार के कल्याण की भावना भी कुछ गीतो में प्रस्फुटित हुई।

''कुमुद कला वन कल हासिनि,
अमृत प्रकाशिनि, नभ वासिनि,
तेरी आभा को पाकर माँ!
जग का तिमिर त्रास हर दूँ—
नीरव रजनी में निर्भय।

यह आदश चिन्तन सर्वत्र कवि के पास रहा है। माँ के अनन्य प्रेम ने ही कवि के हृदय मे माँ के प्रति भक्ति-भावना जाग्रत कर दी है। फलस्वरूप कवि माँ से ही प्रार्थना करने लगता है। 'वीणा' के भावो में गम्भीरता नहीं है किन्तु उनमे सरलता है, मजुल प्रेम की सरल निश्छल अभिव्यक्ति है। इसीलिये सभी गीत अत्यन्त मोहक वन पडे हैं। कवि के एकान्त जीवन को नीरसता ने उसके हृदय मे कामना जागत की जो रहस्यात्मक प्रेम रूप मे प्रकट हुई। कवि ने प्राय· अपने को वालिका के रूप में चित्रित किया है। रहस्य-भावना मे भरे हुए ये गीत उत्कृष्ट कोटि के हैं।

याद है क्या न प्रात की वात?
खिले थे जव तुम वनकर फूल,
भ्रमर वन, प्राण! लगाने धूल
पास आया मैं चुपके शूल
चुभाये तुमने मेरे गात
निठुर! यह भी कैसा अभिमान?

जहाँ तक चिन्तन का प्रश्न है, कवि में अभी सरलता मिश्रित जिज्ञासा है, अभी उसकी चेतना स्वप्न-लीन है।

"स्वप्न देखती थी मैं मादक, किन्तु अचिर, अस्फुट सुखमय,
• लता कुञ्ज में सोई हूँ मैं, सुरभित सुमनो पर निर्भय।"

**ग्रन्थि-पल्लव**—अचानक कवि के हृदय मे प्रेम का वाण लगता है जो चिर वियोग का शल्य छोड जाता है। 'ग्रन्थि' और 'पल्लव' मे इस मर्मपीडा की ही विवृत्ति का कलात्मक वैभव है। इसका वर्णन हो चुका है। जहाँ तक चिंतन का सवाल है, पल्लव की "परिवर्तन" कविता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यहाँ से कवि का जागरण काल आरम्भ होता है। कवि को ससार की अनित्यता का निष्ठुर ज्ञान होता है और वह कराह उठता है—

आज तो सौरभ का मधुमास
शिशिर में भरता सूनी साँस।

× × × ×

खोलता इधर जन्म लोचन
मूँदती उधर मृत्यु क्षण-क्षण,

(अनित्य जग)

ससार की अचिरता देखकर समुद्र का मन भी सिसक उठता है और उडगन भी सिहर उठते हैं। निष्ठुर परिवर्तन के झंझावात में "पददलित धरातल टल-मल हिल-हिल उठता है।" कवि सोचता है कि आखिर इस अनित्यता का कही अन्त भी है? ससार मे कही आनन्द और सुख भी है? उत्तर में उसे ससार की क्षण-भगुरता मे छिपे हुए स्थायी सनातन तत्त्व का ज्ञान होता है। कवि के लिये यह 'विश्व का तत्त्वपूर्ण दर्शन' है। अनित्य जग से ठीक विपरीत ज्ञान होता है।

"मूँदती नयन मृत्यु की रात खोलती नव जीवन का प्रात,
शिशिर की सर्व प्रलयकर वात बीज बोती अज्ञात।"

(नित्य जग)

कवि को सुख और दुख दोनो के महत्व का ज्ञान होता है। जीवन के लिये दोनो आवश्यक हैं—

"आज का दुख कल का आल्हाद, और कल का सुख आज विषाद,"

पन्त के पाठको को यह ध्यान रखना चाहिये कि यह विचार पन्त के चिंतन

का एक प्रधान स्तम्भ है। और यहाँ यह भी जान लेना चाहिए कि चिन्तन की प्रौढावस्था मे दुख-सुख के सामजस्य का यही सत्य हिंसा और अहिंसा, क्रान्ति और शान्ति के तुल्य महत्त्व के रूप मे प्रकट हुआ। यहाँ कामायनी की यह पक्तियाँ अनायास ही याद आ जाती है—

"दुख की पिछली रजनी बीच, विकसिता सुख का नवल प्रभात।"

"नित्य जग" के विषय मे दो बातें ध्यान मे रखनी चाहिए। प्रथम, यह कविता भी कवि की निराशा की छाया से बची नही है जैसा कि इन पक्तियो से प्रकट होता है—

"अलभ है इष्ट अत अनमोल, साधना ही जीवन का मोल।"

द्वितीय, नित्य जग का दार्शनिक चिन्तन कवि के जिज्ञासु और विकासशील व्यक्तित्व को स्थायी शान्ति प्रदान करने मे असमर्थ होता है। इस बौद्धिक उथल-पुथल का कारण समाज की करुण दशा का आघात नही है, कवि के व्यक्तिगत जीवन की कोई करुण घटना है। आघात व्यक्तिगत है, चिन्तन व्यक्तिगत है, इसलिए उसका हल भी प्रमुखत व्यक्तिगत हो है। "नित्य जग" कविता भारतीय चिन्तन से ओत-प्रोत है।

कला की दृष्टि से "परिवर्तन" कविता विशेष रूप से 'निष्ठुर परिवर्तन' उत्कृष्ट है—हिन्दी की सर्वश्रेष्ठ रचनाओ में से एक है। यह कविता एक अन्य दृष्टि से भी वहुत महत्वपूर्ण है। कवि के मानसिक आघात और उसके क्रन्दन की शान्ति होती है, आध्यात्मिकता मे। 'गुञ्जन' के वाद की रचनाओ मे कवि की चेतना को समाज आहत करता है, सामाजिक समस्याओ का हल भी उसे मिलता है आध्यात्मिकता मे—श्री अरविन्द के दर्शन मे। यहाँ हम पन्त के चिन्तन के द्वितीय स्तम्भ पर पहुँचते है और वह है कवि का आध्यात्मिकता के प्रति मोह। जिस प्रकार "अनित्य जग" और "निष्ठुर परिवर्तन" का उत्तर है "नित्य जग" उसी प्रकार युगान्त, युगवाणी और ग्राम्या का उत्तर मिलता है अरविन्द के दर्शन मे।

## गुञ्जन

ऊपर यह कहा जा चुका है कि 'परिवर्तन' कविता से ही कवि का

जागरण काल आरम्भ होता है। गुञ्जन में कवि की चेतना पूर्ण रूप से सजग हो गई है। आगे सारे काव्य में हमे कवि की उद्‌बुद्ध बुद्धि के ही दर्शन होते हैं।

ऊपर नित्य जग मे जिस आध्यात्मिकता मे कवि को जीवन की समस्याओ का समाधान मिलता है, उसी का निखार और परिमार्जित प्रसार हमें गुञ्जन मे लक्षित होता है। वियोग और प्रणय के गीत भी मिलते हैं। कवि अपने व्यक्तित्व से बाहर झाँकने का प्रयत्न कर रहा है। 'गुञ्जन' के विषय मे एक बात सदैव ध्यान मे रखनी चाहिये कि जहाँ तक कवि के चिन्तन के विकास का सवाल है, वह किसी भी वाद-विशेप मे उलझा नही दिखाई देता। हाँ, इतना अवश्य है कि कवि उपनिषद्-दर्शन, अद्वैत और स्वामी रामकृष्ण और स्वामी विवेकानन्द के विचारो से प्रभावित है। किन्तु कवि की प्रतिभा उनमे फँसी हुई नही, तपी हुई दिखाई देती है। उपर्युक्त तीनो विचार-धाराओ का प्रधान स्वर है मानव जीवन का अभ्युदय और नि श्रेयस की सिद्धि। (अद्वैतवाद केवल नि श्रेयस की सिद्धि को ही लक्ष्य बनाता है।) अद्वैत सिद्धान्त की मधुर व्यञ्जना 'एक तारा' कविता मे लक्षित होती है। चाँदनी के अन्तिम छन्द मे भी इसी की छाया है। किन्तु प्रधानतया कवि ने अद्वैत को ग्रहण न कर उपनिषदो और स्वामी विवेकानन्द आदि आधुनिक विचारको के आध्यात्मिक स्वरो को वाणी दी है। उनका प्रधान नाद है आस्तिकता और मानवतावाद या विश्व बन्धुत्व। और कवि मे दोनो प्रकार की रचनाएँ मिलती है। 'नीरव तार', 'तप' और 'प्रार्थना' आदि कविताओ मे दोनो बाते दिखाई देती है। यद्यपि 'नी व तार' बहुत पहले की रचना है, किन्तु कवि ने उसे गुञ्जन में सग्रहीत कर उचित ही किया है। यह रचना इस काल की न होते हुए भी गुञ्जन के पन्त की प्रतिनिधि रचना है। इस काल के चिन्तन की सभी विशेषताएँ इसमे लक्षित होती हैं। कला की दृष्टि से भी यह 'गुञ्जन' की रचनाओ मे विशिष्ट स्थान रखती है। इसमें कवि की आस्तिकता की छाप है, समर्पण मे भावुकता का वेग है, कर्मण्यता और शक्ति का उद्रेक है, और व्यक्तिगत सम्बन्धो को तोडकर लोक सेवा मे लीन रहने की भावना है। 'प्राथना' कविता उत्तरा की कविताओ के मेल मे रखी जा सकती है। 'स्वर्ण काव्य' और 'उत्तरा' मे आकर कवि जिस स्वर्गिम चेतना का आह्वान करता हुआ उसके ऐश्वर्य गान

मे तल्लीन हो जाता है वही यहाँ 'ज्योतिर्मय-जीवन' के रूप मे वर्तमान है। जो लोग यह कहते है कि पन्त मे चिन्तन की एकरसता नही है, उन्हे इस समानता को देखना चाहिए। 'प्रार्थना' मे जहाँ कवि "ज्योतिर्मय जीवन के बरसने" की प्रार्थना करता हुआ दिखाई देता है, वहाँ 'तप' में कवि मन को विश्व-वेदना मे तप कर अपने सजल स्वर्ण मे जीवन की पूर्णतम और पवित्र मूर्ति रचने के लिए कहता है। कुछ लोग ईश्वर विश्वास और विनय को पलायन प्रवृत्ति का द्योतक मानते हैं। किन्तु यह गलत है। ईश विनय का यह अर्थ नही है कि मनुष्य अपने आत्मविश्वास को खो बैठे, आलस्य मे डूब जाय। कवि को अपनी शक्ति पर भी विश्वास है। वह स्वय भी सघर्ष के लिये, नव-निर्माण के लिये कटिबद्ध है। 'मानव' कविता मे कवि ने मानव की गरिमा—शारीरिक और मानसिक—का प्रदर्शन किया है। यदि मनुष्य अपने अन्तर का विकास कर ले, यदि वह सच्चे अर्थो मे मानव बन जाय तो वह पूर्णकाम हो जायगा। से कोई भी अभाव नही सतायेगा।

उपर्युक्त विवेचन से कवि की आदर्श भावना का स्वरूप भी स्पष्ट हो गया होगा। वीणा मे भी कवि के सामने एक आदर्श था। यहाँ उसी का विकास दिखाई देता है। कुछ व्यक्ति आदर्श भावना को दिवा-स्वप्न के तुल्य ठहराते है। आदर्शवादी होना पलायनवादी होना है। किन्तु इसका खण्डन हम जीवन मे ही पाते हैं। साहित्य की सभी समस्याओं का समाधान जीवन के क्षेत्र से होना चाहिये। ऐसा न करने पर निष्फल वाद-विवाद उठ खडा होता है। प्राय हम कहा और सुना करते हैं—प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का एक लक्ष्य निश्चित करना चाहिये, एक आदर्श बनाना चाहिये। यदि जीवन मे व्यक्ति को आदर्श सामने रखने की आवश्यकता है, तो क्या साहित्यकार के लिये आदर्शवादी होने की आवश्यकता नही है। प्रसाद जी ने कोरे आदर्शवाद की धार्मिक उपदेश से तुलना की है। प्रेमचन्द ने आदर्शोन्मुख-यथार्थ का समर्थन किया है। पन्त का आदर्श हमने सक्षेप मे देखा। उनका यथार्थ अभी देखना है। उसके दर्शन 'युगान्त' से 'ग्राम्या' तक होते है। किन्तु क्या उनमें कवि आदर्शवादी नहीं रहा ? क्या वह एकदम यथार्थवादी (मार्क्स-वादी) होकर फिर आदर्शवादी (अध्यात्मवादी) हो गया है ? इन प्रश्नो का उत्तर हम अलग से कवि की आदर्श भावना की विवेचना मे देंगे।

## युगान्त-युगवाणी-ग्राम्या

गुञ्जन कवि के मानसिक विकास की दृष्टि से सक्राति काल का काव्य है। कवि व्यक्ति के दायरे से वाहर निकल कर समाज के क्षेत्र मे पदार्पण कर रहा है। यह ऊपर कहा जा चुका है कि गुञ्जन में कवि की चेतना किसी मत विशेष मे फँसी हुई नही है। इसीलिये मैंने गुञ्जन को कवि की **स्वच्छन्द प्रतिभा कार उद्गार कहा है।**

गुञ्जन में कवि की चेतना हृदय से बाहर निकल कर मानव-जीवन पर झाँकती दिखाई देती है। युगान्त, युगवाणी और ग्राम्या मे वह मानव-जीवन में स्वच्छन्द विचरण कर उसकी व्याख्या करने वाले सिद्धान्तो और वादो का अध्ययन करती दिखाई देती है। इसीलिये इस काल को मैं कवि का **अध्ययन काल** मानता हूँ। इस काल मे कवि की प्रतिभा दो प्रधान वादो मे फँसी दिखाई देती है, वे है गाँधीवाद और मार्क्सवाद। किन्तु बीच-बीच मे कवि की स्वच्छन्द-प्रतिभा के स्वर भी गूँज उठते हैं।

### यथार्थ की विषमता

कवि की कोमल चेतना पर दूसरा प्रबल प्रहार हुआ यथार्थ की कुत्सा का। उसने देखा कि मनुष्य आँखो पर रूढियो की पट्टी बाँधे, दिमाग पर अन्ध-विश्वास का खोल चढाये और हृदय में द्वेष की आग जलाए बढ़ा चला जा रहा है—न जाने किस वीभत्स पतन के गर्त की ओर। उसका सूक्ष्म आदर्श स्थूल यथार्थ से टकरा गया। भव्य आदर्श करुण यथार्थ की ओर बढने लगा। सूक्ष्म कल्पना स्थूल जीवन की ओर अग्रसर होने लगी। युगान्त से ग्राम्या तक हमे कवि की इसी अग्रसर चेतना की कहानी मिलती है। किन्तु कवि की यथार्थ चेतना की प्रवलता के सामने आदर्श विल्कुल तिरोहित नही हो गया। स्थान-स्थान पर वह भी मुखर हो उठा। कहा जा चुका है कि कवि पन्त आरम्भ से अन्त तक आदर्शवादी रहा है। किन्तु यथार्थ ज्ञान ने भी आदर्श को रूप देने मे, उसका परिष्कार करने में सहायता की।

अव हम सक्षेप में यह देखेंगे कि कवि ने जीवन की भयकरता को किन-किन रूपो में देखा। प्रथम, उसने देखा कि जनता अन्धविश्वासो और रूढ़ियो से ग्रस्त

है। सामन्त काल की वदिनी स्त्री की उभरती हुई चेतना को केवल इसीलिये कुचला जा रहा था कि सामन्त युग मे उसे वह स्थान प्राप्त नही था जो उसे ग्राज प्राप्त होना चाहिए। ग्राध्यात्मिकता के नारे लगाते हुये भी साधु महात्मा नरक की ग्रोर लपक्ते जा रहे थे। यह हुग्रा प्राचीन का बुरा प्रभाव। ग्राधुनिक युग मे भी ऐसे कई नाद ग्रौर वाद उठ खडे हुए हैं जो मानवता को पशुता की मनोवृत्तियों से ग्रांकते है। प्रधान दो हैं—डार्विन का जड विकासवाद ग्रौर फायड का यौनवाद। 'चीटी' कविता मे हमे दोनो का खडन मिलता है। मनुष्य "मैथुन-ग्राहार-यत्र" भर रह गया है। शरीर की सजावट ग्रौर शृगार ही उसका साध्य बन गया है। भारतवर्ष के 'अपरिचित नरको' की वीभत्स दशा का करुण उद्घाटन 'ग्राम चित्र' मे मिलता है। ग्रब कवि के लिए 'ताजमहल' केवल 'मृत्यु का ग्रमर ग्रपार्थिव पूजन' रह गया है, जिसे देखकर उसके हृदय से हाय हो निकलती है। मानवता को शव बनाया जा रहा है, ग्रौर शव को ग्रमर वैभव में लपेट कर रखा जा रहा है। न्याय कहाँ है ? मनुष्य कहाँ है ? सर्वत्र बर्बरता का साम्राज्य है।

इतना ही नही विज्ञान की मूर्ति-यन्त्र ने जोवनोत्कर्ष के लिये जन्म लेकर भी जीवन को कुचलना ग्रारम्भ किया। वह शोषण का साधन बन गया—नहीं, बना दिया गया। दो वर्ग बन गये। एक यन्त्र का स्वामी था ग्रौर दूसरा यन्त्र का सेवक। किन्तु यन्त्र ने न स्वामी को छोडा ग्रौर न सेवक को। दोनो को पीसना ग्रारम्भ किया। पूंजीपतियो ने मजदूरो का शोषण किया ग्रौर इसी मे ग्रपनी सफलता समभी। किन्तु यन्त्र ने दोनो को—स्वामी ग्रौर सेवक को लूट लिया। स्वामी को जला दिया वासना की ग्राग मे ग्रौर सेवक को मसल दिया दरिद्रता की चक्की मे। किन्तु इस ग्रनाचार, ग्रसमंजस ग्रौर ग्रशान्ति का कही ग्रन्त भी है ?

इतिहास की भौतिक व्याख्या का ग्राधार लेकर कवि ने यत्र-युग की पर्यालोचना को। जब-जब उत्पादन के साधन बदले, भौतिक परिस्थितियां बदली ग्रौर उन्ही के ग्रनुकूल सस्कृति, ग्राचार ग्रौर ग्रध्यात्म बदला। दार्शनिक चिन्तन भौतिक परिस्थितियो की उपज है। भौतिक दशा नित्य परिवर्तन-

शील है। इसीलिए सभी कुछ गतिवान है, अस्थिर है। (विशेष—देखिए मार्क्स-वाद।)

"धर्म, नीति के मान अचिर सब, अचिर शास्त्र, दर्शन मत,
शासन जनगण तन्त्र अचिर—युग स्थितियाँ जिनकी प्रेपक,
मानव गुण भव रूप नाम होते परिवर्तित युगपत्।"

( महात्माजी के प्रति )

कवि ने इतिहास की मार्क्सवादी व्याख्या को ज्यों का त्यों स्वीकार कर लिया है। किन्तु यह मैं पहले कह चुका हूँ कि आध्यात्मिकता के प्रति मोह पन्त की स्थायी मनोवृत्ति है। वह यहाँ भी वर्तमान है। वह प्रत्येक युग के लिए आत्मिक दर्शन की उपज अनिवार्य मानता है। किन्तु मार्क्सवादी प्रभाव के कारण किसी भी सनातन सार्वभौम दर्शन की सत्ता को मानने के लिए तैयार नहीं है। उसका अपने युग की भौतिक परिस्थितियों के अनुकूल होना आवश्यक है। वैसे उसका अस्तित्व सर्वयुगीन है। एक युग का दार्शनिक चिन्तन दूसरे युग के लिए अनावश्यक हो जाता है। इस मत को हम इस प्रकार प्रदर्शित कर सकते हैं।

उत्पादन के साधन } → भौतिक परिस्थितियाँ। → आध्यात्मिक दर्शन
|
——→ नए उत्पादन एक साधन } नई भौतिक परिस्थितियाँ } नया आध्यात्मिक दर्शन

"पतझर' और '१९४०' आदि कविताओं में कवि प्राचीन के नाश पर नवीन के सृजन की बात कहता है। सृजन और नाश का यह क्रमिक चक्र चलता ही रहता है। यह विश्वास पन्त के चिन्तन-भवन का एक **और प्रधान स्तम्भ** है जो आरम्भ से अन्त तक मिलता है। मेरी इस बात से कुछ लोगों का मतभेद हो सकता है। इसका कारण यह है कि उनका ऐसा विश्वास है कि केवल ऐतिहासिक भौतिकवाद ही सृजन और नाश, आरोहण और अवरोहण, सृष्टि और प्रलय को स्वीकार करके उसकी वैज्ञानिक व्याख्या करता है। किन्तु

जयध्वनि हाहारव मे बढता
युग पथ पर मानवता का रथ।"
(इसमे चेतन का स्वर भी निर्दिष्ट एव प्रधान हो उठा है)

अब यह भलीभाँति प्रमाणित हो गया होगा कि नाश और सृजन के चक्र पर कवि को सदैव विश्वास रहा है।

यथार्थ की विषमता से पीड़ित कवि की चेतना मानव जीवन की मुक्ति के साधन खोजने के लिये अध्यात्मवाद से मार्क्सवाद, मार्क्सवाद से गाधीवाद और गाधीवाद से श्री अरविन्द-दर्शन तक चक्कर लगाने लगी। 'ग्राम्या' तक का पत गाधीवाद से विशेष रूप से प्रभावित था। इन मतवादो और सिद्धान्तो के साथ-साथ कवि का स्वच्छन्द चिंतन—वीणा और गु जन की आलोचना मे जिनकी ओर सकेत किया था—भी कवि के साथ था और नवीन विचार-धाराओं के सम्पर्क में आकर विकसित होने लगा था। प्रत्येक लोक नायक मानव जीवन के उद्धार के लिये प्रयत्नशील होता है। इसी प्रयत्न के फलस्वरूप वह एक निश्चित सिद्धान्त को जन्म देता है और उसे अन्य सिद्धान्तो के विरोध मे रखता है। अन्य सिद्धान्तों का उद्देश्य भी मानव का उद्धार ही होता है। फिर यह विरोध क्यो। इस विरोध का कारण प्रत्येक चिन्तक का दृष्टिकोण और उसके समाज की विषमताए एव आकाक्षाए होती हैं। पन्त ने विरोधी सिद्धान्तो का अध्ययन किया। उसने उनके विरोधो को दूर कर, अपने स्वतन्त्र चिन्तन के अनुरूप उनके समन्वय का प्रयत्न किया। समन्वय की प्रवृत्ति पन्त के चिन्तन-भवन का एक और स्तम्भ है।

## चिन्तन का रूप

प्रत्येक चिन्तक की विचारधारा के दो पक्ष होते हैं। प्रथम, नकारात्मक जिसमे वह विरोधी सिद्धान्तो या मतवादो का तर्क के आधार पर खण्डन करता है। द्वितीय, सृजनात्मक जिसमे वह अपने मत की प्रतिष्ठा करता है। कोई भी चिन्तन तभी पूर्ण होता है जब उसमें दोनो पक्ष हो—विरोधी सिद्धान्तो का युक्ति-युक्त खण्डन भी हो और अपने मत की सम्यक् स्थापना भी हो।

यह ऊपर कहा जा चुका है कि युगान्त से ग्राम्या तक की विचारधारा मे तीन

बातें दिखाई देती है। प्रथम है कवि का स्वतन्त्र चिन्तन, द्वितीय गाधीवाद, और तीसरा मार्क्सवाद। कवि के स्वच्छन्द चिन्तन मे आध्यात्मिकता का भी मोह मिश्रित है, यह ऊपर कहा जा चुका है। पन्त के चिंतन के नकारात्मक पक्ष में हमें तीन एकागी सिद्धान्तो का खण्डन मिलता है—

(१) कोरे अध्यात्मवाद का खण्डन,
(२) कोरे भौतिकवाद का खण्डन,
(३) कोरे गाधीवाद का खण्डन।

सृजनात्मक पक्ष मे कवि ने अपने चिन्तन के अनुरूप समन्वय का प्रयत्न किया है। समन्वय के भी तीन रूप मिलते हैं

(१) अद्वैतवाद और मार्क्सवाद का समन्वय,
(२) गाधीवाद और मार्क्सवाद का समन्वय,
(३) अध्यात्मवाद और भूतवाद का समन्वय।

पहले हम चिंतन के नकारात्मक पक्ष का विवेचन करेंगे।

(१) कोरे अध्यात्मवाद का खडन—यह पहले कहा जा चुका है कि साहित्य का आधार जीवन है। जीवन भी व्यक्तिगत जीवन नही सामाजिक जीवन। इससे यह स्पष्ट है कि साहित्यकार प्रत्येक सिद्धान्त को—चाहे वह आध्यात्मिक हो चाहे भौतिक—सामाजिक चेतना की दृष्टि से देखेगा। साहित्यकार का दृढ आधार है, निश्चित दृष्टिकोण है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है और आवश्यक भी क्योंकि यदि साहित्यकार के लिये कोई मत विशेष प्रधान हो जाय और समाज गौण हो जाय, तो वह साहित्यकार नही रहता वरन् उस मत विशेष का प्रचारक मात्र रह जाता है। वह साहित्य के स्वरूप को विकृत कर उसे निष्प्राण कर देता है। साहित्य का प्राण है समत्व, जो एकागिता का विरोधी है। इसीलिये यह देखा जाता है कि मत विशेष से ग्रस्त व्यक्ति का साहित्य प्राय प्राणहीन होता है।

कवि पन्त ने भी अध्यात्म को सामाजिक उपयोगिता की दृष्टि से देखा है। पन्त का परिवर्तन-शीलता मे—विकासवाद मे दृढ विश्वास है। ग्राम्या तक इस विकासवाद का स्वरूप मार्क्सवाद के रङ्ग में रङ्गा दिखाई देता है। स्वर्ण-काव्य और उत्तरा में जाकर उसका रूप दूसरा हो जाता है। तब कवि चेतन शक्ति

के विकास मे विश्वास करने लगता है। ऐतिहासिक भौतिकवाद की दृष्टि से देखते हुए ही वह आध्यात्मिक सिद्धान्तों के निरपेक्ष सत्य के प्रति विद्रोह करता है।

इसका यह अभिप्राय नही है कि अध्यात्म-चिन्तन का जीवन के लिए कोई उपयोग नही है। वह भी जीवन को पूर्ण एव सर्वाङ्ग सुन्दर बनाने के लिए आवश्यक है। इसी प्रकार भौतिकवाद भी अपनी सीमाओ के भीतर रहते हुए और सकुचित दृष्टिकोण रखते हुए भी मानव जीवन के लिए उपयोगी है।

वैदिक अध्यात्म-चिन्तन की चरम परिणति 'अद्वैतवाद' मे हुई। किन्तु उसकी एकात महत्ता स्वीकार करना पन्त को स्वीकार नही है। उसका महत्व है केवल चिन्तन के क्षेत्र मे, सस्कृति के क्षेत्र मे। 'अद्वैतवाद' की प्रतिष्ठा के समय वाष्प-विद्युत के यन्त्रो का अभाव था। फलत अद्वैतवादी चिन्तक समाज की एकता को स्थापित करने में असमर्थ होकर, एकात चेतना की ओर बढने लगे। कवि को अध्यात्म चिन्तन स्वीकार है किन्तु भौतिक उत्कर्ष और लोक सगठन के महत्व से भी उसे इन्कार नही है। कवि को अद्वैतवाद का लोकोपयोगी रूप-चेतना के एकत्व की प्रतिष्ठा का पक्ष—स्वीकार है किन्तु ससार का मिथ्यात्व उसे स्वीकार नही है। स्वामी विवेकानन्द के विचारो को प्रदर्शित करते समय मैं यह लिख आया हूँ कि उन्होंने भी जगत के मिथ्यात्व पर बल नही दिया। कवि जगत की व्याख्या करते समय अद्वैतवाद 'एकमेवाद्वितीयम्' या 'सर्व खल्विदम् ब्रह्म' को स्वीकार करता है। हीगेल भी जड और चेतन को ब्रह्म की ही दो अभिव्यक्तियाँ मानता है। ब्रह्म इन दोनो मे समाविष्ट भी है, और दोनो से परे भी। 'उत्तरा' की भूमिका मे कवि ने यही बात कही है।

कवि का दृष्टिकोण सामूहिक हित ही रहा है। उसी दृष्टि से देखते हुए कवि ने कहा है—

"मैं अध्यात्म और भौतिक दोनो दर्शनो के सिद्धान्तो से प्रभावित हुआ हूँ पर भारतीय दर्शन की सामन्तकालीन परिस्थितियो के कारण जो एकान्त परिणति व्यक्ति की प्राकृतिक मुक्ति मे हुई है (दृश्य जगत एव ऐहिक जीवन के माया होने के कारण उसके प्रति विराग आदि की भावना जिसके उपसहार मात्र हैं) और मार्क्स के दर्शन की, पूँजीवादी परिस्थितियो के कारण, जो वर्गयुद्ध और

मार्क्सवाद इसे स्वीकार नही करता। इसकी ओर पन्त ने उत्तरा की भूमिका मे सकेत किया है।

(५) मार्क्सवाद भौतिक ऐश्वर्य पर ही एकान्त बल देता है। उसमे मनुष्य की सस्कृत वृत्तियो के विकास के लिए कोई स्थान नही है। वह बहिर्जगत के सामने अन्तर्जग को तुच्छ मानता है। किन्तु पत तो नव-सस्कृति के निर्माण की बात सर्वत्र कहता है।

(६) मार्क्सवाद जीवन और साहित्य को राजनीति से बाँध देने का उपक्रम करता है। उसके लिए साहित्य राजनीति का अनुगामी है। राजनीति से स्वतन्त्र उसका कोई महत्व नही है। पन्त ने इसका विरोध किया है। अपनी भूमिकाओ मे उसने स्पष्टत कहा है कि "मैंने साहित्य को राजनीति से अलग रखा है।"

इतने दोष होते हुए भी कवि मार्क्सवाद की ओर झुका, उसके कारण दो थे। प्रथम, कवि ने मार्क्स के ऐतिहासिक यथार्थवाद की उपयोगिता स्वीकार की। द्वितीय, उसके लोक-सरक्षक पक्ष को ग्रहण किया। रोटी, कपड़ा मनुष्य की मूल आवश्यकताएँ हैं। सस्कृति और चिन्तन मनुष्य की स्वाभाविक आका-क्षाएँ हैं। पन्त को पहली आवश्यकता की पूर्ति मार्क्सवाद मे दिखाई दी और दूसरी आकाक्षा की तृप्ति गाधीवाद और अध्यात्मवाद मे।

आदर्श के प्रति मोह ने कवि को मार्क्सवादी नही बनने दिया। यद्यपि यह आदर्श प्रवृत्ति युगात से ग्राम्या तक मे दबी हुई दिखाई देती है, फिर भी स्थान-स्थान पर वह उद्बुद्ध हो उठी है। 'दो लड़के', 'चींटी', 'मानव', '१९४०' आदि कविताओ मे हमे कवि का आदर्श—नवान सस्कृति के निर्माण की अभि-लाषा—दिखाई देती है। कवि यहाँ अपने आदर्श से दूर अवश्य है किन्तु बिल्कुल बिछुड़ा हुआ नही है।

कवि ने स्वय माना है कि अ।ध्यात्मिकता मे विश्वास रखते हुए भी वह मार्क्सवाद और भौतिक उन्नति की ओर अधिक आकर्षित है क्योकि यह सक्रांति काल की आवश्यकता है। जिस प्रकार युगान्त आदि मे आध्यात्मिकता दबी हुई दृष्टि गौण हो गई है और आध्यात्मिक रुचि मुखर हो उठी है।

अब प्रश्न यह होता है कि आध्यात्मिकता की ओर मुड़कर क्या कवि ने जीवन

मे पलायन किया है ? इसकी विशद विवेचना तो आगे की जायगी किन्तु मार्क्स-वाद का खण्डन करते समय एक अन्य बात पर ध्यान देना चाहिये । हिन्दी के आलोचना क्षेत्र मे मार्क्सवाद और प्रगतिवाद पर्यायवाची शब्द मान लिये गये हैं । जो लेखक मार्क्सवादी है या जिनमे मार्क्सवाद के तत्त्व मिलते हैं और जिनमे मार्क्सवाद के विरोधी तत्त्वो का अभाव है, वे सब प्रगतिवादी मान लिये जाते हैं । जो मार्क्सवादी नही है, या मार्क्सवाद के प्रतिरोधी विश्वासो को स्वीकार करते हैं वे पलायनवादी और प्रतिक्रियावादी है । मार्क्सवाद और प्रगतिवाद का पर्यायवाची शब्दो के रूप में प्रयोग करना सकुचित है । साहित्य के विद्यार्थियो के लिये भी यह प्रयोग कठिनाई और असमजस का कारण बन जाता है । 'उत्तरा' मे पन्त ने भी इस बात का उल्लेख किया है ।

(३) **कोरे गांधीवाद का खण्डन**—गांधीवाद का सामान्य परिचय पहले दिया जा चुका है । मैं यह भी कह चुका हूं कि युगान्त मे ग्राम्या तक गाधीवाद और मार्क्सवाद के अतिरिक्त हमें कवि का स्वच्छन्द दृष्टिकोण भी मिलता है । यह निश्चित है कि कवि का स्वच्छन्द दृष्टिकोण पूर्ण रूप से गाधीवाद के मेल मे नही बैठता । इसीलिये कही भी उसने गाधीवाद को पूर्ण रूप से स्वीकार नही किया है ।

पन्त मे अन्तर्विरोध की ओर ऊपर सकेत किया गया है । कवि की गाधी-वाद सम्बन्धी रचनाओ में भी अन्तर्विरोध दिखाई देता है । युगवाणी की बापू कविता में कवि कहता है—

"आत्मा की महिमा से मण्डित होगी नव मानवता ?
प्रेम शक्ति से चिर निरस्त्र हो जावेगी पाशवता ?

× × × ×

बापू ! तुमसे सुन आत्मा का तेजराशि आह्वान,
हँस उठते हैं रोम हर्ष से, पुलकित होते प्राण ।"

आत्मा के तेजराशि आह्वान से पुलकित होने वाला कवि 'महात्मा जी के प्रति (ग्राम्या मे) कहता है—

'नही जानता युग विवर्त मे होगा कितना जनक्षय,
पर मनुष्य को सत्य अहिंसा इष्ट रहेंगे निश्चय।'

(वापू !)

"बंधन बन रही अहिंसा आज जनो के हित,
यह मनुजोचित निश्चित कव ? जव जन हो विकसित।"

(अहिंसा।)

यह स्पष्ट है कि पन्त ने अद्वैत के मायात्मक ससार को मिथ्या मान उसके आध्यात्मिक एकत्व को स्वीकार किया है, मार्क्सवाद के वर्ग-सघर्ष की एकातिक महत्ता और रक्तक्रान्ति को त्याग उसके सामूहिक हितवाद को माना है और गाधीवाद के अहिंसा के एकान्तिक महत्त्व को वर्तमान युग के लिए अस्वीकार कर उसके स्थायी मूल्य को समझा है। कवि के आदर्श और गाधी के लक्ष्य मे समानता है। गाधी ने रामराज्य का स्वप्न देखा, पन्त ने नव मानववाद के अवतरण और ऐश्वर्य का गान किया। गांधी को आध्यात्मिकता से प्रेम है, पन्त की रुचि भी आरम्भ से ही आध्यात्मिक रही है। गाधी ने रोटी-कपडे की समस्या उठाई और चरखे को उसका हल वताया, पन्त ने उसे पूर्णत स्वीकार किया। गाधी आधुनिक यन्त्रो के विरोधी थे क्योकि उनके प्रचार के कारण एक तो देश में शोषण बढ़ा और दूसरे वेरोजगारी का जोर हुआ। कवि कहता है—

'भ्रम, भ्रम, भ्रम,—
धुन रुई, निर्धनता दो धुन,
कात सूत, जीवन पट लो वुन,
अकर्मण्य, सिर मत धुन, मत धुन,
थम, थम, थम।
भ्रम, भ्रम, भ्रम—

कहता चरखा प्रजातत्र से
'मैं कामद हूँ सभी यत्र से"
कहता हँस आवुनिक मत्र से

चरखा गीत (ग्राम्या)

कवि का गांधी से मतभेद है केवल दो बातो मे। प्रथम, वर्त्तमान परिस्थितियो में अहिंसा नही हिंसा ही श्रेयस्कर है। द्वितीय, व्यक्ति और वर्ग की नीव पर खड़े आदर्श समाज के लिए मङ्गल-विधायक नहीं हो सकते।

कवि के चिन्तन का नकारात्मक पक्ष दिखा लेने के पश्चात् अब हम उसके समन्वयात्मक पक्ष का दिग्दर्शन कराएंगे। इसे पढते समय कवि के स्वतन्त्र चिन्तन की विशेषताओ को आध्यात्मिक रुचि, आदर्श-स्वभाव, क्रमिक नाश और सृजन मे विश्वास, और समन्वय के महत्व मे आस्था—सदैव ध्यान मे रखना चाहिए क्योकि समन्वय के प्रत्येक रूप के मूल मे हमे कवि की यही भावनाएं काम करती दिखाई देती हैं।

( १ ) **अद्वैतवाद और मार्क्सवाद का समन्वय**—पंत की बहुमुखी समन्वयात्मिका प्रतिभा के लिए अद्वैत या मार्क्स किसी एक के एकातिक महत्व को स्वीकार करना असभव है। पहले दिए हुए दोनो उद्धरणो मे कवि ने दोनो की सीमाएं दिखाई हैं। अद्वैत मे चेतना की अखण्डता दिखाई देती है, मार्क्स मे वाह्य जीवन की। एक का सम्बन्ध अन्तर्जगत से है, दूसरे का वहिर्जगत से। पन्त ने दोनो के सामजस्य पर बल दिया है।

"अन्तर्मुख अद्वैत पडा था युग युग से निष्क्रिय, निष्प्राण,
जग में उसे प्रतिष्ठित करके दिया साम्य ने वस्तु विधान।"

—समाजवाद-गांधीवाद ( युगवाणी )

तार्किक दृष्टि से देखने पर अद्वैत और साम्य के समन्वय की बात प्रकाश और अधकार के समन्वय की बात के समान है? इसीलिए यह असगत है। अद्वैत के लिए साम्यवाद की रगभूमि जगत मिथ्या है, साम्यवाद के लिए अद्वैत से सचरण का प्रागण चेतन का जगत मिथ्या है। दार्शनिक दृष्टि से इसका खंडन करने पर भी हमे इस समन्वय के मूल मे कवि का स्वच्छन्द चिन्तन तो दिखाई देता ही है। उसी के अनुरोध से कवि ने यह समन्वय की बात कहा है।

किसी भी सिद्धान्त का अध्ययन दो प्रकार से हो सकता है। प्रथम, व्यक्तिगत

रुचि-कुरुचि को बचाते हुए उसका सत्य स्वरूप भी समझा जा सकता है। द्वितीय, व्यक्तिगत रुचि के अनुसार, निजी दृष्टिकोण के अनुरूप उसका मूल्याङ्कन भी किया जा सकता है। पन्त का दृष्टिकोण सदैव सामाजिक रहा है। इसी दृष्टिकोण के आधार पर उसने अद्वैत को देखा है और साम्य को भी। इसीलिए वह दोनो के समन्वय की बात कहता है। किन्तु तर्क के आक्षेप से यह समन्वय बच नही सकता।

यह स्पष्ट है कि सिद्धान्त की दृष्टि से ( और आलोचक की एक यही दृष्टि होती है ) अद्वैत और मार्क्सवाद का समन्वय असम्भव है। युगान्त से ग्राम्या तक कवि ने अनेक दार्शनिक सिद्धान्तो और सामाजिक वादो का अध्ययन किया। अपने दृष्टिकोण के अनुरूप सबके समन्वय का प्रयत्न किया। कवि इसी बात को स्वतन्त्र रूप से कह सकता था और वही अधिक उचित भी होता।

अद्वैत और मार्क्सवाद का समन्वय नही हो सकता। किन्तु इसका यह अभिप्राय नही है कि आध्यात्मिकता और भौतिकता का भी समन्वय नही हो सकता। आत्म जगत अद्वैत से व्यापक सत्य है और भूत जगत मार्क्सवाद से विस्तृत। वह दोनो वाद तो इन व्यापक क्षेत्रो की अपने ढङ्ग से व्याख्या करने वाले है। इसीलिए आगे चलकर कवि अद्वैतवाद और मार्क्सवाद के समन्वय की बात नही कहता वरन् अध्यात्मवाद और भौतिकवाद के समन्वय की बात कहता है। इस बात में सतुलन भी है और औचित्य भी। उत्तरा की भूमिका मे हमे इसी सतुलन के दर्शन होते हैं। वैसे तो आधुनिक कवि की भूमिका और उत्तरा की भूमिका की अधिकाश विवेचना एकसी ही है। अन्तर इतना है कि आधुनिक कवि की भूमिका मे कवि का दृष्टिकोण मंजा हुआ एव परिपक्व नही है। उत्तरा की भूमिका मे वह पूर्ण रूप से निखर उठा है और उसका स्वरूप निर्दिष्ट हो गया है। दोनो भूमिकाओ को ध्यान से पढने से यह सत्य स्पष्ट हो जाता है। उत्तरा की भूमिका मे श्री अरविन्द के दर्शन का प्रभाव एक नई बात है।

स्वर्ण काव्य एव उत्तरा मे अद्वैतवाद और मार्क्सवाद के समन्वय की बात न कहकर कवि भारतीय जीवन-दर्शन और मार्क्सवादी सामूहिक हितवाद ( जो भूतवाद का सामान्य स्वरूप है ) के समन्वय की बात कहता है।

"मैं मार्क्सवादी (आर्थिक दृष्टि से वर्ग-सतुलित) जनतन्त्र तथा भारतीय जीवन-दर्शन को विश्व-शान्ति तथा लोक के कल्याण के लिए आदर्श-सयोग मानता हूँ, जसा कि मैं अपनी रचनाओ में भी सकेत कर चुका हूँ—

'अन्तर्मुख अद्वैत पड़ा था युग-युग से निष्क्रिय निष्प्राण,
जग मे उसे प्रतिष्ठित करके दिया साम्य ने वस्तु विधान ।'

—'युगवाणी'

'पश्चिम का जीवन-सौष्ठव हो विकसित विश्व तन्त्र में विपरित,
प्राची के नव आत्मोदय मे स्वर्ण द्रवित भू तमस तिरोहित ।'

—'स्वर्णकिरण'

इत्यादि—

—उत्तरा ( भूमिका ) पृ० २१, २२

पाठक देखेंगे कि युगवाणी के साम्य के स्थान पर स्वर्ण किरण मे 'पश्चिम का जीवन सौष्ठव' और अद्वैतवाद के स्थान पर 'प्राची का नव आत्मोदय' हो गया है। यही सतुलित रूप है।

(२) गांधीवाद और मार्क्सवाद का समन्वय—गाधीवाद और मार्क्सवाद के समन्वय का स्वर 'युगवाणी' से लेकर 'उत्तरा' तक मिलता है। 'उत्तरा' मे कवि की स्थायी-मनोभूमि का परिपाक है। इसलिए समन्वय का यह रूप पन्त के स्थायी चिन्तन का अश है। निम्नलिखित उद्धरणो से यह बात स्पष्ट हो जायगी—

"साम्यवाद ने दिया जगत को सामूहिक जनतन्त्र महान
भव जीवन के दैन्य दुःख से किया मनुजता का परित्राण ।
× × × ×
गाधीवाद जगत मे आया ले मानवता का नव मान,
सत्य, अहिंसा से मनुजोचित नव सस्कृति करके निर्माण ?
× × × ×
मनुष्यत्व का तत्व सिखाता निश्चय हमको गाधीवाद,
सामूहिक जीवन विकास की साम्य योजना है अविवाद ।"

समाजवाद—गाधीवाद ( युगवाणी )

"चरमोन्नत जग मे जब कि आज विज्ञान ज्ञान,
बहु भौतिक साधन, यन्त्र यान, वैभव महान,
सेवक है विद्युत वाष्प शक्ति धन बल नितान्त
फिर क्यो जग मे उत्पीडन ? जीवन यो अशात ?"

इसका कारण है—

"चर्वित इसका विज्ञान ज्ञान वह नही पचित ।
भौतिक मद से मानव आत्मा हो गई विजित ।"

और इसका निदान है—

"चाहिए विश्व को आज भाव का निर्वोन्मेष,
मानव उर मे फिर मानवता का हो प्रवेश ।
बापू ! तुम पर है आज लगे जग के लोचन,
तुम खोल नही जाओगे मानव के बन्धन ?"

—'बापू' (ग्राम्या)

यहाँ कवि भौतिकता मे त्रस्त जगत के उद्धार के लिए गाधीवाद को समर्थ मानता है।

गाधीवाद के विषय मे कवि कहना है—"इस युग के महापुरुष गाधी जी भी अहिंसा को एक व्यापक सास्कृतिक प्रतीक के ही रूप मे दे गए हैं, जिसे हम मानव चेतना का नवनीत, अथवा विश्व मानवता का एकमात्र सार कह सकते हैं।' सत्य अहिंसा के सिद्धान्तो को मैं अन्त सगठन (सस्कृति) के दो अनिवार्य उपादान मानता हूँ।"

(उत्तरा भूमिका पृ० १८)

गाधीवाद के इसी महत्व के कारण वह गाधीवाद और लोक सगठन (मार्क्सवाद का एक पक्ष) के समन्वय की बात कहता है—

"अतएव युग पुरुष को पूर्णत सचेष्ट करने के लिये यदि लोक सगठन के साथ गाधीवाद को पीठिका बनाकर मन सगठन (सस्कार) का भी अनुष्ठान उठाया जाए और मनुष्य की सामाजिक चेतना (सस्कृति) का विकसित विश्व-परिस्थितियो (वाष्प-विद्युत आदि) के अनुरूप ही नवीन रूप से सक्रिय समन्वय किया जाए तो वर्तमान के विक्षोभ के आर्त्तनाद तथा क्रान्ति की क्रुद्ध

ललकार को लोक- जीवन के सगीत तथा मनुष्यता की पुकार के रूप में बदला जा सकता है, एव क्रान्ति के भीतरी पक्ष को भी सचेष्ट कर उसे परिपूर्ण बनाया जा सकता है।"

( उत्तरा-भूमिका पृ० ४ )

कुछ विद्वानों ने यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि गाधीवाद प्रतिक्रियावादी है और मार्क्सवाद प्रगतिवादी। अत' दोनो मे सामंजस्य होना असम्भव है। इसका एक कारण यह है कि कुछ आलोचकों के लिए मार्क्सवाद प्रगतिवाद है और जो मार्क्सवाद नही है वह पलायनवाद है। मार्क्सवाद और प्रगतिवाद को पर्यायवाची मानने पर ही ऐसे असतुलित निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। इन आलोचकों को द्वितीय यह बात भी ध्यान मे रखनी चाहिए कि जब कवि मार्क्सवाद और गाधीवाद के समन्वय की बात कहता है, तो वह मार्क्सवाद के किस पक्ष को ग्रहण करता है। पन्त ने उपर्युक्त युगवाणी की कविता का शीर्षक 'समाजवाद-गाधीवाद' रखा है न कि 'मार्क्सवाद-गाधीवाद'। पन्त ने मार्क्सवाद का प्रयोग सर्वत्र उसके सामाजिक सगठन के मूल्यवान रूप मे ही किया है। पन्त ने मार्क्सवाद को अपने दृष्टिकोण के अनुरूप देखा है—उसी प्रकार जिस प्रकार उसने अद्वैत को अपने दृष्टिकोण से देखा है। कवि ने मार्क्सवाद का खण्डन इन शब्दो मे किया है—

"सहस्रो वर्षों से आध्यात्मिक दर्शन की सूक्ष्म सूक्ष्मतम झंकारों से रहस मौन निनादित भारत के एकान्त मनोगगन मे मार्क्स तथा ऐंजिल्स के विचार दर्शन की गुंजें बौद्धिकता के शुभ्र अन्धकार के भीतर से रेंगने वाले झीगुरो की रुंधी हुई झनकारों से अधिक स्पदन नही पैदा करतीं।"

( उत्तरा—भूमिका पृ० २० )

" द्वन्द्व-तर्क या भौतिकवाद का महत्व दिखाना भारतीय दर्शन के विद्यार्थी के लिए हास्यास्पद दार्शनिक तुतलाहट से अधिक अर्थ-गौरव नहीं रखता।'

( वही पृ० १० )

अब यह भी सुन लीजिये कि पन्त मार्क्सवाद की ओर क्यो आकृष्ट हुआ—

"मार्क्सवाद का आकर्षण उसके खोखले दर्शन-पक्ष मे नही, उसके वैज्ञानिक ( लोकतन्त्र के रूप मे मूर्त ) आदर्शवाद में है, जो जनहित अथवा सर्वहारा का पक्ष है। किन्तु उसे वर्ग-क्रान्ति का रूप देना अनिवार्य नही है।"

( वही पृ० २१ )

अब यह स्पष्ट हो गया कि पन्त ने मार्क्सवाद के किस पक्ष का सयोग गान्धीवाद से किया। यह तो पन्त भी जानता है कि मार्क्स के वर्ग-सघर्ष और रक्त-क्रान्ति के लिए गान्धीवाद मे कोई स्थान नही है। सच तो यह है कि कवि गांधीवाद और मार्क्सवाद का समन्वय नही कर रहा है, वरन् अपने दृष्टिकोण के अनुरूप गान्धीवाद का सगठन कर रहा है। या फिर गान्धीवाद को आध्यात्मिक शक्तियो का प्रतीक मानते हुए और मार्क्सवाद को भौतिकवाद का विशिष्ट रूप समझते हुए हम कवि के गान्धी मार्क्स समन्वय को आत्म-अनात्म समन्वय का रूप मान सकते है।

(३) **अध्यात्मवाद और भूतवाद का समन्वय**—दर्शन क्षेत्र मे चेतन और पदार्थ के विरोध एव सघर्ष की बात हो चुकी है। उसके समन्वय के भी अनेक प्रयत्न हुए। पन्त आरम्भ से ही समन्वयवादी रहा है। उसकी समन्वयात्मिका बुद्धि के वैभव का पूर्ण परिचय हमे इसी अध्यात्म और भूतवाद के सामजस्य में मिलता है।

आत्मवाद और वस्तुवाद विभिन्न क्षेत्रो मे विभिन्न रूपो मे प्रकट होते है। अध्यात्मवादी आदर्शवादी होता है, व्यक्ति पर विश्वास करता है और अन्तर्जगत पर अधिक बल देता है। वस्तुवादी यथार्थवादी होता है, समाज पर विश्वास रखता है और बहिर्जगत पर अधिक बल देता है। पन्त ने आदर्श और यथार्थ का, व्यक्ति और समाज का, अन्तर्जगत और बहिर्जगत का भी सामजस्य किया है। अध्यात्मवादी की साधना ज्ञान के रूप मे प्रकट होती है, वह मानव जीवन का ऊर्ध्वतल है और भारत की निजी सपत्ति है। वस्तुवादी की साधना विज्ञान के रूप मे प्रकट होती है, वह मानव जीवन का समतल है, और पश्चिम की निजी सम्पत्ति है। पन्त ने ज्ञान और विज्ञान का ऊर्ध्वतल और समतल का, पूर्व और पश्चिम का समन्वय करने का उपक्रम किया है। पूर्व और पश्चिम का समन्वय आज के विज्ञान के युग मे ही सम्भव है। तुलसी के युग मे तो उसका कोई प्रश्न

कवि के दृष्टिकोण का स्वस्थ सतुलन। 'ज्योत्स्ना' के भीतर कही भी अन्तर्विरोध दिखाई नही देता। इसका कारण यह है कि उसमे कवि का स्वच्छन्द चिन्तन प्रतिफलित हुआ है। विचारधारा के क्रमिक विकास को समझने के लिए 'ज्योत्स्ना' कवि की सब से अधिक महत्त्वपूर्ण कृति है।

अब हम अन्तर्विरोध के दूसरे रूप की—युगवाणी तथा ग्राम्या और परवर्ती काव्य के बीच के विरोध की मीमासा करेंगे। यदि सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाए तो यह विरोध मिट जाता है। विरोध का एकमात्र कारण यह है कि पूर्ववर्ती काव्य मे कवि की दृष्टि बहिर्जगत की ओर अधिक रही है, किन्तु अन्तर्जगत के महत्त्व की ओर भी वह सजग रहा है। 'चीटी' कविता मे वह कहता है—

"मानव को आदर्श चाहिये,
सस्कृति आत्मोत्कर्ष चाहिये,"

परवर्ती काव्य मे कवि की दृष्टि मानव के अन्तर्जगत की ओर अधिक रही है। किन्तु यहाँ भी कवि ने बहिर्जगत के महत्व को विस्मृत नही किया। कवि ने स्वय इसी बात को कहा है—

"बाहरी दृष्टि से उन्हे (पाठको को) 'युगवाणी' तथा 'स्वर्ण किरण' काल की रचनाओ मे शायद परस्पर-विरोधी विचार-धाराओ का समावेश मिले पर वास्तव मे ऐसा नही है।"

उत्तरा, भूमिका पृ० (१)

'युगवाणी' तथा 'ग्राम्या' मे यदि ऊर्ध्व मानो का सम धरातल पर समन्वय हुआ है तो 'स्वर्णकिरण' और 'स्वर्णधूलि' मे समतल मानो का ऊर्ध्व धरातल पर, जो तत्वत एक ही लक्ष्य की ओर निर्देश करते हैं।"

वही—पृ० २

इन उद्धरणो से उपर्युक्त विवेचन की पुष्टि होती है। किन्तु 'युगवाणी', 'ग्राम्या' रचनाओ के बीच मैंने जिस अन्तर्विराध की ओर सकेत किया है, वह स्वीकार करना ही पडता है।

एक बात और। आलोचक उस बात का आग्रह ही क्यो करे कि किसी भी विचारक मे आरम्भ से अन्त तक विचारो का एक सूत्रीय विकास ही मिले। सम्भव हो सकता है कि वह कभी किसी ऐसे विचार को स्वीकार कर ले, जिसे

वाद मे नए सिद्धान्त के आलोक मे वह अस्वीकार कर दे या उसे परिष्कृत कर ले। किसी भी विचारक मे हमें इस प्रकार का विरोध मिल सकता है, और मिलता है। कौन नही जानता कि ब्रिटिश साम्राज्य का स्वामिभक्त सेवक गाधीवाद मे चलकर उसका उग्र विरोधी बन गया था। इसी बात को पन्त ने कहा है कि "किसी लेखक की कृतियो मे विचार साम्य के बदले उसके मानसिक विकास की दिशा को ही अधिक महत्व देना चाहिए, "

( वही—पृ० २ )

**बौद्धिकता की प्रधानता क्यों**—'गुञ्जन' के उपरान्त की काव्यकृतिया में बौद्धिकता की प्रधानता बताई जाती है। कवि भी ग्राम्या मे बौद्धिक सहानुभूति की बात करता है। 'वाणी' कविता मे वह अपनी वाणी से 'जनमन मे विचार वहन' करने के लिए ही कहता है, भाव नहीं। इसका क्या कारण है ? क्या दोष है ?

पन्त केवल कवि ही नही है, चिन्तक भी है, समाज और युग के प्रति प्रबुद्ध भी है। जीवन की विषमताओ को दूर करने के उपाय दो हैं। प्रथम तो उनकी तीक्ष्ण आलोचना की जाए। (यथार्थवादी काव्य का जन्म यही से होता है।) द्वितीय, समरस स्थितियो का मधुर अङ्कन कर युग चेतना को उसकी ओर आकर्षित किया जाए। (यह आदर्शवादी काव्य का लक्षण है)। आलोचना करने के लिए हृदय की नही बुद्धि की आवश्यकता होती है। बुद्धि का कार्य हृदय से नही लिया जा सकता। फलत पन्त के गीतो मे बौद्धिकता की छाया सघन हो उठा।

और फिर मैं पूछता हूँ गीतो मे बौद्धिकता दोष ही क्यो है ? सामाजिक चेतना को उभारने के लिए प्राय निबन्धो का प्रयोग होता है जैसा कि वाल्तेयर और रूसो मे मिलता है। पन्त ने यही कार्य कविता के साधन द्वारा करना चाहा। वह ऐसा करने मे सफल भी हुआ। कविता में बौद्धिकता का समावेश कर पन्त ने उसके स्वरूप को विकृत नही किया है, वरन् उसे आधुनिक युग की परिस्थितियो के अनुकूल विकसित करने का प्रयत्न किया है। बुद्धिगत साधारणीकरण की आवश्यकता आज के युग की आवश्यकता है। युगवाणी की 'भूत दर्शन', 'साम्राज्यवाद', 'समाजवाद-गाधीवाद' आदि कविताओ मे पन्त ने

स्पष्टत यो कहिए कि मार्क्सवाद को पूर्णत स्वीकार नही करता है। पन्त ने स्वय इस बात को स्पष्ट किया है।

"मेरा मन यह स्वीकार नही करता कि मैंने अपनी रचनाओ मे जिस सास्कृतिक चेतना को वाणी दी है, एव जिस मन सङ्गठन की ओर ध्यान आकृष्ट किया है, उसे किसी भी दृष्टि से प्रतिगामी कहा जा सकता है। मैंने सदैव ही उन आदर्शो, नीतियो तथा दृष्टिकोणो का विरोध किया है जो पहले युगों की सकीर्ण परिस्थितियो के प्रतीक हैं, जिनमे मनुष्य विभिन्न जातियो, सम्प्रदायो तथा वर्गो मे विकीर्ण हो गया है।' ' मेरा विनम्र विश्वास है कि लोक सगठन तथा मन सङ्गठन एक दूसरे के पूरक हैं, क्योकि वे एक ही युग (लोक) चेतना के बाहरी और भीतरी रूप है। ' जो विवेचन सभी प्रकार के मन सङ्गठन तथा सास्कृतिक प्रयत्नो को प्रतिक्रियात्मक तथा पलायनवादी कहकर उनका विरोध करते हैं उनकी भावना युग प्रबुद्ध होने पर भी, विचारधारा वादो से पीडित तथा बुद्धि भ्रम से ग्रस्त है।"

—वही पृ० ५, ६

इस भ्रम को दूर करने के लिए दो बातो की आवश्यकता है। प्रथम, मार्क्सवाद की सीमाओ का खण्डन (जैसा कि पन्त के आक्षेपो मे पहले किया जा चुका है)। द्वितीय, प्रगतिवाद की नवीन, व्यापक एव स्वस्थ रूपरेखा का निर्माण। यहाँ इसके विशद उद्घाटन के लिए स्थान नही है। सक्षेप मे ही कुछ विवेचन किया जाएगा।

प्रगति का अर्थ है उन्नति करना। यह उन्नति मानसिक और भौतिक दोनो क्षेत्रो मे होगी। इसे यदि भौतिक उन्नति तक ही सीमित कर दिया जाय तो मनुष्य और पशु मे कोई भेद नही रह जायगा। यदि दिमाग पर पट्टी बाँध कर मनुष्य हवा मे उडने लगा, तो वह पक्षियो के समान तो हो जायगा किन्तु मनुष्य नही कहला सकता। मार्क्सवादी दर्शन को पलायन का प्रतीक मानते हैं। पूर्वाग्रहो मे बँधकर चलने पर ऐसे ही भ्रामक निष्कर्ष निकलते हैं। मार्क्सवादी दृष्टि को लेकर चलने वाले के लिए अध्यात्मवाद पलायन का प्रतीक है। मानव समाज के लिए घातक है। अध्यात्मवादी दृष्टि वाले के लिए मार्क्सवाद एक

धोखा है तथा भ्रामक सिद्धान्त है। दोनो निष्कर्ष पूर्वाग्रहो की जडता के कारण असङ्गत हैं।

**आदर्श, यथार्थ और प्रगति**—पन्त के यथार्थवादी रूप पर भी प्रकाश डाला गया है, और आदर्शवादी दृष्टिकोण पर भी। मार्क्सवादी के लिए प्रत्येक प्रकार का आदर्श पलायन का प्रतिरूप है। यह गलत है। यथार्थ और आदर्श प्रगति के दो पहलू हैं। यथार्थ और आदर्श से भिन्न प्रगति का कोई स्वरूप ही नही हो सकता। यथार्थ की पीडा का चित्रण कर कवि जनता को दोषों और रूढियो से मुक्त करता है, और आदर्श का स्मरणीय चित्र खीचकर उसे उसकी ओर बढने के लिये लालायित करता है। **बिना आदर्श के प्रगति अन्धी है। बिना यथार्थ के प्रगति खोखली है।** जीवन के अनुभव से अपने इस मत की पुष्टि की जा सकती है। लापरवाह बच्चे को माता-पिता डाटते हुए कहते हैं 'यदि तू नही पढ़ेगा तो भगी बनेगा।' इस कथन के मूल मे बालक के हित की कामना छिपी है। यह यथार्थ ज्ञान द्वारा प्रगति की प्रेरणा का रूप है। और कभी माँ-बाप बच्चे से कहते हैं "यदि तू पढेगा तो राजा बनेगा।" इस कथन के मूल मे भी उसके हित की कामना छलकी पडती है। यह आदर्श निरूपण द्वारा प्रगति की प्रेरणा का रूप है। इसी प्रकार साहित्यकार भी अबोध जनता को कभी कोसता है, गाँवो को 'अपरिचित नरक' कहता है, और कभी 'भू पर स्वर्ग' के दर्शन कराता है। दोनो के मूल मे है जनता के हित की भावना, प्रगति की प्रेरणा।

डटन और आचार्य शुक्ल ने 'साधनावस्था' और 'सिद्धावस्था' (या कला काव्य) को काव्य का भेद माना है। उपर्युक्त नवदृष्टि के अनुसार हम साधनावस्था के काव्य को यथार्थवादी काव्य और सिद्धावस्था के काव्य को आदर्शवादी काव्य कहते है। प्रत्येक देश में दोनो प्रकार के काव्य मिलते हैं। कभी-कभी एक ही काव्य मे दोनो रूपो का सामजस्य दिखाई देता है—जैसे रामचरितमानस।

क्या यथार्थ चित्रण प्रगति-विरोधी नही होता ? होता है। कब ? जब वह पाठक को गर्हित यथार्थ मे अनुरक्त करे। फ्रायड मे प्रभावित यथार्थवादी ऐसे ही काव्य का निर्माण किया करते है।

जब आप समाज की रूढ़ियो और कुरीतियो को दूर करने के लिए कहते हैं तो क्या आपके दिमाग मे सुन्दर विश्वास नही होते ? मार्क्सवादियो के सामने भी एक आदर्श होता है—चाहे वह समाजवाद हो या साम्यवाद । लोग, विद्यार्थियो से जीवन का लक्ष्य बनाने के लिये कहा करते हैं तो क्या साहित्यकार को ही आदर्श चिन्तन की आवश्यकता नही है ?

उपर्युक्त विवेचन से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि आलोचना क्षेत्र मे 'आदर्शोन्मुख यथार्थवाद'—एक नया नाम रखने की आवश्यकता नहीं है। क्योकि फिर यथार्थोन्मुख आदर्श की बात भी होनी चाहिये । यदि यथार्थ को आदर्श की ओर अग्रसर करने की आवश्यकता है, तो क्या आदर्श को यथार्थ के अनुरूप ढालने की आवश्यकता नही है ? यह भ्रम तभी उत्पन्न होता है—जब हम यथार्य और आदर्श को एक दूसरे से बिल्कुल अलग-अलग दो सिद्धान्त मानते हैं। मूल सत्य तो यह है कि प्रत्येक यथार्थ-चित्रण आदर्शोन्मुख होगा और प्रत्येक आदर्श यथार्थ मूलक होगा । दोनो मे चोली-दामन का सा साथ है। मधुर फल मे यथाथ की गुठली है और आदर्श का गूदा ।

मैं आदर्शोन्मुख यथार्थवाद के पक्षपातियो से पूछता हूँ कि क्या 'केवल' यथार्थ का चित्रण प्रगति की प्रेरणा नही देता, क्या 'ग्राम-चित्र' कविता को पढकर पाठक के मन मे विक्षोभ नही उत्पन्न होता, जो 'उन अपरिचित नरको को धरती के स्वर्गों में बदल देने की प्रेरणा देता है । इसीलिए तो मैं कहता हूँ कि जहाँ 'केवल' यथार्थ का चित्रण होगा, वहाँ भी प्रगति का उत्साह तरगित दिखाई देता है । इसी प्रकार आदर्श मे भी प्रगति की कामना ही अवतरित है । पन्त जहाँ यथार्थवादी है वहाँ भी वह प्रगतिगामी है और जहाँ आदर्शवादी है वहाँ भी वह प्रगतिवादी है, क्योकि यथार्थ और आदर्श प्रगति के ही दो पहलू है ।

# 6

# व्याख्याओं के विभिन्न स्वरूप

## १. मोह

यह कविता कवि पन्त की प्रारम्भिक कविताओ में से है। कवि स्वभाव से प्रकृति-प्रेमी है। साथ ही उसके हृदय मे यौवन का प्रवेश हो रहा है। इसी कारण नारी का सौन्दर्य उसे अपने प्रति आकर्षित करता है। परन्तु अभी यौवन कवि पर पूरी तरह से हावी नही हो पाया है। प्रकृति-प्रेम कवि को अपनी ओर खीचता है। इन दोनों आकर्षणों में परस्पर सघर्ष होता है और अन्त में नारी-सौन्दर्य पर प्रकृति-सौन्दय की विजय होती है। परन्तु यह विजय भी एक प्रकार से पराजय बन जाती है क्योंकि कवि नारी के बिना प्रकृति का वर्णन नही कर पाता। इस कविता को पढते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए।

**छोड द्रुमों की ··· · ·· इस जग को !**

**भावार्थ**—बाला का सौन्दर्य कवि को अपने प्रति आकर्षित करता है। दूसरी ओर प्रकृति-सौन्दर्य भी जोर मारता है। कवि बाला को सम्बोधन कर कहता है—

हे बाले ! वृक्षो की मनोहर, शीतल छाया को त्याग कर, प्रकृति के प्रति मेरे मन मे निरन्तर बनी रहने वाली ममता को तोड कर, मैं अभी से इस ससार को भूल तेरे बालो के जाल में अपने लोचनो को कैसे उलझा दूँ ? भाव यह है कि नारी से प्रेम करने पर पुरुष सारे ससार को भूल केवल नारी मे ही सीमित होकर रह जाता है। कवि कहता है कि अभी उसकी अवस्था ऐसी नही है कि वह ससार के प्राकृतिक आकर्षणो का मोह त्याग नारी-प्रेम के जाल मे अपने को उलझा दे।

(१) यहाँ 'माया और 'छाया' शब्द विशेष ध्वनि दे रहे है। 'माया मे

अथ 'ममता' मे है। प्रकृति कवि के लिए माँ के समान ममतामयी है जिसकी शीतल छाया मे उसे आनन्द मिलता है। यहाँ 'छाया' से शारीरिक सुख तथा 'माया' मे आन्तरिक सुख की अभिव्यक्ति हो रही है।

(२) 'द्रुमो की मृदु छाया' और 'बाल-जाल' शब्द साभिप्राय प्रयुक्त हुए हैं। वृक्षो की मृदुल छाया और प्रिया के केशपाश की छाया मृदुलता, कोमलता, स्निग्धता और अपनत्व है। परन्तु कवि 'बाल-जाल' का प्रयाग कर नारी के उस आकर्षण की ओर सकेत कर रहा है जिसमे उलझ कर पुरुष सारे ससार को भूल जाता है। बाह्य दृष्टि से ता यहाँ दोनो मे साम्य है परन्तु प्रभाव-साम्य की दृष्टि से दोनो मे बहुत अन्तर है।

**तज कर तरल ... मृग सा मन ?**

**भावार्थ**—हे बाले ! मै चचल तरगो और सतरगे इन्द्र धनुष के सौन्दर्य को त्याग कर, अभी मे इस ससार को भूल, तुम्हारे कटाक्षो ( भ्रू भगो ) द्वारा अपने हिरण जैसे भोले, सरल मन को कैसे बिधवा दूँ। अर्थात् तुम्हारे कटाक्षो से कैसे प्रभावित हो उठूँ। अभी तो मेरा मन प्रकृति की गोद मे स्वच्छन्द रूप से विचरण करता है।

(१) तरल तरग तथा इन्द्रधनुष नारी की भौंहो के ही समान तिरछे होते हैं।

(२) 'मृग सा मन'—में लुप्तोपमा अलकार है।

**कोयल का वह ... सजनि श्रवन !**

**भावार्थ**—हे सजनि ! यह तो बता कि कोयल की मदभरी कोमल काकली तथा भ्रमर की वीणा के अनमोल स्वरो के समान मधुर गुजार को त्याग मैं केवल तेरे ही स्वरो से अपने कोनो को भर लूँ। अर्थात् यह नैसर्गिक सगीत सुनना त्याग सदैव तेरा ही प्रिय सगीत सुनता रहूँ। अभी ऐसा करने का समय नही आया है।

**ऊषा-सस्मित ... इस जग को।**

**भावार्थ**—फूटती हुई उषा मे फूलो की पखुडियो पर चन्द्र किरणो के साथ उतरे हुए अमृत-जल ( ओस का बूँदा ) को त्याग मैं तेरे अधरामृत के खुमार

मे अपने जीवन को कैसे वहला दू ? अर्थात् अमृत के समान शीतल, जीवन-प्रदायक ओस की बूंदें अभी मेरे लिए अधिक आकर्षण रखती हैं। तुम्हारे अधरो का अमृत तो शराब के समान मादक होता है। इसलिए अभी मैं उसका पान नही करना चाहता। क्योकि उसे पान कर लेने पर मैं इस ससार को भूल जाऊँगा।

(१) इस कविता मे कवि ने नारी के सौन्दर्य और गुणो की तुलना मे प्रकृति के सौन्दर्य और गुणो को प्रस्तुत कर दोनो की तुलना की है और प्रकृति को नारी से श्रेष्ठ सिद्ध किया है। नारी की समान केश-छाया के सामने द्रुमों की मृदु छाया है। पहली मन को उलझा लेती है, दूसरी शीतलता प्रदान करती है। नारी के कटाक्षो की तुलना मे तिरछी चचल लहरें और इन्द्रधनुष हैं। कटाक्ष पुरुष के मृग के समान भोले-स्वच्छन्द मन को आहत कर देते हैं जबकि लहरो और इन्द्रधनुष के प्राकृतिक सौन्दय का उपभोग करता हुआ मन मुक्त वना रहता है। नारी का सगीत इतना मादक होता है कि पुरुष उसे सुन सब कुछ भूल जाता है परन्तु कोयल की काकली और भ्रमरो की गु जार उसे विभोर कर उसमे नवीन चेतना का सृजन करते हैं। नारी का अधरामृत शराव के समान सुध-बुध भुला देने वाला तथा उन्मत्त कर देने वाला होता है और सुधा-मयी चन्द्र किरणो के साथ उतरा जल-ओस-मन को शीतलता प्रदान करता है। नारी और प्रकृति के आकर्षणो में निहित इसी अन्तर का अनुभव कर कवि अभी से नारी के आकर्षण की उपेक्षा कर प्रकृति के सौन्दर्य मे ही डूबा रहना चाहता है।

(२) सम्पूर्ण कविता मे 'व्यतिरेक' की व्यजना है।

## २. विनय

मा! मेरे जीवन की ` है वारम्वार !

शब्दार्थ—मजुल = सुन्दर, कोमल। मुक्तालकार = मोतियो का अलकार। भूरि = अनेक। रति = प्रेम। कृति = कार्य। आचार = व्यवहार।

भावार्थ—कवि कहता है कि हे माँ! जब मैं जीवन मे हार जाऊँ और तेरे वक्ष से चिपट कर आँसू वहाऊँ तो मेरे उन आँसुओ का उपहार तेरे हृदय

का सुन्दर हार बन जाय। अर्थात् मेरी हार मे तू मुझे अपना कर अपने वक्ष मे चिपटा ले और सान्त्वना प्रदान करे। और जब मेरा परिश्रम सफल हो जाय तो परिश्रम के कारण मेरे मस्तक पर झलक आई पसीने की बूंदे तेरे मस्तक का चमकीला मोतियो का अलकार बन जाय। अर्थात् गव से तेरा मस्तक चमक उठे।

मेरे असख्य दुखों का भार तेरे हृदय की इच्छा का फल बन जाय। अर्थात् मै यह समझूं कि मेरे ये दुख भी तेरी ही इच्छा के प्रतिरूप हैं। भाव यह है कि दुख मे भी मैं निराश न हो, उमे तेरी ही इच्छा समझ सान्त्वना प्राप्त करता रहूं। मेरे प्रेम, कर्म, व्रत और व्यवहार तेरी आशा का शृंगार बन जायें। अर्थात् मेरे सम्पूर्ण कार्य तेरी आशाओ की पूर्ति करने वाले बन जांय। हे माँ! तेरी निर्भयता ही तेरी पूजा का साधन हो। अर्थात् मेरी सुख-दुख भरी सम-विषम परिस्थितियो मे तेरा सदैव निर्भय बना रहना ही तेरी सबसे बडी पूजा है। मेरी बार-बार यही विनय है।

## ३ प्रथम रश्मि

इस कविता मे कवि प्रकृति के अज्ञात रहस्यो के प्रति जिज्ञासु हो उठा है। पक्षी प्रभात का आगमन स्वत ही जान लेते हैं परन्तु मानव समय जानने के अनेक साधनो के रहते हुए भी उससे अनभिज्ञ रहता है। इसका रहस्य क्या है? कवि एक बाल-विहगिनि को सम्बोधन कर इसी रहस्य को जानने का प्रयत्न कर रहा है।

**प्रथम रश्मि का . . . यह गाना!**

**भावार्थ**—कवि किसी बाल-विहगिनि को सम्बोधन कर पूछ रहा है कि प्रकृति की गोद मे विहार करने वाली हे बाल-विहगिनि (छोटी सी चिडिया)! तुझे प्रभात की प्रथम सूर्य-किरण के आगमन का ज्ञान पहले से ही कैसे हो जाता है? (पक्षी सूर्योदय से पूर्व ही अपनी निद्रा त्याग, चैतन्य हो चहचहाने लगते हैं।) और उसके आगमन के स्वागत मे तू जो यह गाना गाती है उसे तूने कहाँ से सीखा है?

(१) अंग्रेजी का प्रसिद्ध कवि शेली भी पक्षियो के इस कलरव को सुन आश्चर्यचकित हो कह उठा था—

ग्रौर ऐश्वर्यशाली बना सकती हो। मैं दीन ग्रौर प्रणय-वंचित हूँ। मुझे प्रेम की भिक्षा दो।

(१) दृष्टान्त ग्रौर विरोधाभास ग्रलंकार है। ग्रन्योक्ति का सुन्दर प्रयोग है।

**'प्रिय ! निराश्रिति , दिखलाता सदा।**

**शब्दार्थ**—निराश्रिति = दीनता। ग्रल्पता = दरिद्रता। संकुचित = सिकुड़ो। ग्रल्प = तनिक। ग्रपनाव = ग्रपनापन, प्रेम। दयानिल = दयारूपी वायु। उपकृति = उपकार। करुणालोक = करुणा का ग्रालोक।

**भावार्थ**—हे प्रिये ! दीनता की ग्रर्थात् दीन व्यक्तियों की कठोर भुजाएँ किसी लालच के कारण कभी नीची नहीं होती। ग्रर्थात् जब तक माँगने वाले को ग्रपनी इच्छित वस्तु नहीं मिल जाती तब तक वह ग्रपनी फैलाई हुई बाँहें कभी नीचे नहीं करता। यदि दीन-दरिद्र व्यक्तियों को किसी से तनिक सा भी प्रेम मिल जाता है तो कृतज्ञता से उनकी सिकुड़ी-धँसी ग्राँखें प्रेम के ग्राँसू बहाने लगती हैं।

हे प्रिये ! जिस प्रकार वायु चलने से सरोवर में ग्रसंख्य लहरें उठने लगती हैं उसी प्रकार किसी की दया प्राप्त कर लेने पर मानव का हृदय उस उपकार के कारण रोमांचित हो उठता है ग्रौर उसके हृदय में कृतज्ञता की ग्रसंख्य लहरें उमड़ने लगती हैं। ग्रर्थात् वह ग्रत्यधिक कृतज्ञ हो जाता है। यदि किसी दीन-दुखी को किसी की तनिक सी भी करुणा मिल जाती है तो वह संसार के सम्मुख उस करुणा को ग्रत्यधिक बढ़ा-चढ़ा कर उसी प्रकार दिखाता फिरता है जिस प्रकार प्रकाश की एक क्षीण रेखा जल में पड़ उसकी ग्रसंख्य लहरों में प्रतिबिम्बित हो विशाल रूप धारण कर लेती है। भाव यह है कि यदि तुम मेरे प्रेम को स्वीकार कर प्रतिदान में ग्रपना प्रेम दे दोगी तो मैं तुम्हारा बहुत उपकार मानूँगा।

(१) सांगरूपक ग्रलंकार है।

(२) ग्रनेक नवीन मौलिक कल्पनाएँ हैं।

**'शरद के निर्मल है फर सदा ?'**

**शब्दार्थ**—ग्रपांगों में = तिरछे देखना।

वर्णित दृश्य या भाव का साकार चित्र प्रस्तुत कर देती है। प्रस्तुत छन्द भी इसमे पूर्ण सहायक है।

(२)

**अहे दुर्जेय ·· दलित धरातल।**

**शब्दार्थ**—दुर्जेय=अजय। विश्वजित्=विश्व विजयी। तल=नीचे। माथ=माथा, मस्तक। नृशस=क्रूर, कठोर। अनियन्त्रित=उच्छृखल। ससृति=ससार। मर्दित=कुचलना। आधि=शारीरिक पीडा। व्याधि=मानसिक पोडा। वात=तूफान। वह्नि=अग्नि।

**भावार्थ**—हे परिवर्तन! तुम अजेय हो। तुमने सम्पूर्ण विश्व को जान लिया है। सैकडो श्रेष्ठ देवता एव राजा तुम्हारे इन्द्रासन के नाचे अपने मस्तक झुकाते हैं। अर्थात् परिवतन के प्रभाव मे कोई भी अछूता नही रहता। निरन्तर गतिशील तुम्हारे रथ के पहियो के साथ सैकडो अनाथ लोगो के भाग्य निरन्तर घूमते रहते है। अर्थात् परिवर्तन रूपी काल-चक्र अपनी गति के साथ लोगो के भाग्य को बनाता बिगाडता रहता है।

हे निष्ठुर परिवर्तन! तुम अत्याचारी क्रूर राजा के समान उच्छृखल बन ससार पर आक्रमण कर सारे विश्व को सताते हो और अपने पैरो से कुचलते हो। तुम नगरो पर आक्रमण कर उन्हें खडहर बना देते हो, विशाल भवनो को नष्ट-भ्रष्ट कर धराशायी कर देते हो। मूर्तियो को टुकडे-टुकडे कर डालते हो। तुम युग-युगो से मानव द्वारा सचित किए गए वैभव, कला और कौशल को नष्ट कर देते हो। भाव यह है कि परिवर्तन अपने एक इशारे से मानव द्वारा युग-युगो से सचित एव निर्मित नगरो, वैभव एव कला-कौशल की सम्पूर्ण उपलब्धियो को क्षण मात्र मे नष्ट कर डालता है। भूकम्प, ज्वालामुखी विस्फोट आदि के कारण ध्वस्त हुए प्राचीन नगरो के खडहर इसके प्रमाण हैं।

हे निष्ठुर परिवर्तन! शारीरिक पीडा, मानसिक अशान्ति, अति वृष्टि, तूफान, उत्पात, अमगल, अग्नि, बाढ, भूकम्प आदि तुम्हारे विशाल सैन्य दल हैं तुम इन्हो की सहायता से विश्व के नाना प्रकार के उत्पात मचाया करते हो। अर्थात् ये ही परिवर्तन के प्रधान कारण है। हे निरकुश अर्थात् स्वेच्छा-

होगी जो सम्पूर्ण विश्व को एकता के बन्धन मे श्राबद्ध कर देगी। इसलिए श्राज युद्ध, कटुता श्रादि से ग्रस्त विश्व की समस्या का समाधान राजनीतिक सिद्धान्तों या प्रयत्नों द्वारा नही किया जा सकता। विश्व मे शान्ति तभी स्थापित हो सकेगी जब सम्पूर्ण विश्व को एक विशाल, विस्तृत सस्कृति मे बाँध दिया जायेगा।

## ३६. विनय

कवि ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है कि मानव को ऐसा वरदान दो कि वह मानवता का निर्माण करने मे समर्थ हो सके।

विज्ञान ज्ञान वह ... .... .. जग के कारण !

भावार्थ—कवि भगवान से प्रार्थना कर रहा है कि हे इस सम्पूर्ण ससार के निर्माता ! श्रनेक प्रकार के ज्ञान-विज्ञान तथा नीति श्रौर धर्म सबको सुलभ हो सकें श्रर्थात् जन-साधारण इनका ज्ञान प्राप्त कर इनका उपभोग कर सकें। मनुष्य नए-नए सकल्प कर सकें तथा श्रपनी इच्छाश्रो के श्रनुरूप कर्म करने को स्वतन्त्र हो। मानव को ऐसी शक्ति दो कि उसके उपचेतन मन पर उसका चेतन मन विजय प्राप्त कर सके। श्रर्थात् मानव श्रपनी जडता त्याग पूर्ण रूप से चैतन्य हो उठे।

मनुजों की लघु . .. .. मानवता का वर !

शब्दार्थ—लघु चेतना=हीन भावना। वर्गगत=वर्गों द्वारा उत्पन्न। प्रेत=भूतकाल की भयानक भावनाएँ। सस्कृत=सभ्य। संयुक्त=सम्मिलित। धरणि=धरती। भव=जन्म।

भावार्थ—कवि भगवान से ऐसा वरदान मांगता है जिससे मनुष्यो की नीचे श्रौर तुच्छ कार्य करने की भावना नष्ट हो, छोटी-छोटी बातो से उत्पन्न उसकी तुच्छ श्रहकार भावना का नाश हो तथा नवीन युग के नवीन गुणो के प्रकाश मे बीते हुए युग के बन्धनो का श्रन्धकार नष्ट हो जाय। श्रर्थात् प्राचीन जर्जर मान्यताएँ नष्ट हो जांय श्रौर युगानुरूप नवीन मान्यताश्रो की स्थापना हो। जाति-गत विद्वेष की भावना शान्त हो तथा विभिन्न वर्गों मे होने वाला

हाय, अभागा, .... .... ... अहता शासित !

शब्दार्थ—भग-जग = जड़ ससार । मत्त = मस्त । गरिमा = गौरव । स्वर्णांकुश = सुनहली अकुश । अहता = अभिमान ।

भावार्थ—हाय, आज अभागा मानव जड़-संसार के बाहरी जाल मे बुरी तरह से उलझ गया है। वह बाह्य अर्थात् भौतिक जीवन को ही सब कुछ समझ रहा है जहाँ युगान्त का प्राचान युग की मान्यताओ की समाप्ति का भयकर अन्धकार छा रहा है। अर्थात् मानव प्राचीन मान्यताओ का तो विरोध कर रहा है। और अभी नवीन मान्यताओ का सृजन नहीं कर पाया है इसलिए उसके सामने भयानक अन्धकार सा छा रहा है। आज मनुष्य के भीतर का ससार अर्थात् उसकी आत्मा खोखली, सूनी, जीवित रहते हुए भी मृत के समान अर्थात् निर्जीव, और छाया के समान अस्पष्ट, धुंधली और अस्तित्व हीन हो रही है। मानव प्राचीन सडे-गले सस्कारो से परिचाल्लित हो रहा है। प्रत अर्थात् विगत का मोह उसे सदैव पीडित करता रहता है।

आज मनुष्य सकटो में घिरा हुआ है। आज उनके कदम सकटो रूपी खाई-खन्दको, खोहो (गुफाहो), सुनसान रास्तो और रेगिस्तान मे भटक रहे हैं। अर्थात् आज वह अपना लक्ष्य भूल इधर-उधर भटक रहा है। आध्यात्मिकता को त्याग भौतिकता के बीहड़ वन मे भटकता फिर रहा है। आज का हाथी के समान मदमस्त भौतिकवादी युग अपने ही वर्ग के भयकर बोझ से दब दलदल मे फंस गया है अर्थात् अत्यधिक भौतिकवादी दृष्टिकोण ने आज मानव को पथभ्रष्ट कर सकटो मे फंसा दिया है। आज जीवन की तृष्णा-भौतिक सुख-सुविधाओ की तृष्णा उसके घायल पैरो मे चक्की के पाटो सी लिपट बेडी बन गई हैं। आज वह भौतिक तृष्णा के कारण आध्यात्मिक चिन्तन से विरत हो आगे बढना भूल गया है। आज का मानव धृष्ट, निरकुश, स्वेच्छाचारी बन शील के सुनहले अकुश के प्रति असहिष्णु हो उठा है। शील के बन्धनो को स्वीकार नही करता। आज उसका अभिमान ही उसका मार्ग दर्शक बना हुआ है।

हमारे प्राणो का रथ, हमारे जोवन के मार्ग को विस्तृत कर तूफानी गति मे आगे वढ रहा है।

आज हमारी प्राचीन नैतिक और आध्यात्मिक मान्यताएं और चिन्तन अपनी प्राचीन सीमाओ को भग कर आगे वढ रहा है। उसके आलोक में नए आदर्शों की, सौन्दर्य के नवीन तत्वों का सृजन और स्थापना हो रही है। आज नया मानव अपना स्वामी वन ईश्वर के समान इस धरती पर अवतरित हो रहा है। नवीन चिन्तन की स्वर्ण रश्मियाँ थामे, मुस्कान उत्पन्न करने वाली ऊषाओ के रथ पर वह आगे वढा चला जा रहा है। उसके जीवन मे ऐसी चेतना भर उठी है मानो लहराती लताओ से ढके वादल पर विजली सी कौंध उठी हो। उसका चेतन-स्वर देवताओ की असख्य वीणाओ के स्वरो के समान ऐसा मनोरम हो उठा है मानो झरने कलकल-नाद करने वह रहे हो। या नए फूलो के गुच्छो पर उन्मत्त भ्रमर गु जार कर रहे हो।

(१) इस छन्द की अन्तिम पक्तियो मे प्राकृतिक उपमाओं द्वारा कवि मानव के उज्ज्वल, पावन, मधुर भविष्य की कल्पना कर रहा है।

मरते शत सीत्कार . . . . रूपान्तर कर।

शब्दार्थ—सीत्कार=ठडी गहरी सांसे, सी-सी करना। गत=वीते हुए। नव मधु=नवीन वसन्त। पावक=अग्नि। गोपनतम=सर्वाधिक गुप्त। गढ रहे=वना रहे। अति इन्द्रिय=अतीन्द्रिय, अलौकिक।

भावार्थ—आज वाह्य रूप मे सैकडों वीते हुए पतझड के सीत्कार कर रहे हैं। अर्थात् वाह्य रूप से आज पतझड के समान भयकर विनाश का दृश्य उपस्थित हो रहा है। परन्तु जिस प्रकार पतझड की शीतल आन्तरिक रूप मे छिपी अग्नि स्वर्ग के समान मनोरम नए वसन्त को जन्म देती है उसी प्रकार आज भयकर विनाश के भीतर भावी उज्ज्वल मानव जीवन की शक्ति छिपी हुई है। आज मनुष्य का मन, उसका चिन्तन आत्मा के गहनतम रहस्यो का उद्घाटन कर, अधिक पूर्ण हो, वाहरी रूप से खुल रहा है। अर्थात् आज के चिन्तन ने आत्मा के गहनतम रहस्यो को जान उन्हे वाह्य जगत में साकार रूप मे प्रकट कर दिया है।

बनने के मेरे सपने न जाने कहाँ और कैसे धूल में मिल गए। मैं मोटा सेठ न बन सका। मैं निराश होकर अपनी बाल-सुलभ कल्पना द्वारा कि उन पैसों के पेड़ उगेंगे, बहुत दिनों तक उनके उगने की प्रतीक्षा करता रहा। परन्तु मैं अबोध था। मैंने धरती में गलत बीज बोए थे, पैसे रूपी ऐसे बीज बोए थे जो कभी नहीं उगते। मैंने उन पैसों को बोकर अपने मन में यह ममता पाली थी कि मैं अमीर बन जाऊँगा और अमीर बनने की इस तृष्णा के कारण उन्हें सींचता रहा था।

**अर्धशती हहराती • •• मैं विस्मय से।**

**शब्दार्थ**—अर्धशती = पचास वर्ष, एक शताब्दी का आधा। ऊदी = उमड़ती।

**भावार्थ**—जब मैंने वे पैसे बोए थे तब से संसार के जीवन में तूफान सा मचाते पचास वर्ष बीत गई हैं। इस बीच मेरे जीवन में अनेक वसन्त और पतझड़ की ऋतुएँ आईं—सुख और दुख आए—तथा अनजाने ही बीत गईं। ग्रीष्म ऋतुएँ भयंकर रूप से तपीं, वर्षा ऋतुओं में आकाश में मेघ घहराए, शरद ऋतुएँ मुस्कराती आईं, हेमन्त ऋतुओं में हम शीत से थर-थर काँपे, पतझड़ों में वृक्षों के पत्ते झड़े और फिर वसन्त आने पर वन खिल उठे। अर्थात् विभिन्न ऋतुएँ वर्षों तक अपना प्रभाव दिखाती रहीं। और जब एक बार अपने हृदय में धरती को सराबोर कर देने की गहरी उमड़ती लालसा लिए गहरे कजरारे (काले) बादल धरती पर बरसे तो मैंने कौतूहल वश, एक दिन अपने आँगन के कोने वाली मिट्टी की गीली तह में यों ही अपनी उँगलियों से सहला कर सेम के बीज दबा दिए। मानो मैंने धरती के अंचल में मणि और माणिक्य बाँध दिए हों। अर्थात् सेम के वे बीज मणि-माणिक्यों के समान लाल, उज्ज्वल और मूल्यवान थे। फिर मैं इस छोटी सी घटना को भूल गया। यह घटना ऐसी महत्त्वपूर्ण भी नहीं थी कि उसे मैं याद रखता। किन्तु एक दिन सन्ध्या समय जब मैं अपने आँगन में टहल रहा था तो मैंने जो दृश्य देखा उसे देख मैं हर्ष और आश्चर्य से पागल सा हो उठा।

**देखा, आँगन के कोने • • बढ़ती जाती है।**

**शब्दार्थ**—नवागत = नए आने वाले। डिम्ब = अंडा। निर्निमेष = अपलक।

